

पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू - 12




पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर राज्यों को मिलेगी ज्यादा एलपीजी- 12



ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार - 13



पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधु - 14

आज का मौसम
25.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.17
सूर्यास्त 06.23

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 06:53 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 22, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



नई दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग को कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। ● एजेंसी

# दिल्ली और इंदौर में भीषण अग्निकांड, 17 लोगों की मौत

## पालम इलाके में आवासीय इमारत में लगी आग, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की जान गई | इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करते वक्त हुआ हादसा 8 मृतकों में एक ही परिवार के दो बच्चे, तीन महिलाएं

नई दिल्ली/इंदौर, एजेंसी

दिल्ली और इंदौर की आवासीय इमारतों में हुए भीषण अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग में एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में तीन मंजिला मकान में तड़के इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करते वक्त धमाके के बाद आग लग गई। यहां भी एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ की जान चली गई।

दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित इमारत के बेसमेंट, भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जिसके मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। कश्यप के परिवार में पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियां थीं। मृतकों में राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियां शामिल हैं। तीनों बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी मौत हो गई। राजेंद्र का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इस पर अनिल ने खुद भी छलांग लगा दी। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत से कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया।



इंदौर में घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मी।

इंदौर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के मकान में तड़के 4:00 आग लगी। पुलिस के मुताबिक मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। अचानक चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी भीषण आग ने मकान को चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में रखे रसोई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग और विकराल हो गई। घटना में मकान के अंदर मौजूद तन्मय (6), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) की मौत हो गई। दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मुश्किल हुई।

### दिल्ली: सौंदर्य उत्पादों से भड़की आग

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आग पहली मंजिल पर लगी और तेजी से फैल गई। दुकान में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। शोरूम में थिनर, नेल पॉलिश और रिमूवर जैसे कई ज्वलनशील पदार्थों का भंडार था।

### 30 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, एनडीआरएफ कर्मियों और वायुसेना पुलिस के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गईं। काले धुएं के घने गुबार और आग की लपटों के बीच भीड़ वाले बाजार में आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ा।

### मोदी ने इंदौर की घटना पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से देने की घोषणा की।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपये में 49 पैसे की बड़ी गिरावट, 93 के करीब



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और 92.41-92.89 के बीच कारोबार करता रहा। अंत में 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो 49 पैसे की बड़ी गिरावट है। मंगलवार को रुपया 92.47 का स्तर छूकर 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### विवादास्पद गीत पर दिया एनएचआरसी ने नोटिस

**नई दिल्ली।** विवादास्पद गीत 'सरके चुनर' में अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं। संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गीत को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है।

### खराब मौसम : दिल्ली में 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम की खराब स्थिति के कारण बुधवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में आंधी आई और भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आईजीआईए की 16 आगमन उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर परिवर्तित किया गया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है जो प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है।

# ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद पश्चिम एशिया में और बढ़ा घमासान

## ईरान ने इजराइल पर बरसाईं मिसाइलें, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दूसरे दिन भी हमला

● यूएई में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना भी बनाया मिसाइल का निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान के दो शीर्ष अधिकारी अली लारीजानी और जनरल गुलाम रजा सुलेमानी के मारे जाने के बाद बुधवार को पश्चिम एशिया में घमासान और तेज नजर आया। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला लेने के लिए बुधवार को दोनों की मौत की पुष्टि के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर मिसाइलों की बारिश की, इसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इसके अलावा, ईरान ने यूएई में ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस को भी निशाना बनाया।

रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक उसने मध्य इजराइल को 'मल्टीपल-वारहेड' मिसाइलों से निशाना बनाया, जिनमें रक्षा प्रणालियों से बचने और रडार को भ्रमित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा खुर्रमशहर-4 और कादर मिसाइल भी दागीं। इस बीच, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर बुधवार तड़के लगातार दूसरे दिन हमला हुआ। मंगलवार को बगदाद स्थित दूतावास परिसर के अंदर एक ड्रोन भी गिरा था। ईरान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर भी हमला किया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने कहा, 18 मार्च की सुबह बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है।



ईरान से दागी गई मिसाइलें बुधवार को मध्य इजराइल के आसमान में तेजी से गुजरीं।

**मोसाद के लिए जासूसी के आरोप में फांसी:** ईरान में बुधवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। आरोप हैं कि उसने संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें और जानकारी' मोसाद को उपलब्ध कराई थीं।

### ईरान के परमाणु संयंत्र और गैस संयंत्रों पर हमले, नुकसान नहीं

इस बीच, ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला हुआ, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा ईरान के विशाल अपतटीय साउथ पार्स क्षेत्र में प्राकृतिक गैस संयंत्रों पर भी बुधवार को हमला हुआ। ईरान और कतर फारस की खाड़ी में स्थित अपतटीय तेल क्षेत्र साझा करते हैं।

### मिसाइल हमलों के बाद दुबई में अलर्ट

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मिसाइल हमलों के कारण बुधवार को अलर्ट जारी कर दुबई के लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियां मिसाइलों को रोक रही हैं। दुबई के विभिन्न हिस्सों में तेज आवाजें सुनाई देने के बाद अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमेरिका ने होर्मुज के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों को गिराया है। इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटीशिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं।

# थारू संस्कृति उत्तराखंड की शान इसे सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

● खटीमा के थारू होली महामहोत्सव को मुख्यमंत्री धामी ने किया संबोधित

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में आयोजित थारू होली महामहोत्सव को मुख्यमंत्री आवास देहरादून से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि थारू समाज की सांस्कृतिक परंपराएं अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि थारू समाज के रीति-रिवाज, लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और प्रकृति के प्रति उनका गहरा जुड़ाव राज्य की अमूल्य धरोहर हैं। खटीमा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए थारू संस्कृति गर्व का विषय है। विशेष रूप से थारू समाज की होली, जो कई दिनों तक उल्लास और उत्साह के साथ मनाई जाती है, अपनी विशिष्टता के लिए जानी जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। उनका मन सदैव खटीमा की जनता के साथ जुड़ा हुआ है, भले ही वे इस बार कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अटल आवास योजना में आय सीमा को व्यावहारिक बनाते हुए निर्माण लागत में वृद्धि की गई है, जिससे अधिकाधिक परिवारों को लाभ मिल रहा है। ऊधम सिंह नगर में इस योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये की सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर जनजातीय समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनजातीय समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित करना जनजातीय समाज के सम्मान का प्रतीक है।



# चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

● 13 आईएएस और पांच आईपीएस की तैनाती, संभालेंगे चुनाव की कमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का नया दौर शुरू करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ पांच आईपीएस अधिकारियों को भी उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया है।

आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार तबादला निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह फेरबदल निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद किए गए कई बदलावों के बाद हुआ है।

# इस नवरात्र मां गिरिजा मंदिर में नहीं कर पाएंगे पूजा

**रामनगर।** कोसी नदी के बीच टीले पर स्थित प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर में इस चैत्र नवरात्र में श्रद्धालु पूजा नहीं कर पाएंगे। मंदिर की सुरक्षा के लिए सिंचाई विभाग मंदिर के चारों ओर सुरक्षा दीवार खड़ी कर रहा है। निर्माण कार्य के चलते श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। ऐसे में मंदिर में माता के दर्शन के लिए पूजा अर्चना की व्यवस्था नदी से पहले चौड़ में श्री सत्यनारायण मंदिर में की गई है, जहां मां गिरिजा देवी की चरण पादुकाएं रखी गई हैं। मंदिर के पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि मंदिर के टीले की सुरक्षा का कार्य 30 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। उसके बाद श्रद्धालु टीले पर जाकर पूजा अर्चना कर सकेंगे।

(संबंधित पेज-4)

# उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त शुल्क न वसूल करें विमानन कंपनियां

● ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतों के बीच सरकार ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानन कंपनियों को घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने का निर्देश दिया है। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों की ओर से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि उड़ान में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच तय हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क बुक की जा सकती हैं, बाकी सीटों के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।

### एक ही पीएनआर पर अब साथ-साथ देनी होगी सीट

नए निर्देशों के तहत एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट दी जाएं। आमतौर पर एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थीं।

# नई व्यवस्था : राज्य में व्यावसायिक एलपीजी का जिलावार आवंटन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

● कॉमर्शियल सेक्टर को राहत, पहली खेप में 879 सिलेंडर आवंटित

**अमृत विचार:** प्रदेश में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों के वितरण को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से जारी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) के लागू होने के बाद तेल कंपनियों ने नई व्यवस्था के तहत जनपदवार आवंटन शुरू कर दिया है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन अब शासन की एसओपी के अनुसार गैस एजेंसियों को सिलेंडर उपलब्ध करा रही हैं। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक गैस एजेंसी को उसके पास उपलब्ध व्यावसायिक गैस कनेक्शनों की संख्या के अनुरूप सिलेंडरों का आवंटन किया जाएगा। इससे वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा आवश्यकतानुसार आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

राज्य में वर्तमान में 63,054 व्यावसायिक गैस कनेक्शन हैं, जिनकी आपूर्ति 311 गैस एजेंसियों के माध्यम से की जाती है। एसओपी लागू होने के बाद व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता में सुधार आने की उम्मीद है।

अपर आयुक्त खाद्य पी.एस. पांगती ने बताया कि राज्य में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। दो दिन पूर्व ही व्यावसायिक एलपीजी वितरण के लिए एसओपी जारी की गई है, जिसके तहत होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे, अस्पताल और फार्मास्यूटिकल इकाइयों को उनकी दैनिक आवश्यकता के अनुसार गैस एजेंसियों द्वारा सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात तक ही 19 किलोग्राम के 794 तथा 47.5 किलोग्राम के 85 बड़े व्यावसायिक सिलेंडर जनपदवार एजेंसियों को भेजे जा चुके हैं, जिससे व्यावसायिक क्षेत्र को राहत मिलने की संभावना है।

## कैबिनेट के फैसले

सरकार ने दी 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी

# देश भर में विकसित होंगे 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा गया है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग एंड प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत उत्पादन शुरू कर सकती हैं।



### बाराबंकी से बहराइच तक राजमार्ग होगा 6969.04 करोड़ से फोरलेन

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच एनएच-927 का 101.5 किमी का हिस्सा चार लेन का बनाया जाएगा। इस पर 6969.04 करोड़ लागत आएगी। चार लेन होने से इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़ की समस्या हल होगी। साथ ही नेपालगंज सीमा के जरिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी।

### कैबिनेट ने 2584 करोड़ लागत की लघु जल विद्युत विकास योजना की मंजूर

देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584.60 करोड़ रुपये की लागत से ''लघु जल विद्युत विकास योजना'' शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। वैष्णव ने बताया कि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर कपास खरीद के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये

भारतीय कपास निगम को 2023-24 के कपास सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था के तहत दिए गए मूल्य समर्थन को लेकर 1,718.56 करोड़ रुपये दिए जाने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के दौरान कपास के बाजार भाव एमएसपी से नीचे गिरने के कारण सरकारी एजेंसी को 32.84 लाख गांठ के लिए एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ी।

## स्टेट ब्रीफ

### किच्छा पालिका चुनाव में 8 अप्रैल को सुनवाई

**नैनीताल :** उत्तराखंड हाईकोर्ट में किच्छा के सिरोली कलां में नगर पालिका का चुनाव नहीं कराए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार से 8 अप्रैल तक अपना पक्ष रखने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 8 अप्रैल की तिथि नियत की है। कोर्ट ने राज्य सरकार सहित राज्य चुनाव आयोग से पूछा है कि जब आरक्षण तय हो चुका है तो चुनाव कब तक कराए जाएंगे, इस पर स्थिति से अवगत कराएं।

### 15 हजारी सहित तीन चोर दबोचे

**देहरादून :** दून पुलिस ने नकबजनी की घटना का खुलासा करते हुए 15 हजार के एक इनामी सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि, वादी ऋषभ देव तिवारी ने कोतवाली कैंट पर चोरी का अभियोग दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद संजय साहनी, सैंटी साहनी और लक्ष्मण साहनी को हिरासत में लेकर उनके पास से भारी मात्रा में ज्वैलरी तथा अन्य सामान बरामद किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह बंद घरों की रैकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। इनमे सैंटी कैंट क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के बाद फरार चल रहा था, उस पर एसएसपी ने 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

# प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास कराना हमारा उद्देश्य: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी दिवारीखौल जोखणी मोटर मार्ग की वित्तीय स्वीकृति

- क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने अभिनंदन कर जताया आभार

मुख्य संवाददाता, देहरादून


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभिनंदन कर आभार जताते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में चिन्यालीसौड़ के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भेंट कर बणगांव चोपड़ा कसलाना मोटर मार्ग एवं दिवारीखौल जोखणी मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास हमारा उद्देश्य है। प्रदेश के हर क्षेत्र के गांवों तक सड़क सुविधाओं के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाने की भी अपेक्षा की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष चैन सिंह महर, विजय बड़ौनी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शैलेन्द्र कोहली, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन उत्तरकाशी जगबीर रावत, कृषक कृषि उद्यमी उत्तरकाशी के जिलाध्यक्ष बलबीर रावत, पूर्व संगठन मंत्री एबीवीपी प्रह्लाद राणा, पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारी संगठन अध्यक्ष महाबीर सिंह चौहान, कुलबीर सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नितेश रावत, विपिन बिष्ट, कुलदीप रावत, मंजीत राणा आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत भी बड़ी संख्या में जनजातीय परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं तथा इस वर्ष प्राप्त आवेदनों में लगभग 28 प्रतिशत आवेदन जनजातीय परिवारों के हैं। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत जनपद में कई आवासों का निर्माण किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों एवं आईटीआई संस्थानों के विकास के लिए धनराशि प्रदान की जा रही है तथा इन विद्यालयों को कक्षा 12 तक अपग्रेड किया जा रहा है।


ऋषिकेश में श्री श्री रविशंकर से भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# शांति व योग में आर्ट ऑफ लिविंग की अहम भूमिका

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- सीएम धामी ने की ऋषिकेश में श्री श्री रविशंकर से शिष्टाचार भेंट

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश में श्री श्री रविशंकर से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान दोनों के बीच सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था विश्व भर में शांति, योग और मानवीय मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उनके मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है, जो उत्तराखंड जैसे आध्यात्मिक प्रदेश के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री धामी को आशीर्वाद देते हुए राज्य की उन्नति और समृद्धि की कामना की।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य इसे वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं और इसे और सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री ने संत-महात्माओं के मार्गदर्शन को राज्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण बताया।

## पीएस बिष्ट बने मुख्य स्थायी अधिवक्ता

**नैनीताल:** उत्तराखंड सरकार ने हाईकोर्ट में राज्य सरकार का पक्ष मजबूती से रखने के लिए विधि अधिकारियों की नई सूची जारी की है। सूची के अनुसार मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत के स्थान पर वर्तमान अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता पूरन सिंह बिष्ट को मुख्य स्थायी अधिवक्ता बनाया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गणेश कांडपाल को अब अपर महाधिवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में राजीव सिंह बिष्ट को उप महाधिवक्ता (क्रिमिनल) बनाया गया है। इसके अलावा, राकेश कुमार जोशी, प्रभात काण्डपाल और हिमांशु सेन को पदोन्नत कर सहायक शासकीय अधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

वहीं, इसके अलावा दस अधिवक्ताओं को विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आबद्ध किया है। इनमें योगेश पांडे को उप महाधिवक्ता (सिविल) और घनश्याम जोशी को अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी मिली है। इनके साथ ही रंजन घिल्डियाल और भानू प्रताप मेर को स्थायी अधिवक्ता नियुक्त किया गया है जबकि मनीष बिष्ट, मनोज चन्द्र भट्ट समेत छह अन्य को ब्रीफ होल्डर के रूप में पैनल में शामिल किया गया है।



मॉक ड्रिल के दौरान एसडीआरएफ कर्मी एक कथित घायल को ले जाते।

# मॉक ड्रिल में देखने को मिला अच्छा समन्वय

वरिष्ठ संवाददाता, देहरादून

- राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का दूसरा चरण सम्पन्न हुआ

**अमृत विचार:** दो दिवसीय राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का दूसरा चरण बुधवार को सम्पन्न हो गया। दूसरे दिन राज्य के शेष आठ जनपदों- हरिद्वार, देहरादून, ऊधमसिंह नगर, चमोली, चम्पावत, टिहरी, पिथौरागढ़ तथा अल्मोड़ा में बहु-स्थलीय मॉक अभ्यास आयोजित कर आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों को परखा गया।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मॉक ड्रिल के सभी चरणों की निरंतर निगरानी की गई। इस दौरान विभिन्न संभावित आपदा परिदृश्यों, जैसे बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प, औद्योगिक दुर्घटना, वनाग्नि, सड़क दुर्घटना, मानव-वन्यजीव संघर्ष एवं भगदड़ पर आधारित अभ्यास कर विभागों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया एवं संसाधनों के उपयोग का परीक्षण किया गया। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि राज्य में आयोजित दोनों दिनों के मॉक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। इन अभ्यासों के माध्यम से विभिन्न जनपदों में आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों का व्यापक परीक्षण किया गया, जिसमें सभी विभागों एवं एजेंसियों के बीच अच्छा समन्वय देखने को मिला। त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों की उपलब्धता तथा जमीनी स्तर पर कार्य करने की क्षमता संतोषजनक रही है। मॉक अभ्यासों के दौरान जो भी कमियां एवं चुनौतियां सामने आई हैं, उन्हें गंभीरता से लेते हुए उनका विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा। इन कमियों को शीघ्र दूर करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में किसी भी वास्तविक आपदा की स्थिति में और अधिक प्रभावी, त्वरित एवं समन्वित तरीके से कार्य किया जा सके।

जनपद हरिद्वार में हरकी पैड़ी, शिवपुल, मनसा देवी मार्ग, लक्सर एवं रुड़की क्षेत्रों में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। गंगा के जलस्तर में अचानक वृद्धि से बाढ़ एवं भगदड़ की स्थिति, श्रद्धालुओं के नदी में बहने, तटबंध टूटने तथा नहर में लोगों के बहने जैसे परिदृश्यों पर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। टीमों द्वारा त्वरित रेस्क्यू, भीड़ नियंत्रण, घायलों को प्राथमिक उपचार एवं सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्यवाही का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। जनपद देहरादून में बहु-जोखिम परिदृश्यों पर समन्वित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन तो ऊधमसिंह नगर में औद्योगिक एवं बाढ़ परिदृश्यों पर विशेष फोकस रहा।

## दून-मसूरी मार्ग पर बनेगा वैली ब्रिज

**देहरादून:** पर्यटन सीजन से पहले देहरादून-मसूरी मार्ग पर एक अतिरिक्त वैली ब्रिज का निर्माण होगा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए वैली ब्रिज के संबंध में वन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से पर्यटन सीजन प्रारंभ होने जा रहा है, ऐसे में देहरादून-मसूरी मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ेगा इसलिए समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निर्देशित किया कि दोनों विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए शीघ्र ही एक अतिरिक्त अस्थायी वैली ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ करें, ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में पर्यटन सीजन में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई।

# नेपाल के लोगों पर कब्जे के आरोप, हाईकोर्ट में सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल



- हाईकोर्ट ने नैनीताल में अवैध कब्जों की याचिका पर जवाब मांगा

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने नेपाली मूल के निवासियों द्वारा नैनीताल के आसपास सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के आरोपों संबंधी याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से इस प्रकरण में स्थिति से अवगत कराने और चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

मामले के अनुसार, नैनीताल निवासी पवन जाटव ने जनहित याचिका में अवगत कराया कि, नैनीताल में ग्रामसभा खुर्पाताल के तोक खाड़ी स्थित बजून चौराहे के पास नेपाल से आए करीब 25 परिवार के लोगों ने सरकारी व नजूल भूमि पर कब्जा करके आवासीय निर्माण कर लिया है। इन लोगों ने न तो नागरिकता हासिल करने के लिए प्रार्थना पत्र लगाया और न ही किसी तरीके से भारत देश की नागरिकता हासिल की और अवैध तरीके से यहां के अवैध दस्तावेज बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है। याचिका के अनुसार, इन लोगों ने वोटर लिस्ट, पैन व आधार कार्ड बनवाकर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराकर पानी-बिजली के कनेक्शन भी हासिल कर लिए। इस सम्बंध में कई बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन एवं शासन स्तर पर की गई लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा शिकायत का कोई निराकरण नहीं से क्षुब्ध होकर उनको न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। जनहित याचिका में याचीकर्ता ने इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने और जिन अधिकारीयों ने उन्हें ये प्रमाण पत्र जारी किए हैं उनके खिलाफ भी विभागीय एवं दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश देने की मांग न्यायालय से की है।

## हाईकोर्ट से मिली ऊधमसिंह नगर के किसानों को बड़ी राहत

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने जिला ऊधमसिंह नगर में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को लेकर जारी प्रशासनिक आदेश को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई करते हुए किसानों को बडी राहत दी है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में सुनवाई के दौरान किसानों द्वारा दायर याचिका में जिला प्रशासन के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 4 फरवरी 2026 को जिला मजिस्ट्रेट, ऊधमसिंह नगर ने सभी उप-जिलाधिकारियों को अनाधिकृत ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरियों को नष्ट करने और केवल जलभराव वाले क्षेत्रों में ही धान की खेती की अनुमति देने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट को अवगत कराया गया कि किसान गदरपुर तहसील क्षेत्र के निवासी हैं और उनकी भूमि विभिन्न स्थानों पर स्थित है जिनमें कई क्षेत्र जलभराव की श्रेणी में नहीं आते। ऐसे में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश किसानों के अधिकारों का उल्लंघन करता है। साथ ही, यह भी सवाल उठाया गया कि आखिर किस कानूनी प्रावधान के तहत ऐसा आदेश जारी किया गया। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। कोर्ट ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक किसानों को ग्रीष्मकालीन धान की नर्सरी तैयार करने और खेती करने की अनुमति दी जाती है। इस फैसले से उन किसानों को बड़ी राहत मिली है, जो प्रशासनिक आदेश के चलते अपनी फसल को लेकर असमंजस की स्थिति में थे। इस मामले की अगली सुनवाई आगामी 2 अप्रैल को नियत की गई है।

## अब्दुल मलिक को नहीं मिली राहत

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा मामले में साजिशकर्ता मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने आरोपी को कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार, अब्दुल मलिक पर राजकीय भूमि को खुर्द बुर्द करने के साथ ही इस मामले में सरकारी काम में व्यवधान डालने के भी आरोप हैं। मलिक सहित अन्य के खिलाफ बनभूलपुरा दंगे के समय चार मुकदमे दर्ज हुए थे।

# कॉल ड्रॉप की समस्या को सुधारें

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- दुर्गम क्षेत्रों में फाइबर केबल, वाईफाई से दें कनेक्टिविटी
- मुख्य सचिव बर्द्धन ने राज्य ब्रॉडबैंड समिति की बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी टेलीकॉम कम्पनियों को शहरी क्षेत्रों में कॉल ड्राप की समस्या को सुधारे जाने के विशेष निर्देश दिए है।

बुधवार को सचिवालय में राज्य ब्रॉडबैंड समिति की बैठक के दौरान सीएस ने इंटरनेट कनेक्टिविटी से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए दिशा निर्देश दिए। कहा कि, ऐसे क्षेत्रों, जहां रोड एक्सेस नहीं है, 4जी उपकरण आदि पहुंचाने के लिए रोड कनेक्टिविटी के बजाय फाइबर केबिल बिछाकर और वाईफाई आदि के माध्यम से शीघ्र से शीघ्र कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएं। उन्होंने इसके लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार कर उपयोग किए जाने जाने की बात कही।

मुख्य सचिव ने सभी टेलीकॉम कम्पनियों को शहरी क्षेत्रों में भी कॉल ड्रॉप की समस्या को सुधारे जाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश भर में ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारे जाएं, जहां लगातार कॉल ड्रॉप होती है। उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन के दौरान प्रदेश के सभी यात्रा मार्गों में स्थायी टावर लगाए जाने तक अस्थायी मोबाइल टावर लगाकर कनेक्टिविटी सुविधा सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा सीएस ने सभी पंचायत भवनों को भारतनेट कनेक्टिविटी सुविधा शीघ्रतम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि, राज्य सरकार के आरओडब्ल्यू पोर्टल को आईटीडीए हैंडल करेगा।

उन्होंने अन्य पेयजल, बिजली, गैस एवं संचार से सम्बन्धित ऐसे विभागों, जो सड़कों आदि की खोदाई कर अंडरग्राउंड लाइनें बिछाने का कार्य करते हैं, को आरओडब्ल्यू पोर्टल पर अपने सिस्टम को शीघ्र इंटीग्रेट करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव नितेश झा, सी. रविशंकर, केन्द्रीय दूरसंचार विभाग के अधिकारी, बीएसएनएल सहित अन्य निजी मोबाइल नेटवर्क सेवा प्रदाता एवं टावर्स एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाईडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बदरीनाथ मास्टर प्लान का पहला चरण पूरा

**गोपेश्वर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना के रूप में बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा कर दूसरे चरण का कार्य शुरू हो चुका है। बदरीनाथपुरी में 440 करोड़ की लागत से पांच साल से बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्माण कार्य जारी है जिसका पहला चरण पूरा हो गया है। पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल ने बताया कि धाम में यातायात, तीर्थयात्रियों की पैदल आवाजाही, पथ प्रकाश, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सुव्यवस्थित करने सहित सभी कार्य का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तेजी से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिससे बदरीनाथ धाम का दिव्य और भव्य स्वरूप आकार लेने लगा है।


हरिद्वार कुंभ की उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

# हरिद्वार कुंभ 2027 की तैयारियों ने तेजी पकड़ी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हरिद्वार कुंभ-2027 के सम्बन्ध में उच्चस्तरीय समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति दे दी गई।

मुख्य सचिव ने विभिन्न ऐसे कार्यों, जिनके अभी तक जीओ जारी नहीं हुए हैं, तत्काल जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्थायी प्रकृति के छोटे कार्यों की संस्तुति के लिए पावर डेलीगेशन किए जाने की बात कही। कहा कि एक करोड़ रुपए से कम के अस्थायी कार्यों को आयुक्त गढ़वाल की अध्यक्षता वाली समिति अनुशंसा करेगी। सीएस ने निर्देश दिए कि कुंभ से सम्बन्धित चंडीदेवी एवं मनसा देवी का काम शीघ्र शुरू किया जाए। कार्यों को आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता तय करते हुए संस्तुति प्रदान की जाए।

मुख्य सचिव ने कुंभ कार्यो के लिए ऑडिट टीम भी शीघ्र तैनात किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सूचना, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को अगली एचपीसी में अपनी-अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मेलाधिकारी को कुंभ के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाने की बात कही। सीएस ने मेलाधिकारी को गतिमान निर्माण कार्यों को अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए।

### 191.30 करोड़ के 33 कार्य

मेलाधिकारी सोनिका ने बताया कि विभिन्न विभागों के 191.30 करोड़ लागत के कुल 33 कार्य हैं, जिनमें से 31 कार्यों में कार्य प्रारम्भ हो चुका है और शेष 2 कार्यों की निविदा प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने सभी कार्यों को अक्टूबर 2026 तक पूरा करने का आश्वासन दिया। सीएस ने सभी कार्यों के अलावा मेलाधिकारी के साथ विभागीय सचिवों को भी अपने स्तर से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक सचिव समिति बैठक में कुंभ कार्यों से सम्बन्धित प्रगति की रिपोर्ट भी प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए।

**अमृत विचार की खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें**






अच्छी खबर — गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड ने विदेशी खिलाड़ियों को किया आकर्षित

# विदेशी खिलाड़ियों को भाया हल्द्वानी का क्रिकेट मैदान

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम जो गौला नदी के किनारे और पहाड़ों के बीच बना है, अब वैश्विक क्रिकेट का नया आकर्षण बन गया है। यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट चल रही है, जिसमें 11 देशों के दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

खिलाड़ियों ने स्टेडियम की आधुनिक सुविधाओं, शानदार पिच और प्राकृतिक सुंदरता की खूब तारीफ की। उनका मानना है कि हल्द्वानी जैसे शहर में इस स्तर का मैदान होना भारतीय क्रिकेट के मजबूत बुनियादी ढांचे का सबूत है। स्टेडियम भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है और यह स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा का भी स्रोत बनेगा। हल्द्वानी अब केवल कुमाऊं का प्रवेश द्वार ही नहीं, बल्कि क्रिकेट के दिग्गजों का नया ठिकाना भी बन चुका है। विदेशी खिलाड़ियों ने कहा कि गौलापार स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए जरूरी सभी अर्हताएं मौजूद हैं। पिच की उछाल और मैदान की हरियाली को देखते हुए इसे बॉल ग्राउंड के रूप में एकदम सटीक बताया गया है। स्थानीय खेल प्रेमियों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि अब हल्द्वानी का नाम विश्व क्रिकेट के मानचित्र पर मजबूती से उभर रहा है।

## विदेशी खिलाड़ियों से बातचीत


“यहां की आउटफील्ड बहुत तेज है और विकेट बल्लेबाजी के लिए शानदार है। मुझे उम्मीद थी कि हल्द्वानी में इतना खूबसूरत और अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला ग्राउंड होगा। –**मोहम्मद शहजाद**, पूर्व खिलाड़ी अफगानिस्तान


“एक पेशेवर खिलाड़ी के लिए सबसे जरूरी होता है अच्छा बॉल ग्राउंड और पिच। यहां दोनों ही बेहतरीन हैं। स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम और लाइटिंग भी टॉप क्लास है। –**असगर अफगान**, पूर्व खिलाड़ी अफगानिस्तान


“यहां का वातावरण बहुत ही शांत और क्रिकेट के लिए अनुकूल है। पिच पर उछाल और टर्न काफी संतुलित है, जो एक अच्छे मुकाबले के लिए जरूरी है। इस स्टेडियम में भविष्य के बड़े टूर्नामेंट आयोजित करने की अपार संभावनाएं हैं। –**हासिम अमला**, पूर्व खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका


“मैंने दुनिया भर के कई मैदानों पर क्रिकेट खेला है, लेकिन पहाड़ों के पास बसे इस स्टेडियम की खूबसूरती अलग ही है। सुविधाएं उच्च स्तरीय हैं और जिस तरह से इस ग्राउंड का रख-रखाव किया गया है, वह काबिले तारीफ है। –**तिलकरत्ने दिलशान**, पूर्व खिलाड़ी श्रीलंका

## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और 27 मार्च को खत्म होंगे। इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी (डोली) पर होगा, जो संघर्ष और सामाजिक अस्थिरता का संकेत माना जाता है। वहीं माता का प्रस्थान हाथी पर होगा, जो अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली का सूचक है। नवरात्र पूरे नौ दिनों के होंगे। इस बार चैत्र नवरात्र एक खास संयोग लेकर आ रहा है। लगभग 72 साल बाद ऐसा योग बन रहा है जब अमावस्या और नवरात्र की शुरुआत एक साथ होगी। 19 मार्च को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। अगर किसी कारणवश इस समय पूजा न कर सकें तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है। यह मुहूर्त 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

**बीज मंत्र........माँ शैलपुत्री ह्रीं शिवाय नमः**

### नवरात्रि पर काठगोदाम स्थित इस मंदिर में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़, मां के भक्तों में इस मंदिर की है विशेष आस्था

# मां दुर्गा का स्वरूप शीतला माता...पूरी करती हैं भक्तों की हर मुराद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्रि के दौरान हल्द्वानी के रानीबाग स्थित शीतला देवी मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बन जाता है। हर वर्ष नवरात्र में हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से माता से मुराद मांगता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शीतला माता को मां दुर्गा का अवतार माना जाता है और यह मंदिर क्षेत्र का प्रमुख शक्तिपीठ है।

खास बात यह है कि माता शीतला को चर्म रोगों से मुक्ति दिलाने वाली देवी के रूप में भी पूजा जाता है। इसी आस्था के चलते स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शीतला माता का उल्लेख स्कंद पुराण में मिलता है, जहां शीतलाष्टक स्त्रोत में उनकी महिमा का वर्णन किया गया है। मान्यता है कि भगवान शिव के वैद्यनाथ रूप में विभिन्न रोगों के निदान का उल्लेख मिलता है, जिनमें त्वचा रोग, ज्वर और अन्य बीमारियां शामिल हैं। इन्हीं मान्यताओं के आधार पर शीतला माता को रोगों से मुक्ति दिलाने वाली देवी माना जाता है। मंदिर के पुजारी गिरीश चंद्र के अनुसार माता के प्रति लोगों का अटूट विश्वास है। जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से प्रार्थना करता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान यहां लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं और विशेष रूप से चर्म रोगों से मुक्ति की कामना करते हैं।

**ऐसे पहुंचे शीतला माता के मंदिर :** शीतला माता मंदिर हल्द्वानी से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित है। श्रद्धालु यहां पैदल या वाहन से आसानी से पहुंच सकते हैं। नजदीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम है, जो हल्द्वानी से करीब 5 किलोमीटर दूर है। वहां से मंदिर तक वाहन सुविधा उपलब्ध रहती है। मुख्य सड़क से लगभग 3 किलोमीटर की चढ़ाई तय करने के बाद श्रद्धालु माता के दर्शन कर सकते हैं।



काठगोदाम स्थित शीतला माता मंदिर।

### आज से शुरू होगा हिंदू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ

**हल्द्वानी :** हिंदू पंचांग के अनुसार नव संवत्सर 2083 का शुभारंभ आज गुरुवार से हो रहा है। साथ ही आज ही चैत्र नवरात्रि की भी शुरुआत होगी। ज्योतिषाचार्या डॉ. मंजू जोशी के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। इस साल तिथि की खास स्थिति के कारण लोगों में भ्रम है, क्योंकि आज अमावस्या भी है। शास्त्रों के अनुसार यदि प्रतिपदा तिथि सूर्योदय पर बहुत कम समय के लिए हो या बिल्कुल न हो, तो अमावस्या युक्त प्रतिपदा को ही मान्यता दी जाती है। इसी आधार आज सुबह 6 :53 बजे अमावस्या समाप्त होने के बाद नवरात्रि का आरंभ और कलश स्थापना शास्त्रसम्मत है। नव संवत्सर आज, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और शुक्ल योग में शुरू होगा। इस दौरान कई शुभ योग बन रहे हैं, जो लोगों के लिए लाभकारी माने जा रहे हैं। संवत्सर 2083 का नाम रौद्र है। इसके प्रभाव से विश्व में राजनीतिक तनाव, सामाजिक हलचल और आर्थिक स्थिति मध्यम रहने की संभावना है। वर्षा भी सामान्य रहने का अनुमान है। इस साल देवगुरु बृहस्पति राजा और मंगल मंत्री के पद पर रहेंगे। गुरु के राजा होने से सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और धार्मिक कार्यों में वृद्धि होगी। वहीं मंगल मंत्री के होने से साहस और शक्ति में वृद्धि के साथ कुछ स्थानों पर संघर्ष और रोगों की संभावना भी बताई गई है।

### देवी भगवती का पालकी आगमन और हाथी पर प्रस्थान

**हल्द्वानी :** इस वर्ष कई प्रमुख ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। बृहस्पति दो बार राशि बदलेंगे, जबकि राहु-केतु भी स्थान बदलेंगे। शनि की साढ़ेसाती और ढैया का प्रभाव कुछ राशियों पर रहेगा। इस संवत्सर में कुल चार ग्रहण होंगे, दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण। हालांकि ये भारत में दिखाई नहीं देंगे, इसलिए इनका धार्मिक प्रभाव नहीं माना जाएगा। नववर्ष के साथ शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दौरान देवी भगवती पालकी पर आएंगी और हाथी पर प्रस्थान करेंगी, जिसे शुभ संकेत माना जाता है। धर्माचार्यों के अनुसार नव संवत्सर 2083 मिश्रित फल देने वाला रहेगा, जिसमें कुछ सकारात्मक परिणामों के साथ चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं।

# आपसी समन्वय से नैनीताल को आदर्श जिला बनाएं: सीएस

### प्रशासनिक अकादमी में समीक्षा बैठक, सीएस बर्द्धन ने दिए अफसरों को दिशा-निर्देश, कहा- विकास कार्य रुकने नहीं चाहिए

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नैनीताल जनपद को एक आदर्श, योजनाबद्ध और तेज गति से विकसित होने वाले जनपद के रूप में स्थापित करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

डॉ. आरएस टोलिया प्रशासनिक अकादमी में नैनीताल जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की गहन समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव (सीएस) आनंद बर्द्धन ने रोडमैप दिखाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियागत बाधा आ रही है, तो उसका त्वरित समाधान करें। समस्या शासन स्तर की है तो तत्काल शासन के संज्ञान में लाएं। विकास कार्य रुकने नहीं चाहिए।

निर्देश दिए कि सभी विभाग मासिक लक्ष्य निर्धारित करें। लंबित टेंडर, स्वीकृतियों और तकनीकी अनुमोदनों को शीघ्र पूरा करें। डीएम व सीडीओ परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करें। योजनाओं की प्रगति बढ़ेगी तो राज्य के विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनसुविधाओं में भी सुधार होगा। सीएस ने अधिकारियों को सुव्यवस्थित दीर्घकालिक योजना बनाने के साथ ही कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश देते कहा कि वर्क प्लान के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करें।

सीएम घोषणा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए समय से पूर्ण करने और सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उनका समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए।



नैनीताल जिले की प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा करते राज्य के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन। ● अमृत विचार

#### जमरानी बांध-3678.23 करोड़

सीएस ने सिंचाई विभाग को निर्धारित समय जून 2029 तक यह परियोजना पूरी करने के निर्देश दिए। टनल निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान सीएस ने कहा कि इस परियोजना के अधिकारियों का विजिट शीघ्र ही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन टनल एवं अन्य निर्माण कार्य स्थलों का कराएं ताकि वहां के कार्यों से अनुभव लेकर यहां के कार्यों में प्रगति आए।

#### बलियानाला-298 करोड़

भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र के ट्रीटमेंट कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए सीएस ने परियोजना निर्धारित समय 2028 तक पूरा करने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए।

#### काठगोदाम बस टर्मिनल- 67 करोड़

काठगोदाम में बस टर्मिनल के साथ ही 28 करोड़ की लागत से रामनगर में रोडवेज बस टर्मिनल व बस डिपो निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूरा करे।

#### इन कार्यों में तेजी लाएं

- कुमाऊं विवि में 45 करोड़ की लागत से बीएड विधि संकाय भवन निर्माण
- गेठिया में 44 करोड़ की लागत से 100 शैया मानसिक चिकित्सालय
- मेडिकल कॉलेज में 39 करोड़ से स्टेट कैंसर संस्थान निर्माण

#### मानसखंड मंदिर माला मिशन-41 करोड़

कैंची धाम सौन्दर्यीकरण एवं प्रकाशीकरण का कार्य जून 2026 तक पूरा होना है। कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी।

#### नमो भवन- 397 करोड़-रिपोर्ट तलब

हल्द्वानी में बनने वाले नमो भवन, बहुउद्देशीय भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति समीक्षा करते हुए सीएस ने इस परियोजना में देरी के कारणों, इस संबंध में बनाई गई डीपीआर आदि के संबंध में कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक बैठक लेते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश कुमाऊं आयुक्त को दिए। सीएस ने 96 करोड़ रुपये की लागत से नैनीताल शहर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के संबंध में की जा रही कार्यवाही की भी जानकारी ली।

#### इंद्रानगर नाला-24 करोड़-कैचमेंट सीवरेज एवं प्रदूषण रोकथाम कार्ययोजना

कालाआगर पम्पिंग पेयजल योजना-23 करोड़- ओखलकांडा की इस पम्पिंग योजना से सुचारू तौर पर लोगों को पेयजल उपलब्ध होगा। कुमाऊं आयुक्त ने इन कार्यों में हो रही देरी एवं अन्य समस्याओं से सीएस को अवगत कराया।

#### आयुक्त, डीएम, एसएसपी ने दी जानकारी

आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने विभिन्न संचालित योजनाओं व विकास कार्यों की वर्तमान प्रगति की जानकारी देने के साथ ही विकास से संबंधित विभिन्न बिन्दु सीएस के समक्ष रखे। डीएम ललित मोहन रयाल ने सीएस का स्वागत करते हुए जिले में बेस्ट प्रैक्टिसेज के अंतर्गत किए जा रहे अभिनव प्रयासों व कार्यों से अवगत कराया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने यात्रा सीजन ट्रैफिक प्लान, शटल सेवा आदि की जानकारी दी। उन्होंने यात्रा सीजन में 160 अतिरिक्त होमगार्ड उपलब्ध कराने की मांग रखी।

#### गर्मी से पहले पूरे हों कार्य

पेयजल कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएस ने जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि, गर्मी का सीजन आ रहा है, पेयजल से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा किया जाए।

### यूपीआई पिन बनाकर खाते से उड़ाए लाखों

**हल्द्वानी :** जेब से मोबाइल गिरने के बाद एक व्यक्ति के बैंक खाते से 6,88,127 रुपए गायब हो गए। इसका पता पीड़ित को तब लगा जब रुपयों की जरूरत पड़ने पर वह बैंक पहुंचा। यह घटना एक माह पहले की है। काठगोदाम पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चौफुला मल्ला निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र गरीबप्रसाद ने पुलिस को बताया कि बीती 6 फरवरी की शाम उसका मोबाइल चंबलपुल दमुवाढूंगा के पास कहीं गुम हो गया था। उसने मोबाइल फोन की गुमशुदगी दर्ज कराई। बीती 11 फरवरी को राजेंद्र खाते से रुपए निकालने के लिए बैंक पहुंचा। विड्राल फार्म भरकर बैंक कर्मचारी को दिया तो उनके बताया गया कि आपके खाते से रोजाना रुपए निकाले जा रहे हैं। पता चला कि 6 से 11 मार्च तक खाते से 204,999 और 108,130 रुपये निकाले गए हैं। वह तुरंत अपने दूसरे बैंक पहुंचे तो पता लगा कि वहां से भी 3,74,998 निकाले गए हैं। दोनों बैंकों से शातिर ने कुल 6,88,127 निकाले लिए। राजेंद्र ने बताया कि किसी उनके खातों में यूपीआई एक्टिव कराकर फर्जी यूपीआई पिन बनाकर उनके साथ धोखाधड़ी की है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर साइबर सेल को ट्रांसफर कर दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### नवरात्र पर नैना देवी मंदिर में भव्य सजावट

**नैनीताल :** चैत्र नवरात्रि से पहले मां नैना देवी मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, मालाओं और विद्युत झालरों से सजाकर भक्तिमय माहौल तैयार किया गया है। नवरात्रि को लेकर मंदिर समिति और प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की गई है। पहले दिन से ही विशेष पूजा-अर्चना शुरू होगी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। शहर में भी धार्मिक उत्साह देखने को मिल रहा है, जबकि मंदिर की सजावट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### राह चलते बाइक सवारों ने छीना मोबाइल

**हल्द्वानी :** पुलिस को दी तहरीर में हीरानगर निवासी सुरेश राम ने पुलिस को बताया कि बीती 17 मार्च की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनका बेटा सागर हीरानगर से अल्मोड़ा अर्बन बैंक पहुंचा था कि तभी बाइक पर सवार होकर दो लड़के आए और मोबाइल छीन लिया। यह कहते हुए आरोपियों ने सागर को बाइक पर बीच में बैठा लिया कि आगे जाकर मोबाइल वापस कर देंगे। आरोपियों ने सागर को बर्फवाली गली में उतारा। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर नीरज आर्य और करन पर मुकदमा दर्ज किया है।

### पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर बारिश के आसार

**हल्द्वानी :** पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह से सक्रिय होने वाला है। गुरुवार को पूरे राज्य में विक्षोभ का असर दिखेगा। बारिश के साथ ही 3000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी होगी और तेज हवा भी चलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को नैनीताल जिले में ओरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां मौसम बदल जाएगा और बारिश होगी। ओलावृष्टि होने की संभावना है। चंपावत, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी, टिहरी, देहरादून और हरिद्वार जिले में भी ओरेंज अलर्ट रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ 21 मार्च तक सक्रिय रहने की संभावना है।

### शराब के साथ दबोचा

**हल्द्वानी :** पुलिस ने गौला नदी में खड़े अनिल आर्या निवासी राजपुरा को हिरासत में लेकर उसके पास से 58 पाउच देसी शराब बरामद की है।

# गुलदार के बाद शावक पिंजड़े में फंसे

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** रामनगर वन डिवीजन के कालाढूंगी रेंज अंतर्गत कोटाबाग क्षेत्र के पतलिया गांव में गुलदार के तीन शावक पिंजड़े में फंस गए। तीनों को रेस्क्यू किया गया है।

बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे खुड़लिया गांव निवासी गोविंद सिंह बिष्ट ने मादा गुलदार को तीन शावकों के साथ घर की ओर आते देखा। उनके शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए। शोर-शराबे के बीच मादा गुलदार मौके से भाग गई जबकि शावक गेहूं व चारे के खेतों में छिप गए। ग्रामीणों ने एक शावक को चारे के खेत में प्लास्टिक क्रेट से ढक दिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दूसरे शावक को लहसुन के खेत से ढूंढकर सुरक्षित काबू में लिया। दोनों शावकों को रेस्क्यू कर वन कार्यालय पहुंचाया गया। मादा गुलदार को लोकेश डेयरी के पास नाले में एक अन्य शावक के साथ देखे जाने की सूचना है। । रेंजर रमेश चंद्र ध्यानी ने बताया कि मादा गुलदार की लोकेशन ट्रेस करने को ट्रैपिंग कैमरे लगाए हैं। शावकों को सुरक्षित उनकी मां से मिलाने के प्रयास जारी हैं।



कोटाबाग के पतलिया में पिंजड़े में फंसे गुलदार के शावक। ● अमृत विचार

# साली ने जीजा पर दर्ज कराया बहन की हत्या का मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजपुरा निवासी किरन देवी पत्नी मुकेश ने हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में लिखा, उसकी छोटी बहन पिंकी पत्नी राजाराम पुत्र रघु नंदन निवासी राजपुरा की शादी चार साल पहले हुई थी। उनकी तीन वर्ष की बेटी मोनू है। किरन का आरोप है कि पिंकी का जेठ लखन और राजाराम शराब पीकर आए दिन बहन के साथ मारपीट करते थे। जेठ लखन ने पिंकी को घर से भी निकाल दिया था। जिसके बाद वह अपने पति राजाराम के साथ किराए पर रहती थी। बीती 14 मार्च को राजाराम ने पिंकी की हत्या कर दी और शव को पंखे से लटका दिया। शाम करीब साढ़े 7 बजे पिंकी की सांस नन्नो किरन के पास पहुंची और घटना के बारे में बताया। किरन पति मुकेश के साथ पिंकी के घर पहुंची और उसको फंदे से नीचे उतारा और बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।




सभागार में अधिवक्ताओं को संबोधित करते अध्यक्ष किशोर कुमार पंत। ● अमृत विचार

# बार एसो. चुनाव का बिगुल बजा, आज तारीखों का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **अधिवक्ताओं की सहायता राशि में पांच गुना तक वृद्धि**
- **जजी कोर्ट में हुई बैठक में अध्यक्ष ने गिनाई उपलब्धियां**

**अमृत विचार :** बार चुनाव का बिगुल बज चुका है,आज यानी गुरुवार को चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया जाएगा। इससे पहले जजी कोर्ट स्थित बार भवन में हल्द्वानी बार एसोसिएशन की आम सभा हुई। इस सभा में अधिवक्ताओं की जाने वाली सहायता राशि में लगभग पांच गुना वृद्धि कर दी गई है। इसके अलावा वर्तमान बार अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताईं।

अधिवक्ताओं के हित में तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने बताया कि इन निर्णयों में आकस्मिक निधि से इलाज के लिए दी जाने वाली राशि 10 से बढ़ाकर 50 हजार कर की गई। इसी तरह अधिवक्ता की मृत्यु की स्थिति में दी जाने वाली राशि 25 हजार से बढ़ाकर 1,50,000 की गई। जबकि मातृत्व सहायता योजना के तहत महिला अधिवक्ताओं को 25,000 की सहायता राशि प्रदान करने पर भी सहमति बनी। सभा में सचिव मोहन सिंह बिष्ट ने लेखा-जोखा रखा। अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने बीते 2 वर्षों में किए गए कार्यों का विवरण दिया। कहा, दो वर्ष पूर्व अधिकांश अधिवक्ता खुले में छतरियां लगाकर बैठने को विवश थे। अब टिनशेड बन चुका है, जिसमें पंखे, ट्यूबलाइट, मोबाइल, चार्जिंग और वाई-फाई की सुविधा है। कैंटीन में भी विधिवत व्यवस्था कराई गई। पार्किंग की समस्या है और संभावना है कि कोर्ट के बाहर से गुजरी नहर को कवर कर इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने बताया, सहायता राशि के आवंटन के लिए मार्गदर्शक कमेटी का गठन किया गया है। सभा के अंत मे सर्वसम्मति से मुख्य चुनाव अधिकारी के पद पर बरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द पांडे जी को चुना गया। गुरुवार, 19 मार्च को चुनाव के तारीख की घोषणा होगा।

**इंतजाम** आयुक्त दीपक रावत ने पुलिस, प्रशासन समेत विभिन्न विभागों के साथ की बैठक, जरूरी निर्देश दिए

# रक्षा मंत्री 21 को हल्द्वानी में, सभी तैयारियां समय से पूरी करें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को गौलापार स्थित सर्किट हाउस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगामी 21 मार्च के प्रस्तावित जनपद दौरे को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए।

आयुक्त रावत ने कहा कि राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर 21 मार्च को एमबी इंटर कॉलेज में चार साल बेमिसाल कार्यक्रम होने जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को तैयारियों का समय रहते पूरा करने और सौंपी गई जिम्मेदारियों को त्रुटिरहित ढंग से संपादित कर सभी व्यवस्थाओं को तय समय के भीतर चाक-चौबंद कर लें। उन्होंने कहा कि पार्किंग और सभा स्थल तक आमजन की सुगम पहुंच सुनिश्चित हो। प्रत्येक व्यक्ति को बैठने का उचित स्थान मिले,उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंच, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, वीआईपी एवं मीडिया के लिए बैठने, पार्किंग, आमजन की बैठने की व्यवस्था, शौचालय, आपातकालीन सेवाओं, सभास्थल की तैयारी, निर्माण सहित आमजनों की सुविधा से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां समयबद्ध, समन्वित एवं उच्च गुणवत्ता के साथ की जाए।

आयुक्त ने डीएम ललित मोहन रयाल व एसएसपी मंजूनाथ टीसी को सेक्टरवार काम आवंटन के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंधन के साथ ही आगंतुकों के लिए पेयजल शौचालय की समुचित व्यवस्था हो। पर्याप्त संख्या में डिस्पेंसर के साथ ही जल संस्थान पेयजल टैंकर भी रखे तथा मोबाइल टॉयलेट भी आवश्यकतानुसार परिसर में रखे जाए। आगंतुकों के परिवहन आदि की भी उचित व्यवस्था हो। नगर निगम को नियमित सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। वीआईपी मार्ग से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग में कहीं भी गड्ढा न हो लोनिवि अभी से मार्ग की मरम्मत करा दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लागाए जाने हेतु सभी तैयारी आज ही से करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात आयुक्त दीपक रावत ने एमबी इंटर कॉलेज मैदान में हो रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर लोनिवि के अधिकारियों को मंच, पंडाल निर्माण सहित सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ऊधम सिंह नगर डीएम नितिन भदौरिया, सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे, ऊधम सिंह नगर सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम शैलेन्द्र नेगी, विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, आटीओ गुरूदेव सिंह, एसडीएम प्रमोद रहे।



एमबी इंटर कॉलेज में तैयारियों का जायजा लेते आयुक्त दीपक रावत, डीएम एलएम रयाल।

### तल्लीताल में स्मैक के साथ युवक दबोचा

**नैनीतालः** मां से मारपीट करना एक युवक को महंगा पड़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के कमरे से 1.03 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, हरिनगर तल्लीताल निवासी सुनीता ने डायल-112 पर सूचना दी कि उनका बेटा आकाश कुमार बाल्मिकी नशे में उनके साथ मारपीट कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को काबू में लेकर समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान तलाशी में उसके कमरे से सिगरेट की डिब्बी में छिपाकर रखी गई 1.03 ग्राम स्मैक और नशा करने में प्रयुक्त 10 रुपये का नोट बरामद हुआ। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि आरोपी आकाश कुमार बाल्मिकी (27) के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### सुरक्षा कार्य के चलते टीले पर नहीं हो सकेंगे दर्शन, चरण पादुका के दर्शन की व्यवस्था

# 30 अप्रैल तक बंद रहेगा गिरिजा देवी मंदिर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** कुमाऊं और गढ़वाल के प्रवेश द्वार पर स्थित प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर में इस बार श्रद्धालु मुख्य टीले पर स्थित मंदिर में माता के दर्शन नहीं कर सकेंगे। मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार और सुरक्षा कार्यों के कारण प्रशासन ने 10 मार्च से 30 अप्रैल तक मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है।

मंदिर के पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि वर्तमान में मंदिर के टीले को सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक निर्माण कार्य चल रहा है। टीले की संरचना को मजबूत करने, सुरक्षा दीवार बनाने और ऊपर तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कार्य तेजी से जारी है। इसी कारण मुख्य मंदिर तक श्रद्धालुओं की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। हालांकि श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर के दूसरे छोर पर स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में मां गिरिजा देवी की चरण पादुकाएं स्थापित की गई हैं, जहां भक्त दर्शन कर सकते हैं।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार जॉन ने बताया कि इस परियोजना की शुरुआत लगभग 5.36 करोड़ रुपये की लागत से की गई थी। टेंडर प्रक्रिया के बाद कार्य शुरू हुआ, लेकिन बाद में विशेषज्ञ टीम द्वारा किए गए सर्वे और तकनीकी अध्ययन में कई बदलाव आवश्यक पाए गए। आईआईटी रुड़की के परामर्श से विस्तृत मॉडल स्टडी कराई गई, जिसके बाद परियोजना की संशोधित लागत बढ़कर 11 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इस संशोधित प्रस्ताव को प्रशासन की मंजूरी मिल चुकी है और उसी के अनुसार कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। कहा कि निर्माण कार्य में पूरी सावधानी बरती जा रही है।

**तकनीकी निगरानी में किया जा रहा है कार्य**

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार जॉन ने बताया कि मंदिर का क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। एक ओर नदी का तेज बहाव है, जबकि दूसरी ओर टीले की संरचना कमजोर हो चुकी है। निर्माण कार्य के दौरान नदी के भीतर लगभग पांच मीटर गहराई तक खुदाई करनी पड़ रही है, जहां लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। इन परिस्थितियों के कारण कार्य को अत्यधिक सावधानी और तकनीकी निगरानी में किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक लक्ष्य जून तक कार्य पूरा करने का था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए समय में विस्तार आवश्यक हो गया है। फिलहाल मानसून से पहले कार्य को सुरक्षित स्तर तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।



मंदिर के टीले की सुरक्षा के लिए चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

## गिनती गांव के 6 छात्रों का नवोदय में चयन

**कालाढूंगीः** कोटाबाग के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गिनती गांव के छह होनहार छात्रों ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रधानाध्यापिका ममता गुप्ता ने बताया कि चित्रांश नंदा, लव्यांश, गौरांश, दिव्यांश, रिद्धिमा और यामिनी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इनमें चित्रांश नंदा ने जिला स्तरीय मेरिट में तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय में इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित कर सफल छात्रों का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ममता सती, प्रभा तिवारी, प्रकाश तिवारी, निर्मल तिवारी, सविता शर्मा, शैलजा साह, सुभाष रस्तोगी और मनीष गर्जोला सहित अन्य लोगों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# होटल एसोसिएशन की बैठक में उठीं ट्रैफिक और पार्किंग की समस्याएं

### होटल कारोबारियों ने पर्यटन सीजन को देखते हुए शीघ्र व्यवस्थाएं सुधारने पर दिया जोर

● एसएसपी व सीडीओं ने व्यवस्थाएं सुधारने का आश्वासन दिया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** होटल माउंटोरिया रिट्रीट, पांडेगांव में भीमताल होटल एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी, पुलिस अधीक्षक (सिटी) जगदीश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडेय तथा पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पर्यटन सीजन में भीमताल क्षेत्र में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू करने, मुख्य मार्गों पर आवश्यकता अनुसार वन-वे व्यवस्था लागू करने तथा रानीबाग से भीमताल तक जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। व्यवसायियों ने पार्किंग स्थलों पर महिला शौचालय की व्यवस्था, नियमित पानी का छिड़काव, संकरी सड़कों व अधिक ट्रैफिक दबाव वाले स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तथा खराब सड़कों और पार्किंग की कमी से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग रखी। बैठक में इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। एसएसपी ने सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया, जबकि मुख्य विकास अधिकारी ने भी आवश्यक कार्रवाई तत्काल शुरू करने की बात कही। इस दौरान होटल एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद गुनवंत, सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट, महेंद्र वर्मा, दीपक वर्मा, संजय सांगुरी, उदय सिन्हा, ऋषि सिन्हा, रवि जोशी, अवनीश जोशी, सौरभ सिंह, गगनदीप सिंह, कमल अधिकारी, चारु जोशी, गंगा सिंह धामी, निर्मल नैणवाल, हिमांशु आनंद, शाजी एस. धोनी, सुशील कुमार, ईशान हंबा और रेगन गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी को मांगपत्र सौंपते होटल एसोसिएशन के सदस्य। ● अमृत विचार

## बच्चों ने जाना, कैसे काम करता है दिमाग

**रामनगरः** रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर सांवल्दे में आयोजित तीन दिवसीय हिंदी भाषा शिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन बच्चों और शिक्षकों ने मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को समझा। सत्र का संचालन करते हुए एससीईआरटी से सेवानिवृत्त विशेषज्ञ मदन पांडे ने बताया कि सीखने का पहला चरण अनुभूति का होता है, जिसमें इंद्रियों के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इसके बाद मस्तिष्क इन सूचनाओं को लगभग 10 सेकेंड में ग्रहण कर 30 सेकेंड तक पूर्व अनुभवों के साथ जोड़कर प्रोसेस करता है और फिर किसी निष्कर्ष पर पहुंचता है, जो आगे चलकर ज्ञान का हिस्सा बनता है। इस दौरान नवेंदु मठपाल, सीपी खाती, निखिलेश उपाध्याय, नवीन तिवारी, सुमित कुमार, रिंकी आर्य, पिंकी, अनूप वर्मा, प्रेमा बेलवाल, सविता अग्रवाल, निशि गोयल रहे।





मेडल प्राप्त करते विद्यालय के छात्र। ● अमृत विचार

## रिनेसां कॉलेज के छात्रों ने जीते गोल्ड व ब्रॉन्ज मेडल

**रामनगर :** प्रगति मैदान स्थित अतिथ्य मंडपम् में आयोजित प्रतिष्ठित हॉस्पिटैलिटी प्रतियोगिता में रिनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, रामनगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। एसोसिएशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स द्वारा ''एम्पावरिंग हॉस्पिटैलिटी'' थीम के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रमुख होटल मैनेजमेंट संस्थानों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के छात्र दिनेश काराकोटी ने 'फ्रेगरेंस फ्लावर अरेंजमेंट' प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता और पेशेवर कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं चेतन पंत ने 'आर्ट ऑफ टेबल सेटअप' प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुति देकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस उपलब्धि पर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक गुसाईं और डायरेक्टर कुणाल मदान ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संस्थान के उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन, फैकल्टी और विद्यार्थियों ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके निरंतर सफलता की कामना की।

## सामूहिक प्रयासों से ही बचेगी पानी की हर बूंद

**भीमतालः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में 'ईको क्लब' के तत्वावधान में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने गीतों के साथ जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि भूजल के लगातार दोहन से जल स्तर गिर रहा है, ऐसे में भविष्य के जल संकट से बचने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भवान सिंह, जगत सिंह, भूपेंद्र सिंह और कमल सिंह की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यशपाल, हेम सिंह और डूंगर सिंह की टीम द्वितीय तथा पंकज सिंह और रोहित सिंह की टीम तृतीय स्थान पर रही। निबंध में कक्षा 9 के मुकेश प्रथम, कक्षा 8 की लक्ष्मी द्वितीय और कक्षा 7 के यशपाल तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाध्यापक ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## सिटी डायरी



गंगा की स्वच्छता के लिए शपथ लेते विद्यार्थी।

### छात्रों ने ली गंगा स्वच्छता की शपथ

**रामनगर :** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में स्वच्छता पखवाड़े के तृतीय दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने महाविद्यालय परिवार को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए नमामि गंगे स्वच्छता अभियान क्यों जरूरी है इसकी आवश्यकता के विषय में बताया। कहा कि इस मिशन के तहत नदियों की स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया गया है। नदियों के स्वच्छ रहने से पीने का पानी स्वच्छ रहेगा। शपथ ग्रहण अभियान में चीफ प्रॉक्टर डॉ. एसएस मौर्य, डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. अनुमिता अग्रवाल, डॉ. लवकुश, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. लोतिका अमित, डॉ. ऋतु, डॉ. योगेश चंद्र, डॉ. नीमा राणा, नोडल अधिकारी डॉ. दीपक खाती, डॉ. सुरेश चंद्र, डॉ. डीएन जोशी, डॉ. कृष्णा भारती, डॉ. रीमा, मुख्य प्रशासिक अधिकारी गोविन्द सिंह जनपांगी सहित समस्त शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक एवं विद्यार्थी।

### विकास में बैंकिंग का महत्व बताया

**रामनगर :** पीएनजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में "भारत में बैंकिंग के रुझान और प्रगति पर रिपोर्ट" विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने की। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश के आर्थिक विकास में बैंकिंग के महत्व की जानकारी दी। आरबीआई के निदेशक बृजेश पी., प्रबंधक मनदीप सिंह, अदिति मंगल और मोनालिसा पोली ने छात्रों को बैंकिंग प्रणाली, उसके विकास, चुनौतियों और बदलते रुझानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह रिपोर्ट बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन, वित्तीय स्थिरता और डिजिटल प्रगति को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया, जिसमें करीब 60 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. दीपक खाती सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विजय कुमार ने किया।



रामनगर में पुल के पास क्षतिग्रस्त रेलिंग।

### कोसी बैराज पुल की रेलिंग दुरुस्त न होने पर अधिवक्ताओं में रोष

**रामनगर :** कोसी बैराज पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग को अब तक दुरुस्त न किए जाने पर परामर्श विधि परिवार के अधिवक्ताओं ने गहरा रोष जताया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि कुछ दिन पहले पुल पर हुई एक दर्दनाक घटना में एक वाहन रेलिंग से टकराकर गहरी नदी में जा गिरा था, जिससे पुल की संरचना को भी नुकसान पहुंचा। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाईकोर्ट अधिवक्ता पूरन पांडे ने बताया कि कोसी बैराज पुल हल्द्वानी, काशीपुर और रामनगर को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। ऐसे में पुल की खराब स्थिति आम लोगों के लिए खतरा बनी हुई है। अधिवक्ता मनु अग्रवाल ने कहा कि पुल की मौजूदा स्थिति बेहद संवेदनशील है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। परामर्श विधि परिवार के सदस्यों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल पुल का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू करे। उनका कहना है कि यह केवल एक पुल का मामला नहीं, बल्कि हजारों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।



जामा मस्जिद में कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग।

### कुरान पाक के मुकम्मल होने पर खत्म शरीफ का आयोजन

**रामनगर :** शहर की जामा मस्जिद में कुरान पाक के मुकम्मल होने पर खत्म शरीफ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर के उलेमा मौजूद रहे, जिन्होंने कुरान और हदीस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा नात शरीफ पेश की। शहर पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने कुरान शरीफ की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह इंसानों को अंधकार से निकालकर उजाले की ओर ले जाने का मार्गदर्शन देता है और जीवन को व्यवस्थित ढंग से जीने की सीख देता है। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ दीनी तालीम दिलाने का आह्वान किया। जामा मस्जिद के नायब पेश इमाम ने भी कुरान की तिलावत करते हुए हजरत मोहम्मद साहब के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान जामा मस्जिद के प्रशासक शकील खान एवं अन्य लोगों की ओर से पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी, नायब इमाम हाफिज मुजफ्फर, एतकाफ में बैठे फरहान खान व सोनू सैफी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती सलीम सैफी ने किया। इस मौके पर कारी फरमान बरकाती, मौलाना आरिफ, मौलाना अमजद, कारी फुरकान, कारी अफजाल मोइन आदि रहे।

हालात | रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत का दिखने लगा असर, पराठा और अन्य कई व्यंजन होटलों की किचन से गायब

# होटलों ने मेन्यू से हटाए डोसा और सांभर जैसे व्यंजन

● सर्वाधिक मार साउथ इंडियन व्यंजनों पर पड़ रही

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** तला हुआ पराठा और डोसा जैसे कई व्यंजन होटलों की किचन से दूर हो चले हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के कारण अनेक व्यंजन होटलों के मेन्यू से गायब हो चले हैं। सरोवर नगरी में कमर्शियल गैस सिलेंडर सीमित संख्या में आपूर्ति होने तो लगी है। लेकिन पर्यटन नगरी के बड़े होटल व्यवसाय को देखते हुए काफी कम है।

वर्तमान में नगर में 500 से अधिक होटल और गेस्ट हाउस हैं, जबकि रेस्टोरेंट की संख्या भी 150 से अधिक हैं। इधर कॉमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति ठप होने से गैस पर निर्भर कई छोटे रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं। होटलों की रसोई तंदूर और इंडक्शन पर सिमट रह गई है। जिसकी बड़ी मार साउथ इंडियन व्यंजनों पर पड़ी है। दरअसल, दक्षिण भारतीय अधिकांश व्यंजनों को अधिक आंच की जरूरत पड़ती है। जिस कारण नगर के अधिकांश छोटे बड़े होटलों ने डोसा और सांभर जैसे पकवान मेन्यू से हटा दिए हैं और तला हुआ पराठा और भटूरे जैसे व्यंजन भी हटा दिए हैं।



होटल शेरवानी में इंडक्शन पर चाय बनाता कुक।

### तंदूर के सहारे चल रही रसोई



**नैनीताल :** हैप्पी होम के जीएम आर एस नेगी ने बताया कि गैस की आंच पर पकाए जाने वाले व्यंजनों को मेनू से हटा दिया गया है। उनके होटल की रसोई तंदूर पर निर्भर होकर रह गई है। जब तक गैस सिलेंडर की समुचित आपूर्ति बहाल नहीं हो जाती, मेनू कम ही रहेगा।

### चूल्हा बनाकर लकड़ी में खाना बनाने की तैयारी

**नैनीताल :** शेरवानी हिलटॉप इन के जीएम कमलेश सिंह ने बताया कि अधिक आँच में बनाए जाने वाले व्यंजनों को मेन्यू से हटा चुके हैं। उनका किचन इंडक्शन और तंदूर पर निर्भर हो चला है। साथ ही होटल परिसर में चूल्हे बनाकर लकड़ी में खाना बनाने की तैयारी भी कर रहे हैं।



संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

## पं. पुरबायन चटर्जी की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक मनमोहक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नेचरवोल्ट रीसाइक्लर्स ग्लोबल लिमिटेड और द लेक रिसॉर्ट, नौकुचियाताल के सहयोग से विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार वादक पं. पुरबायन चटर्जी के स्वागत से हुई। इस अवसर पर परिसर निदेशक ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद 13 वर्षीय प्रतिभाशाली सितार वादक हर्षवर्धन बजाज ने 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का आगाज किया। उन्होंने राग यमन, राग केवानी और राग चारुकेशी की संक्षिप्त प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमय बना दिया। संध्या का मुख्य आकर्षण पं. पुरबायन चटर्जी की प्रस्तुति रही। उनके सितार वादन की जटिलता, रागों की गहरी समझ और सहज अभिव्यक्ति ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान की और युवा कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत बना।

## सिटी ब्रीफ

### आज सुबह नहीं होगी पानी की आपूर्ति

हल्द्वानी। शहर में गौला नदी से फिल्टर प्लांट तक पानी की सप्लाई बुधवार को प्रभावित रही। शहर के कोलटैक्स क्षेत्र के पास नहर की नाली की जाली टूट जाने के कारण पानी सीधे फिल्टर प्लांट तक नहीं पहुंच पाया। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि जाली टूटने से पानी के साथ कचरा भी बहकर आ रहा था, जिस कारण फिल्टर प्लांट तक पानी की सप्लाई रोकनी पड़ी। उन्होंने कहा कि यह रोकथाम आवश्यक थी ताकि प्लांट और पानी की गुणवत्ता प्रभावित न हो। ईई लोशाली ने बताया कि गुरुवार सुबह पानी की सप्लाई बाधित रहेगी, लेकिन शाम तक जाली की मरम्मत पूरी कर पानी की आपूर्ति नियमित रूप से बहाल कर दी जाएगी।

# कार्डियोलॉजिस्ट नहीं कैथलैब ट्रायल अधूरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में कैथलैब की हैंडओवर और टेकओवर प्रक्रिया को लेकर ट्रायल किया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) की तकनीकी टीम भी रही। ट्रायल में कैथलैब की सभी मशीनें और एप्लीकेशन तकनीकी रूप से सही पाई गईं हालांकि सबसे महत्वपूर्ण पहलू कार्डियोलॉजिस्ट नहीं होने से मरीज पर ट्रायल पूरा नहीं हो सका, जिससे प्रक्रिया अधूरी रह गई। नियमित कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं होने से मरीज पर कैथलैब का परीक्षण नहीं किया जा सका। इसके लिए देहरादून से एक विशेषज्ञ कार्डियोलॉजिस्ट को बुलाया गया था, लेकिन उनके नहीं पहुंच पाने के चलते यह प्रक्रिया टल गई। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि ट्रायल के आधार पर गठित कमेटी अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी। रिपोर्ट पूरी तरह संतोषजनक मिलने के बाद कैथलैब को औपचारिक रूप से अस्पताल को हैंडओवर किया जाएगा। फिर इसका संचालन पूरी तरह एसटीएच के नियंत्रण में आ जाएगा। फिलहाल बाधा कार्डियोलॉजिस्ट की कमी बनी हुई है।

### बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया ने कहा कि तापमान में उतार-चढ़ाव कर रहा बच्चों का इम्यून सिस्टम कमजोर

# बच्चों पर एलर्जी का असर, आ रहे सर्दी-खांसी की चपेट में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मार्च में मौसम के बदलते मिजाज के साथ बच्चों में एलर्जी संबंधी बीमारियों के मामलों में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है। खासकर छोटे बच्चों में सर्दी, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। अभिभावकों की चिंता इस बात से और बढ़ गई है कि बच्चों को ठीक होने में अपेक्षाकृत अधिक समय लग रहा है, जबकि कुछ मामलों में बच्चों को अस्पताल में भर्ती तक करना पड़ रहा है।



डॉ. ऋतु रखोलिया। ● अमृत विचार

विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय वातावरण में धूल, परागकण (पोलन) और तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव के कारण एलर्जी के मामले बढ़ रहे हैं। इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों की कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ रहा है।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि इस मौसम में बच्चों को विशेष देखभाल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों को धूल-मिट्टी और ठंडी चीजों से दूर रखें, साथ ही उनके खान-पान और स्वच्छता का विशेष ध्यान दें। एसटीएच के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि यदि बच्चों में लगातार खांसी, बुखार या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। लापरवाही बरतने से स्थिति गंभीर हो सकती है और अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता भी पड़ सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, संतुलित आहार दें और भीड़भाड़ वाली जगहों से बचाएं।

### बच्चों को एलर्जी से बचाने के उपाय

- बच्चों को धूल-मिट्टी और प्रदूषण से दूर रखें
- बाहर जाते समय मास्क का उपयोग कराएं
- ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक से परहेज कराएं
- घर में साफ-सफाई और वेंटिलेशन का विशेष ध्यान रखें
- बच्चों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं
- पौष्टिक और संतुलित आहार दें, जिससे इम्युनिटी मजबूत हो
- बच्चों को भीड़भाड़ वाली जगहों पर ले जाने से बचें
- नियमित रूप से हाथ धोने और साफ-सफाई की आदत डालें
- लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

# छापा: ज्वाला गैस एजेंसी से 84 कूपन बुक जब्त

### एसडीएम प्रमोद कुमार के औचक निरीक्षण में मिली खामियां, एजेंसी स्वामी को जारी किया जा रहा कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन का रसोई गैस की कालाबाजारी पर शिकंजा कसने के लिए औचक निरीक्षण जारी है। इस दौरान एक एजेंसी पर गैस बुकों का बंडल मिला, जिसे जब्त कर लिया गया और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार ने मंगलवार को रामपुर रोड स्थित ज्वाला गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। यह एजेंसी हिन्दुस्तान पैट्रोलियम की है। इस एजेंसी के 19331 कनेक्शन हैं। ज्वाला 19331 उन्होंने कर्मियों से गैस वितरण की जानकारी ली। साथ ही गैस वितरण समेत अन्य दस्तावेज चेक किए। इस बीच उन्होंने एक साथ 84 गैस बुक दिखाई दी।

जब उन्होंने इस बाबत पूछा तो कर्मियों ने बताया कि ये सभी गैस बुकें ग्राहकों की हैं, ये केवाईसी के लिए रखी हुई हैं। इतनी तादाद में एक साथ केवाईसी और गैस बुक रखने की वजह पूछे जाने पर कर्मी जवाब नहीं दे सके। इस पर उन्होंने सभी गैस बुकों को जब्त कर लिया। अब प्रशासन की ओर से गैस एजेंसी स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस का जवाब मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



ज्वाला गैस एजेंसी में जांच करते एसडीएम प्रमोद कुमार। ● अमृत विचार

इसके बाद उन्होंने कुमाऊं मंडल विकास निगम स्थित हल्द्वानी गैस सर्विस कार्यालय का निरीक्षण किया। इस एजेंसी के 30578 कनेक्शन हैं। उन्होंने पाया कि बुकिंग को लेकर जबरदस्त भीड़ लगी हुई है। इस पर उन्होंने एजेंसी कर्मियों को उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि ज्वाला गैस एजेंसी पर 84 गैस बुकें एक साथ मिलने पर कारण सभी बुकें जब्त कर ली गई है। एजेंसी स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

**एक मैसेज से बढ़ रही है चिंता :** एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को इंडेन गैस बुकिंग पर एक मैसेज मिल रहा है जिसमें योर ऑर्डर इज डिलीवर्ड विद इनवायस नंबर.... नेक्सट बुकिंग डेट इज .... है। इस मैसेज को पढ़कर उपभोक्ता भ्रमित हो रहे हैं कि उन्हें गैस सिलेंडर मिला नहीं और डिलीवरी का मैसेज आ गया और अगली बुकिंग डेट भी आ गई। उन्होंने बताया कि यह मैसेज सिलेंडर नहीं बल्कि मैसेज डिलीवरी दर्शा रहा है । इसमें सुधार के लिए इंडेन के सेल्स मैनेजर से वार्ता की जाएगी कि इसमें सुधार हो ताकि जनता भ्रमित नहीं हो।

### नैनीताल में गैस सिलेंडर के लिए फिर लगी कतारें

**नैनीताल :** शहर में घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर लोगों की परेशानी जारी है। बुधवार को भी मल्लीताल और तल्लीताल क्षेत्रों में गैस लेने के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह से ही वितरण केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ी, जिससे उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। तल्लीताल धर्मशाला और धामपुर बैंड क्षेत्र में अव्यवस्था और पहले सिलेंडर लेने की होड़ भी देखी गई। लोगों का कहना है कि वार्ड स्तर पर व्यवस्था ठीक न होने से भीड़ बढ़ रही है। वहीं, गैस एजेंसी ने आपूर्ति सामान्य बताते हुए उपभोक्ताओं से संयम बरतने की अपील की है।

# घर-घर तक पहुंचने से पूर्व ही गाड़ी हो रही खाली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ईंधन गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते लोगों का परेशान होना जारी है। प्रशासन का ऐलान था कि गैस एजेंसी और गोदाम से सिलेंडर नहीं मिलेगा और लोगों को पहले की तरह घर पर ही सिलेंडर मिलेगा। हालांकि ग्राहकों ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि सिलेंडर बुक किए कई दिन बीतने के बाद भी सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हुई है और न ही एजेंसी और गोदाम से सिलेंडर मिल रहा है। इधर जब गैस एजेंसी से बात की तो पता चला कि गाड़ियां भेजी जा रहीं हैं लेकिन रास्ते में ही लोग सिलेंडर भरवा ले रहे हैं।

डहरिया निवासी रूपा बिष्ट ने बताया कि उन्होंने गैस सिलेंडर बुक कराया था लेकिन जिस दिन गैस सिलेंडर की गाड़ी वाले का आने का दिन होता है उस दिन उसने अपना फोन ही बंद कर लिया है। अब वह गैस सिलेंडर भरवाने के लिए परेशान हैं। आनंदपुर गांव निवासी जीके त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने इंडने कंपनी का सिलेंडर बुक कराया था लेकिन चार दिन होने के बाद भी डिलीवरी नहीं हुई है। इधर रामपुर रोड निवासी एके शर्मा का भी कहना है कि छह दिन होने के बाद भी सिलेंडर डिलीवरी नहीं हुई है। यही हाल कई लोगों का है। इंडेन गैस एजेंसी शीशमहल के प्रबंधक गणेश सिंह नेगी ने बताया कि हर क्षेत्र में गाड़ियां भेजी जा रहीं हैं। अब हो यह रहा है कि गाड़ियों को लोग रास्ते में ही रोक रहे हैं। इस वजह से डोर टू डोर सिलेंडर पहुंचाने में दिक्कत आ रही है।

### ऑनलाइन प्लेटफार्म पर इंडक्शन की कमी

**हल्द्वानी :** इंडक्शन चूल्हा की मांग बढ़ी है लेकिन ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी इसकी डिलीवरी नहीं हो पा रही है। ग्राहक इंडक्शन चूल्हा बुक करा रहे हैं लेकिन बीच में ही डिलीवरी रद्द हो रही है। ज्यादातर ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अच्छी कंपनी के इंडक्शन चूल्हा मिलना ही मुश्किल हो गया है। बाजार में भी पुराना स्टॉक खत्म हो गया है और नया स्टॉक देरी से आ रहा है। इससे भी लोगों की परेशानी बढ़ रही है।



नवसंवत्सर पर यज्ञ हवन करते लोग। ● अमृत विचार

# नवसंवत्सर : हिंदू समाज ने किया 108 कुंडीय महायज्ञ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हिंदू समाज की ओर से नव संवत्सर-2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर राष्ट्र कल्याण के लिए बुधवार को नैनीताल रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में 108 कुंडीय महायज्ञ किया गया। इसका शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संघचालक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट व जिला संघचालक डॉ. नीलाम्बर भट्ट, भगवान सहाय ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।यज्ञ हवन का संचालन डॉ. विनय विद्यालंकर ने उप्र के चोटीपुरा कन्या गुरुकुल ब्रह्मचारिणियों के साथ विधिवत संपन्न कराया। इस अवसर पर रामनगर स्थित हनुमान धाम संस्थापक एवं मुख्य अतिथि आचार्य विजय ने नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नव संवत्सर का विशेष महत्व है। रामचरितमानस के संदर्भ में सत्य, निष्कपटता एवं श्रद्धा के महत्व को रेखांकित किया तथा विभिन्न संवत्सरों के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य की जानकारी दी। बेरीपड़ाव अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति महाराज ने यज्ञ के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि सामूहिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम है जो प्रकृति एवं मानव मन दोनों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।समापन पर आरएसएस के क्षेत्रसेवा प्रमुख धनीराम ने यजमानों एवं उपस्थित जनों का आभार जताते हुए नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं।

# चुनाव संपन्न: रमनदीप सिंह बने गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा के प्रधान

- जगमीत सिंह को 21 मतों से हराया, 1120 में से 998 सदस्यों ने किया मताधिकार का प्रयोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ठंडी सड़क स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा की कमेटी के बुधवार को सम्पन्न हुए चुनाव में रमनदीप सिंह साहनी प्रधान (मुख्य सेवादार) निर्वाचित हुए हैं। गुरुद्वारा कमेटी का 2 साल का कार्यकाल पूरा होने और कमेटी भंग होने के बाद नई चुनाव प्रक्रिया में 1120 सदस्यों ने सदस्यता दर्ज कराई। चुनाव सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने का दायित्व वरिष्ठ चुनाव अधिकारियों-सरदार अमरजीत सिंह बिंद्रा, सरदार इंद्रपाल सिंह (अधिवक्ता), सरदार परमजीत सिंह कोहली, सरदार गुलबीर सिंह चंडोक, सरदार सर्वप्रीत सिंह कोहली और सरदार गुरमीत सिंह चंडोक ने निभाया। एक सप्ताह की चुनावी प्रक्रिया के बाद बुधवार को हुए मतदान में 998 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



रमनदीप सिंह साहनी।

मतगणना के बाद, हल्द्वानी सिख यूथ के प्रत्याशी रमनदीप सिंह साहनी को 342 मत मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जगमीत सिंह मीति को 321 मत मिले। रमनदीप सिंह ने 21 मतों से जीत दर्ज की। वहीं, हल्द्वानी सिख फेडरेशन के प्रत्याशी अवनीत सिंह रेखी को 263 और प्रभजोत सिंह चंडोक ने 36 मत हासिल किए। 36 मत निरस्त किए गए।

नवनिर्वाचित मुख्य सेवादार रमनदीप सिंह साहनी ने इस जीत पर सिख संगत का आभार जताते हुए कहा कि वे इस पद की गरिमा बनाए रखते हुए निष्ठा और समर्पण के साथ समुदाय की सेवा करेंगे और गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा को सेवा और सिमरन का केंद्र बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# मोमो खा रहे युवक को डंपर ने कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में नो-एंट्री के बावजूद भारी वाहनों की आवाजाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। टीपीनगर चौराहे पर ठेले के पास मोमो खा रहे युवक को डंपर ने कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। लोगों ने पीछा किया तो चालक डंपर को छोड़कर फरार हो गया।

मूलरूप से भवाली थाना क्षेत्र के हरतपा निवासी अनिल सिंह रौतेला हल्द्वानी में पंचायत घर के पास किराये के मकान में रहते थे। वह एक निजी फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट थे। मंगलवार रात वह जीजा हिमांशु पांडे और भाई के साथ कार से टीपीनगर चौराहे पहुंचे थे। वह सड़क किनारे ठेले पर मोमोज खाने लगे, तभी मंडी की ओर से तेज गति से आए डंपर ने उन्हें कुचल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद भी चालक रुका नहीं। यह देख स्थानीय लोगों ने उसका पीछा किया और छड़ायल मार्ग पर डंपर रोक लिया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए डंपर का चालक मौके से फरार हो गया। अनिल चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उनके पिता हरीश सिंह रौतेला किसान हैं।

कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं ईद

- कोतवाली सभागार में हुई पीस कमेटी की बैठक में दिए दिशा-निर्देश
- एसपी बोले, भ्रामक खबर बिना सत्यापन के न भेजी जाए आगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ईद से ठीक पहले पुलिस ने मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ईद को देखते हुए बाजार खुलने के समय में छूट दी गई और छूट का पालन करें। इसके अलावा न तो अफवाह फैलाएं और न ही भ्रामक खबरों को बिना पुष्टि के फारवर्ड करें।

कोतवाली सभागार में हुई बैठक में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा के मद्देनजर व्यापारियों और किरायेदारों का सत्यापन किया जाए। बाजार समय में मिली छूट का पालन करते हुए व्यवस्था बनाए रखें। बैठक में सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में सीओ सिटी अमित कुमार सैनी, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश फर्त्याल, कोतवाल हल्द्वानी विजय मेहता, थानाध्यक्ष मुखानी सुशील कुमार जोशी व काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा थे।



पुलिस सभागार में पीस कमेटी की बैठक करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**तैयारी** — नगर निगम, जिला प्रशासन की टीमों ने डोर टू डोर बांटें फार्म, आज भी जारी रहेगा कार्यक्रम

# बनभूलपुरा में पीएम आवास योजना के 1713 फार्म वितरित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में प्रभावितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन फार्म बांटने का काम दूसरे दिन बुधवार को भी जारी है। अब तक 1713 फार्म वितरित हुए हैं। आज अंतिम दिन डोर टू डोर फार्म वितरण होगा फिर कल से छह चिन्हित स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे।

नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि बुधवार को भी बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमित क्षेत्र में प्रभावितों को पीएम आवास योजना के फार्म वितरित किए गए। टीमों ने इंदिरा नगर निकट शनि बाजार से डोर टू डोर पीएम आवास योजना के फार्म बांटें। पहले दिन 312 फार्म बांटे गए थे जबकि बुधवार को 1401 फार्म बांटे गए। अब तक कुल 1713 फार्म बांटे जा चुके हैं। आज भी फार्म बांटे जाएंगे। वहीं कल यानी 20 मार्च से छह चिन्हित स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे जिनमें फार्म जमा किए जाएंगे। उन्होंने बताय कि टीमें डोर टू डोर जाकर पीएम आवास योजना का फार्म बांटने के साथ ही उन्हें इस योजना की विस्तृत जानकारी, जरूरी दस्तावेज आदि की जानकारी दे रही हैं। साथ ही आवेदन फार्म लेने वाले का नाम, आधार नंबर व पता वगैरह रजिस्टर में लिख रही हैं। पारदर्शिता के लिए इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।



बनभूलपुरा में फार्म वितरण करती टीम। फाइल फोटो

### खुशियों के बीच छत छिनने का डर, खाकी ने कसी कमर

**हल्द्वानी :** ईद की खुशियों के बीच बनभूलपुरा वासियों को सिर से छत छिनने का डर भी सता रहा है। इसी को देखते हुए पुलिस ने भी कमर कस ली है। इसको लेकर बुधवार को बनभूलपुरा पुलिस ने फुट मार्च किया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि ईद और प्रधानमंत्री आवासीय फार्म वितरण को लेकर बनभूलपुरा में विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस के साथ बनभूलपुरा क्षेत्र में पैरा मिलिट्री फोर्स की मदद ली जा रही है। स्थानीय लोगों से भी वार्ता कर उनसे व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। इसके अलावा क्षेत्र की निगरानी के लिए ड्रोन की मदद भी ली जा रही है। बनभूलपुरा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी से भी लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

# ट्रेन में महिला का बैग काटकर जेवर उड़ाए

**हल्द्वानी :** जीआरपी थाना काठगोदाम को दी तहरीर में कुशीनगर निवासी प्रतिमा राव पत्नी पुर्णेन्दु कुमार राव ने बताया कि 14 मार्च को वह बाघ एक्सप्रेस से गोरखपुर से से लालकुंआ को यात्रा कर रही थी। 15 मार्च को ट्रेन लालकुंआ रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली थी। हल्दी स्टेशन से पहले चलती ट्रेन में चार-पांच संदिग्ध पास आकर बैठ गए। चारों जबरन मदद के लिए कहने लगे प्रतिमा ने मना किया लेकिन वे नहीं माने। जब उन्होंने घर पहुंच कर देखा तो ट्राली बैग कटा हुआ था और उसमें रखा जेवरात चोरी हो गया था। इस बैग में प्रतिमा की एक चैन, एक अंगूठी और तीन-चार हजार रुपए थे। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिना नंबर की बुलेट पर हूटर, शोहदों का आतंक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कोतवाली हल्द्वानी क्षेत्र में रहने वाले युवक ने बताया कि बीती 16 मार्च को उनकी बहन का बर्थडे था। घर पर पार्टी थी और इस पार्टी में बहन की सहेलियां भी आईं थी। रात करीब 10 बजे वह बहन की सहेली को छोड़ने रामपुर रोड की ओर जा रहा था। मिनी स्टेडियम मोड़ पर पीछे से पुलिस के सायरन की आवाज सुनाई दी। इस पर युवक ने बाइक की रफ्तार कम की और पीछे मुड़कर देखा तो इतने में ही बुलेट सवारों ने बुलेट बाइक के आगे लगा दी। बुलेट पर नंबर नहीं था। बुलेट सवार यह कहते हुए उलझने लगे कि पीछे मुड़कर क्या देख रहा था। यहां से बचकर बाइक सवार युवती संग भागा तो बुलेट सवारों ने पीछा कर लिया और जेल रोड के पास फिर घेर लिया। युवक के साथ मारपीट की, युवती के बाल खींचे। वह फिर किसी तरह बचकर भागे। युवती ने भाई को मदद के लिए फोन किया, लेकिन शोहदे पीछे पड़े थे। रामपुर रोड से होते हुए पीड़ित गलियों से भागते बरेली रोड की ओर पहुंचे और एक सुरक्षित स्थान पर छिप गए। तने में ही युवती के भाई भी वहां पहुंच गए, लेकिन तक आरोपी फरार हो चुके थे। जिसके बाद पीड़ित युवक व युवती सीधे कोतवाली पहुंचे। युवती ने घटना की वीडियो बना ली। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों अजय फर्त्याल और अजय थापा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।।

सिटी ब्रीफ

### थार व 15 लाख नहीं देने पर बहू को किया प्रताड़ित

रुद्रपुर : कोतवाली इलाके में थार और 15 लाख रुपये नगद नहीं देने पर बहू को प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नरपत नगर निवासी शिवानी ने बताया कि उसकी शादी 16 अप्रैल 2022 को आदर्श कॉलोनी वार्ड-30 निवासी विजय कुमार के साथ हुई थी। मायके वालों ने शादी में बीस तोला सोने-चांदी के आभूषण 35 लाख रुपये से अधिक खर्च किए थे। शादी के कुछ माह बाद ही पति विजय कुमार, सास सुषमा रानी, जेठ आशीष मुंजाल, जेठानी रीमा मुंजाल, ननद रेनू ताना मारने लगे और थार और 15 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। जब असमर्थता जताई तो ससुरालियों ने मानसिक और शारीरिक यातनाएं देनी शुरू कर दी। आरोप था कि एक अप्रैल 2025 को हाथापाई कर घर से बाहर निकाल दिया।

### 12 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

किच्छा : कुमाऊं पुलिस की एसओटीएफ और लालपुर चौकी की संयुक्त टीम ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लालपुर बाजार में चेकिंग के दौरान 42 वर्षीय तस्कर संतोख सिंह को 122.25 ग्राम स्मैक के साथ दबोच लिया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 12 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदतन अपराधी है और सितंबर 2025 में भी 152 ग्राम स्मैक के साथ जेल जा चुका है।

### तमंचे के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान रिद्धि-सिद्धि गली के पास से शातिर बदमाश जस्सी उर्फ हिमांशु कश्यप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

# नकली एनसीईआरटी किताबों की तफ्तीश करेगी पुलिस की एसआईटी

## एसपी क्राइम के नेतृत्व में होगी जांच, नामजद आरोपियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नकली एनसीईआरटी के गुनाहगारों को खोजने के लिए एसएसपी ने एसआईटी का गठन कर दिया है। इसकी जिम्मेदारी एसपी क्राइम को दी है। एसआईटी नकली किताब माफिया सहित हर एक गुनाहगार की भूमिका तय करेगी जो भारत सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले होंगे।

बताते चलें कि 15 मार्च को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने एक ट्रक चालक को पकड़ था। ट्रक में बड़ी तादाद में एनसीईआरटी किताबें भरी हुई थी। जब पुलिस ने चालक की निशानदेही पर कीरतपुर के कोलड़ा स्थित एक गोदाम पर छापा मारा तो किताबों का जखीरा बरामद हुआ। 16 मार्च को एनसीईआरटी दिल्ली की टीम पहुंची और असली व नकली का फर्क मिटाते हुए पुष्टि कर बताया कि बरामद एनसीईआरटी किताब पूर्णतया नकली है। एक सोची समझी साजिश के तहत ही एनसीईआरटी वाटरमार्क के स्थान पर एसीईआरटी का वाटरमार्क छपा था। प्रकरण में सहायक उत्पादन अधिकारी एनसीईआरटी दीपक कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने किताबा माफिया हरार हर्रा मेरठ निवासी संदीप कुमार, गोदाम स्वामी राजेश जैन और गोदाम कर्मी शाहरुख के खिलाफ कॉपीराइट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में फौरन एसआईटी का गठन कर दिया है।

एसआईटी को आदेशित किया कि भारत सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने और शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करने वाले की भूमिका निर्धारित कर कठोर कार्रवाई की जाए। जिसको लेकर एसएसपी ने साफ संकेत दिए हैं कि नकली एनसीईआरटी किताब प्रकरण में जो भी दोषी होगा उसका चेहरा बेनकाब कर उजागर किया जाएगा।



गोदाम में रखा नकली एनसीईआरटी किताबों का जखीरा।

### तकनीकी-मैनुअली जांच करेगी एसआईटी

रुद्रपुर : नकली एनसीईआरटी किताब प्रकरण को लेकर एसएसपी ने एसआईटी को कई बिंदुओं पर अपनी तफ्तीश करने का आदेश दिया है। जिसमें एसआईटी तकनीकी-मैनुअली तफ्तीश करेगी। साथ ही यह जानने की कोशिश करेगी कि नकली एनसीईआरटी किताबों की छपाई किस प्रिंटिंग प्रेस में हुई थी। छपाई में प्रयोग होने वाली मशीन, किताब माफिया के इस कारोबार में उसका फाइनेंसर कौन था। यही नहीं एसआईटी अपनी तफ्तीश में फॉरेंसिक एक्सपर्ट का भी सहयोग लेगी। इसके साथ सर्विलांस की टीम किताब माफिया, गोदाम स्वामी के मोबाइल सीडीआर की रिपोर्ट भी तैयार करेगी।

### दस सदस्यीय होगी एसआईटी

रुद्रपुर : दस करोड़ कीमत की करीब साढ़े नौ लाख नकली एनसीईआरटी किताब प्रकरण में गठित एसआईटी में जहां एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी जांच की मॉनिटरिंग करेंगे। वहीं जांच टीम में सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी को जांच अधिकारी, प्रभारी एसओजी उमेश कुमार, दरोगा चंदन सिंह बिष्ट, दरोगा प्रियांशु जोशी के अलावा सर्विलांस एक्सपर्ट भूपेंद्र आर्या, सिपाही प्रवीण कुमार, हरीश रावत, किशन सिंह, विजय पाल सिंह को शामिल किया गया है।

### कोतवाल होंगे एसआईटी के जांच अधिकारी

रुद्रपुर : जहां एसआईटी की जांच एसपी क्राइम को सौंपी गई है। वही प्रकरण के जांच अधिकारी कोतवाल मनोज रतूड़ी को बनाया गया। कोतवाली पुलिस की एक टीम मेरठ भी रवाना हो चुकी है और किताब माफिया की सरगर्मी से तलाश कर रही है। साथ ही यह जानने की कोशिश करेगी कि किताब माफिया का आपराधिक इतिहास क्या है और नकली एनसीईआरटी किताब छपाई का धंधा कब से प्रारंभ हुआ। क्या मेरठ भी माफिया का गोदाम है या नहीं। इन सभी को लेकर कोतवाल मनोज रतूड़ी प्रकरण की जांच करेंगे और स्थानीय पुलिस गोदाम स्वामी राजेश जैन की भी तलाश कर रही है।



कोतवाली पुलिस की सजगता के कारण ही नकली एनसीईआरटी किताब प्रकरण पर्दाफाश हुआ। प्रकरण से जुड़े हर आरोपियों को चिह्नित किया जाएगा। इसके लिए एसआईटी का गठन किया है। जिसकी मॉनिटरिंग एसपी क्राइम करेंगे। एसआईटी फाइनेंसर, प्रिंटिंग, नकली किताबों का धंधा सहित हर पहलुओं की जांच करेगी और नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

**-अजय गणपति कुंभार**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

# जनपद में इस बार गेहूं खरीद के लिए खोले जाएंगे 108 क्रय केंद्र



अधिकारियों के समक्ष समस्या रखते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- एडीएम ने किसान प्रतिनिधियों, राइस मिलर्स व संबंधित क्रय एजेंसियों के साथ की बैठक
- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जनपद में एक अप्रैल से गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर किसान प्रतिनिधियों, राइस मिलर्स व संबंधित क्रय एजेंसियों के साथ बैठक आयोजित हुई। उन्होंने क्रय एजेंसियों को निर्देश दिए कि गेहूं क्रय केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। साथ ही बताया कि इस बार जनपद में गेहूं खरीद के लिए 108 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन सभागार में बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर व्हाटसअप नंबर अंकित किया जाएगा। जिसमें किसान क्रय केंद्र से संबंधित परेशानियों को व्हाट्सअप नंबर पर मैसेज या वीडियो डाल सकते हैं। समस्या का संज्ञान लेते हुए प्रशासन की ओर से शीघ्रता से समाधान किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन सभागार में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 108 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि जनपद में खाद्य विभाग के 18, सहकारिता विभाग के 51, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 7, एनसीसीएफ के 15 व पीसीयू के 17 तोल कांटे लगाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर तोल कांटे और बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी क्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में वारदाना उपलब्ध कराएं। ताकि खरीद के समय वारदानों की कमी न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं क्रय के संबंध में जो भी कार्य किये जाने हैं उन्हें प्लानिंग के तहत समय से पूर्ण करें।

### ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को समय पर दें जानकारी

रुद्रपुर : अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तोल कांटा का परीक्षण करते हुए उन्हें निर्धारित स्थानों पर लगाएं। संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी क्रय केंद्रों पर लगाई जाएगी उन कर्मचारियों को पूर्व में ही पूरी जानकारी देते हुए तैनात करें। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों में कोई भी अनियमितता पायी गयी तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गेहूं क्रय केंद्रों पर स्वच्छ पानी, शौचालय, विद्युत आदि की व्यवस्थाएं भी करें।

### ये रहे मौजूद

आरएफसी सीएस मर्तोलिया, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ.वीके यादव सहित सभी मंडी सचिव, यूसीएफ, एनसीसीएफ, खाद्य विभाग, सहकारिता, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ व विभिन्न किसान संगठनों और राइस मिलर्स मौजूद थे।


HINDUJA HOUSING FINANCE

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- अनिल कुमार, 9927028507

सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/HDW/HDWN/A000000639 श्री धीरज कुमार वर्मा, बी 858 आवास विकास वार्ड नंबर 20, 0, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153, श्रीमती अल्पाना वर्मा, आवास विकास कॉलोनी, 0, वार्ड नंबर 20 रुद्रपुर, रवि दास मंदिर के पीछे, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153 | 07-01-2026 / 14-03-2026 सांकेतिक | ₹ 2836688 दिनांक 06-01-2026 तक + ब्याज इत्यादि | खेत नं. 45/1, जगतपुर गांव, प्लॉट नं. ए37, लक्ष्मी विलास कॉलोनी, रुद्रपुर, यूएस नगर, उत्तराखंड 263153, रुद्रपुर, रवि दास मंदिर के पीछे, अर्धनगरीय, रुद्रदपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153, सीमाएंः उत्तर – प्लॉट नं. ए 38, दक्षिण – प्लॉट नं. ए 36, पूर्व – सड़क 30 फीट, पश्चिम – सड़क 30 फीट |
| 2 | UP/HDW/KTMA/A000000090 श्री. गुरमेज सिंह और श्री. भगत सिंह और श्रीमती प्रेम कौर, दोनों : पचपेरा नानकमता, नानकमता, अर्धशहरी, सीतारागंज, उत्तराखंड, भारत – 262311 | 07-01-2026 / 14-03-2026 सांकेतिक | ₹ 922193 दिनांक 06-01-2026 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नंबर 66, खेत नंबर 7/3 मिनट पचपेरा भट्ट नानकमता, नानकमता, अर्धशहरी, सीतारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311, सीमाएंः उत्तर – भगत सिंह की भूमि, दक्षिण – सड़क, पूर्व – रामकुमार की भूमि, पश्चिम – सतनाम सिंह की भूमि |
| 3 | UP/ALI/MDBD/A000000203 श्री मेहंदी हसन अंसारी और श्रीमती महनाज महनाज, दोनोंः रहमत नगर मुरादाबाद, 0, रहमत नगर मुरादाबाद, अर्धशहरी, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 244001 | 10-01-2025 / 17-03-2026 सांकेतिक | ₹ 1324773 दिनांक 10-01-2026 तक + ब्याज इत्यादि | भडोरा रहमत नगर मुरादाबाद, भडोरा रहमत नगर मुरादाबाद, अर्धशहरी, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 244001, सीमाएंः उत्तर – प्लॉट रशीद हुसैन, दक्षिण – माकन फारुक हामिद, पूर्व – प्लॉट हसमत, पश्चिम – रास्ता 3.05 मीटर चौड़ा |
| 4 | UP/ALI/RMPR/A000000243 श्री सफदर अली श्रीमती नजमा बेगम, दोनों : पटवाई पोस्ट और तेह शाहाबाद, 0, पोस्ट और तेह शाहाबाद रामपुर, नीम वाली मजार के पास शाहाबाद रोड, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244901 | 10-01-2025 / 18-03-2026 सांकेतिक | ₹ 1025526 दिनांक 10-01-2026 तक + ब्याज इत्यादि | पटवाई पोस्ट रामपुर, पटवाई पोस्ट रामपुर, शाहबाद रोड नीम वाली मजार, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244901, सीमाएंः उत्तर – खेत राधे, दक्षिण – रास्ता 18 फीट चौड़ा, पूर्व – प्लॉट फहीम, पश्चिम – प्लॉट फरजाना |
| 5 | UP/ALI/MDBD/A000000123 श्री हिमांशु हिमांशु और श्रीमती गीता रानी और श्री नितेश कुमार, दोनोंः रजाकपुर अमरोहा, अमरोहा, सेमीअर्बन, अमरोहा, उत्तर प्रदेश, भारत – 244221 | 11-12-2025 / 17-03-2026 सांकेतिक | ₹ 955935 दिनांक 11-12-2025 तक + ब्याज इत्यादि | गांव रजाकपुर पोस्ट अमरोहा, अमरोहा, मेट्रो, अमरोहा, उत्तर प्रदेश, भारत – 244221, सीमाएंः उत्तर – मकान अतर सिंह, दक्षिण – रास्ता 4.27 मीटर, पूर्व – घेर विहार, पश्चिम – माकन अमीचंद |
| 6 | UP/HDW/HDWN/A000000130 & UP/HDW/HDWN/A000000332 श्री पलविंदर सिंह और श्री बलविंदर सिंह, दोनोंः बिदौरी नानकमता सीतर्गंज, नानकमता, गुरुद्वारा, सेमीअर्बन, सीतर्गंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 | 11-12-2025 / 14-03-2026 सांकेतिक | ₹ 954976 दिनांक 11-12-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खतौनी नंबर 31, खेत नंबर 83/1/1, कौंडाखेड़ा, नानकमता, जिला – यूएस नगर, नानकमता, गुरुद्वारा, अर्धशहरी, सीतारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405, सीमाएंः उत्तर – 12 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण – शंकर लाल, पूर्व – दर्शन सिंह का मकान, पश्चिम – हरभजन का मकान |
| 7 | UP/HDW/KTMA/A000000161 श्री धनराज गुजरात, तरुण कंप्यूटर, 0, मझरा रोड, सीशोरा, सीतारगंज, सेमीअर्बन, सीतारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 श्रीमती मीना देवी गुजरात, गुर्जर मोहल्ला वार्ड1, 0, भीलवाड़ा, 0, सेमीअर्बन, भीलवाड़ा, राजस्थान, भारत – 311801 | 11-12-2025 / 14-03-2026 सांकेतिक | ₹ 1120769 दिनांक 11-12-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नंबर 887/1 मिन, गांव सिसौना, सीतारागंज, यूएस नगर, उत्तराखंड 262405, सिसौना, 0, अर्धशहरी, सीतारागंज, उत्तराखंड, भारत – 262405, सीमाएंः उत्तर – सड़क, दक्षिण – कुलदीप राणा का घर, पूर्व – सड़क, पश्चिम – मनिंद्र नेगी का प्लॉट |
| 8 | UP/HDW/RDRP/A000000255 श्री. धीरेंद्र कुमार और श्रीमती मुन्नी देवी, दोनोंः गली नंबर 4 बालाजी मंदिर रोड शारदा कॉलोनी रामपुर, रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244921 | 16-12-2025 / 14-03-2026 सांकेतिक | ₹ 944026 दिनांक 13-12-2025 तक + ब्याज इत्यादि | गाटा नं.7 मिन डिब्दिबा बिलासपुर रामपुर, रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत – 244921, सीमाएंः उत्तर – प्लॉट नं. बी–20, दक्षिण – 18 फीट रोड, पूर्व – प्लॉट नं. बी–18, पश्चिम – 18 फीट रोड |
| 9 | UP/ALI/MDBD/A000000324 श्री परवेज आलम और श्रीमती रूबी रूबी और श्री असगर अली, दोनोंः अगवानपुर मुरादाबाद, 0, अगवानपुर मुरादाबाद, सेमीअर्बन, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 244001 | 06-11-2025 / 17-03-2026 सांकेतिक | ₹ 2796721 दिनांक 06-11-2025 तक + ब्याज इत्यादि | अगवानपुर मुरादाबाद, अगवानपुर मुरादाबाद, अर्धशहरी, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 244001, सीमाएंः उत्तर – तस्लीम सैफी और अन्य का मकान, दक्षिण – 8 फीट चौड़ी गली, पूर्व – श्री निसार हुसैन का मकान, पश्चिम – श्री अख्तर का मकान और अन्य |
| 10 | UP/HDW/KSHP/A000000168 श्री मोहम्मद नसीम, चुना गली गंज काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713, श्रीमती नूरजहाँ, वार्ड नंबर 19 चुना गली मोहल्ला गंज काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 श्री मोहम्मद फहीम, चुना गली गंज वार्ड नंबर 13 काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713 | 06-11-2025 / 14-03-2026 सांकेतिक | ₹ 1113598 दिनांक 06-11-2025 तक + ब्याज इत्यादि | चुना गली गंज वार्ड नं.13 काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713, सीमाएंः उत्तर – शम्सुद्दीन का मकान, दक्षिण – मोहम्मद अनीस का मकान, पूर्व – 9 फीट रोड, पश्चिम – मोहम्मद तस्लीम का मकान |

दिनांक : 18-03-2026, स्थान : हल्द्वानी

प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड


# संवेदनशील स्थलों पर हुआ मॉक ड्रिल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को जनपद के विभिन्न संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थलों पर बहुआयामी आपदा परिदृश्यों पर आधारित ''मॉक ड्रिल'' का सफल आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करना और संसाधनों की तत्परता का परीक्षण करना था। प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन गौरव पांडे और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी वेब लिंक के माध्यम से इस अभ्यास से जुड़े रहे।

जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट आपदा स्थितियों का सिमुलेशन (यथार्थपरक अभ्यास) किया गया। किच्छा के दरऊ क्षेत्र में टिड्डी दल से फसलों की सुरक्षा का अभ्यास हुआ, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में भूकंप के बाद शॉर्ट सर्किट से लगी आग पर नियंत्रण और घायलों के रेस्क्यू का प्रदर्शन किया गया। खटीमा के लोहिया हेड में शारदा बैराज का जलस्तर बढ़ने से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति में एनडीआरएफ और पुलिस टीमों ने राहत कार्य किया।

वहीं, संजय वन (टांडा रेंज) में मानव-वन्यजीव संघर्ष और पंतनगर व काशीपुर (आईजीएल) में सीएनजी व इथाईलीन ऑक्साइड गैस रिसाव जैसी गंभीर स्थितियों पर प्रभावी नियंत्रण का अभ्यास हुआ। इस दौरान एसडीएम ऋचा सिंह, तुषार सैनी और अभय प्रताप सिंह ने इंसिडेंट कमांडर की भूमिका निभाई। अभ्यास में एसडीआरएफ, फायर सर्विस, पुलिस और मेडिकल टीमों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लेकर सुरक्षा मानकों का सफल परीक्षण किया।



आईजीएल में गैस के रिसाव को नियंत्रण करती आपदा टीम। ● अमृत विचार

# पं. मालवीय के नाम पर भव्य चौक बने

संवाददाता, रुद्रपुर

- श्री सनातन धर्म सभा के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन
- महापौर विकास शर्मा ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया

**अमृत विचार:** श्री सनातन धर्म सभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से मुलाकात कर भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के नाम पर एक भव्य चौक की स्थापना की मांग की। साथ ही एक ज्ञापन सौंपा। महापौर ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बुधवार को महापौर को सौंपे ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पूर्व में सनातन धर्म सभा के संस्थापक और भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के सम्मान में गुड़ मंडी चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने और चौक का नामकरण करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन यह योजना अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। इस दौरान महापौर ने आश्वस्त किया कि वे इस मांग को जल्द ही धरातल पर उतारेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के सभी चौक चौराहों को धार्मिक पहचान देने का संकल्प लिया। साथ ही कहा कि निकट भविष्य में शहर के प्रमुख चौक चौराहे अलग ही स्वरूप में नजर आयेंगे। प्रतिनिधिमंडल में श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, विजय जग्गा और मोहन अरोरा उपस्थित रहे।

# पिटाई के आरोपी की दूसरी बार जमानत अर्जी खारिज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 24 फरवरी को नमाजी पिटाई प्रकरण के अभियुक्त की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। दूसरी बार जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रभारी सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त का आपराधिक इतिहास देखते हुए जमानत याचिका को खारिज कर दी है।

बताते चलें कि 24 फरवरी की दोपहर को दिहाड़ी मजदूरी करने वाले शाहिद निवासी रेशमबाड़ी ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिस वक्त वह खुले मैदान में नमाज पढ़ रहा था कि तभी अटरिया मंदिर कमेटी के प्रबंधक अरविंद शर्मा अपने साथी के साथ आया और बेरहमी से पिटाई कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जबकि वह बार-बार हाथ जोड़कर यही विनती करता रहा। बावजूद अमानवीय व्यवहार होता रहा। प्रकरण के कुछ दिनों बाद अभियुक्त अरविंद शर्मा ने थाना पंतनगर में आत्मसमर्पण किया और दूसरे दिन ही निचली अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। 18 मार्च को अभियुक्त ने दूसरी बार जमानत याचिका दायर की और प्रकरण की सुनवाई प्रभारी सत्र न्यायाधीश आशुतोष मिश्र की अदालत में हुई। जहां वादी अधिवक्ता आरपी सिंह ने अदालत के सामने अभियुक्त का आपराधिक इतिहास सहित तथ्य सामने रखे और दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त की जमानत याचिका खारिज दी।

### 11 मुकदमे बने जमानत में अड़चन

रुद्रपुर : चर्चित नमाजी पिटाई प्रकरण के अभियुक्त अरविंद शर्मा की जमानत खारिज होने में अभियुक्त पर दर्ज 11 मुकदमे अड़चन पैदा कर रहे हैं। कारण अधिवक्ता एसपी सिंह ने अदालत के सामने जहां 11 मुकदमों का आपराधिक इतिहास रख दिया। वहीं यह भी तथ्य सामने रखे कि अभियुक्त ने नमाजी को पीटकर समाज में वैमस्य, धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। वीडियो वायरल होने के बाद लगातार धमकी भरे अंदाज में वीडियो वायरल की और पूर्व पत्नी को भी फोन पर धमकाया। जिसका मुकदमा भी पंजीकृत हुआ है।

### अपीलीय जमानत पर रिहा है अभियुक्त

रुद्रपुर : हत्या प्रकरण में सजायाफ्ता एवं नमाजी पिटाई प्रकरण के अभियुक्त अरविंद शर्मा अपीलीय जमानत पर रिहा है। अधिवक्ता एसपी सिंह का कहना था कि बीएनएनएस 480 अपीलीय जमानत में शर्त होती है कि रिहा होने वाला दोषी समाज में वैमनस्य की भावना या फिर किसी भी अपराध की वारदात को अंजाम नहीं देगा। इसके अलावा समाज में उसका आचरण और व्यवहार भी अहम रहेगा।

सख्ती | नवरात्रि के मद्देनजर आदेश हुआ पारित, कच्चा-पक्का मांस बेचने पर होगी कार्रवाई, एसओपी जारी

# महापौर का ऐलान : निगम इलाके में नहीं बिकेगा नॉनवेज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को नॉनवेज की बिक्री पर चर्चाओं में आए महापौर विकास शर्मा ने एक बार फिर ऐलान किया है कि नवरात्र हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। जिसको ध्यान में रखते हुए नौ दिनों तक नगर निगम इलाके में नॉनवेज बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 19 से 27 मार्च तक कड़ाई से लागू रहेगा।

बुधवार को महापौर विकास शर्मा ने बताया कि पहले निगम ने मंगलवार को नॉनवेज बंद करने का निर्णय लिया था। नवरात्र हिंदुओं की आस्था का केंद्र है और सभी लोग नॉनवेज छोड़कर लहसुन प्याज का सेवन भी नहीं करते हैं और नवरात्र के पहले दिन प्रत्येक घरों में देवी की स्थापना होगी। आस्था को ध्यान में रखते हुए निगम ने एसओपी जारी की है कि निगम इलाके में कच्चा या फिर पक्का मांस खिलाता या फिर बेचता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। जिसको ध्यान में रखते हुए नगर निगम की टीम होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार बिक्री व खिलाई नहीं होने दी जाएगी। पकड़े जाने पर दुकान को सीज कर दी जाएगी। साथ ही छापेमारी टीम वीडियोग्राफी भी करेगी। किसी भी व्यक्ति ने नगर निगम की गाइडलाइन का उल्लंघन किया। उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम ने पांच मंदिर में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

रुद्रपुर : चैत्र नवरात्र के पर्व को लेकर नगर निगम ने शहर के मंदिरों में स्वच्छता का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। महापौर विकास शर्मा ने शहर के पांच मंदिर से अभियान की विधिवत शुरूआत की। धार्मिक जयकारों के बीच महापौर ने निगम की टीम, सामाजिक और धार्मिक कार्यकर्ताओं के साथ खुद झाड़ू उठाकर श्रमदान किया और आम जनमानस को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के तहत मंदिर परिसर और उसके आसपास कीटनाशक दवा और चूने का छिड़काव भी किया गया। बुधवार को महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नवरात्र शक्ति की उपासना का महापर्व है। नगर निगम का संकल्प है कि इस दौरान श्रद्धालुओं को मंदिरों में पूर्णत: स्वच्छ और भक्तिमय वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर शहर के प्रमुख मंदिर न केवल स्वच्छता से महकेंगे, बल्कि उन्हें भव्य साज-सज्जा और आकर्षक रोशनी से भी जगमगाया जाएगा। महापौर ने कहा कि इन नौ दिनों में मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ती है, जिसे देखते हुए सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने नगर निगम ने मंदिरों की सुंदरता बढ़ाने के लिए विशेष योजना बनाई है, जिसके तहत देवालयों को लाइटों और फूलों की मालाओं से सजाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य बाजार के पार्षद चिराग कालड़ा, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, राजन राठौर, मोहन तिवारी, राजू नबियाल, अमित अरोरा, बॉबी, विजय तोमर, राकेश अरोरा आदि उपस्थित रहे।



पांच मंदिर के बाहर निगम कर्मियों के साथ सफाई करते महापौर विकास शर्मा।

ब्रीफ न्यूज

## दो सड़कों के निर्माण को 1.31 करोड़ की स्वीकृति

**किच्छा :** क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के निरंतर प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को राज्य योजना के अंतर्गत वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। कुल 1.31 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों में ग्राम वीरूनगला में 1.550 किलोमीटर लिंक मार्ग का पुनर्निर्माण (79.86 लाख) और ग्राम बडोरा के आंतरिक मार्गों में सीसी ब्लॉक पेवमेंट निर्माण (51.07 लाख) शामिल है। विधायक बेहड़ ने कहा कि इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

## सरोज और लक्ष्मी मेहता हुईं पदोन्नत

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की शिक्षिका सरोज बोरा को 1-यूके एअर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर के कमांडिंग ऑफिसर द्वारा सेकंड ऑफिसर पद पर पदोन्नति किया गया। उधर, सिटी कॉन्वेंट स्कूल की एयर विंग एनसीसी की एएनओ लक्ष्मी मेहता का सेकेंड ऑफिसर के पद पर पदोन्नत किया गया है।

## खुशबू का नवोदय विद्यालय में चयन

**खटीमा :** प्राथमिक विद्यालय बगुलिया की छात्रा खुशबू ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास कर छेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। खुशबू की सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक अध्यक्ष कमान सिंह सामंत, प्रधानाध्यापिका अंबिका कुशवाहा, एसएमसी अध्यक्ष ऊषा देवी आदि ने बधाई दी है।

## संयुक्त सीमांकन में देरी होने से आक्रोश जताया

**सितारगंज :** वन एवं राजस्व विभाग की जमीनों का सीमांकन किए जाने को लेकर लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। गांव साधूनगर, उकरौली, कल्याणपुर समेत आसपास के ग्रामीणों ने मामले में सीएम को ज्ञापन भेजकर संयुक्त सीमांकन कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि 24 मई 2025 को तराई पूर्व वन प्रभाग हल्द्वानी ने राजस्व विभाग के साथ संयुक्त सीमांकन के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया था लेकिन राजस्व उपनिरीक्षक उपस्थित नहीं हुए। जिस कारण सीमांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इधर, पूर्व विधायक नारायण पाल ने डीएम नितिन सिंह भदौरिया से मुलाकात की। इस मौके पर चरणजीत कौर मौजूद रहे।

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट कार्यकर्ताओं से बोले-मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने में जुट जाएं

# लोकतंत्र की बुनियादी प्रक्रिया में बीएलए-1 और बीएलए-2 की भूमिका महत्वपूर्ण

संवाददाता, रुद्रपुर



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य वक्ता दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आगामी चुनावी चुनौतियों और संगठनात्मक मजबूती को देखते हुए भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य वक्ता दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट ने बूथ स्तर के प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की इस बुनियादी प्रक्रिया में बीएलए-1 और बीएलए-2 की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है।

बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुरेश भट्ट ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने में जुट जाएं। जिन पात्र नागरिकों के नाम अभी तक सूची में शामिल नहीं हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाए। पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए उन नामों को सूची से हटाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं को दी गई है जो अब उस क्षेत्र में निवास नहीं करते या जिनका निधन हो चुका है।

सांगठनिक बैठक में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला सह प्रभारी साकेत अग्रवाल, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने भी अपने विचार रखे। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष एसटी मोर्चा प्रेम सिंह राणा, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, रमेश जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, चेयरमैन सचिन शर्मा, सुरेश कोहली और कार्यक्रम जिला संयोजक गजेंद्र प्रजापति ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

### 21 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचेंगे हल्द्वानी में

**रुद्रपुर :** कार्यशाला के दौरान 21 मार्च को हल्द्वानी में होने वाले भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा भी साझा की गई। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तराखंड की देवभूमि से जनता को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में होने वाला यह कार्यक्रम राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### ये लोग रहे मौजूद

प्रेम सिंह, सुखदेव, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, अमित नारंग, इंदरपाल मान, शालिनी बोरा, जिला मंत्री विमला बिष्ट, प्रमोद मित्तल, कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत, आईटी संयोजक मानस जायसवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बिट्टू चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता सक्सेना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश बजाज, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

# संगठन की मजबूती जीत का असली आधार

संवाददाता, रुद्रपुर



सम्मेलन में मौजूद राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, महापौर विकास शर्मा।

**अमृत विचार:** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से चुनावी मोड में जुटने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि संगठन की मजबूती और बूथ स्तर की सक्रियता ही जीत का असली आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत का मूल मंत्र देते हुए कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि पूरे देश के साथ उत्तराखंड में भी पार्टी का विशेष प्रशिक्षण अभियान जारी है, जिसका लक्ष्य प्रत्येक बूथ को अभेद बनाना है।

बुधवार को नगर निगम सभागार में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गौतम ने कहा कि भाजपा को राजनीतिक क्षेत्र में अजर-अमर बनाने की जिम्मेदारी समर्पित कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में धामी सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रहार और जनहित के कड़े फैसलों से पूरे देश के सामने एक नई नजीर पेश की है। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता का अटूट भरोसा भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा और डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों पर है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में रुद्रपुर नगर निगम क्षेत्र सहित पूरे जिले के बुनियादी ढांचे को ऐतिहासिक रूप से मजबूत किया गया है।

# सरकारी भूमि पर नमाज की अनुमति नहीं दी

## कोतवाली में हुई अमन चैन कमेटी की बैठक में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हुए आग बबूला, रोष जताया

संवाददाता, रुद्रपुर



कोतवाली में अमन चैन कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व मुस्लिम नेता।

**अमृत विचार:** खेड़ा बस्ती स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज पढ़ने के प्रस्ताव को एक बार फिर अमन चैन कमेटी की बैठक में पुलिस और जिला प्रशासन ने ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी काबिज भूमि पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिसको लेकर पहली बार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी आग बबूला हो गए और उन्होंने अपनी तीखी प्रतिक्रिया भी दी।

बताते चलें कि दिसंबर में जिला, पुलिस और नगर निगम प्रशासन ने खेड़ा स्थित ईदगाह की भूमि को सरकारी बताते हुए करीब आठ एकड़ भूमि पर अपना कब्जा कर लिया था, जबकि मुस्लिम समुदाय भूमि को वर्षों पुरानी ईदगाह स्थल बता रहे थे। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने करीब ढाई एकड़ दर्ज भूमि को छोड़ दिया था।

प्रकरण को लेकर कई बार मुस्लिम नेताओं ने मेयर और डीएम से महज दो घंटे की नमाज पढ़ने की अनुमति मांगी, लेकिन मंगलवार को प्रभारी एसडीएम गौरव पांडेय पुलिस फोर्स के साथ ईदगाह गए थे और नमाज नहीं पढ़ने की हिदायत दी थी।

एक बार फिर प्रयास करते हुए बुधवार को कोतवाली में एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, सीओ प्रशांत कुमार, कोतवाल मनोज रतूड़ी के साथ अमन चैन कमेटी की बैठक में नेताओं ने दो घंटे की नमाज पढ़ने की अनुमति देने या फिर एक भूखंड देने का प्रस्ताव रखा था। जिसको प्रशासन ने ठुकरा दिया। इस दौरान बैठक में मौजूद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा भी भड़क गए और उन्होंने भाजपा सरकार पर जाति-धर्म के नाम पर कौमी एकता को खंडित करने का आरोप मढ़ दिया। जिसके बाद एक बार फिर राजनीति गरमाने लगी है।

### आज नेता प्रतिपक्ष आर्य के समक्ष उठाएंगे मुद्दा

**रुद्रपुर :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस प्रकार भाजपा शासन में विशेष जाति के समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही है। उससे साफ है कि प्रशासन जानबूझकर कौमी एकता को बिगाड़ना चाहता है। इसी कारण ईद की नमाज को पढ़ने नहीं दिया जा रहा है। जिसके बाद समुदाय के लोगों के लिए ईद का त्यौहार नहीं, बल्कि काला दिवस होगा। मामले को लेकर गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से मुलाकात कर मुद्दा उठाया जाएगा।

### काशीपुर में भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

**काशीपुर :** नवरात्र और ईद पर्व को लेकर कोतवाली काशीपुर, आईटीआई और कुंडा में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाली में प्रभारी सीओ विभव सैनी की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने कहा कि चैत्र नवरात्र व ईद का त्योहार एक साथ हो रहा है। ऐसे में त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। यहां पर तहसीलदार पंकज चंदोला, नगर निगम की एसएनए शालिनी नेगी, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, हसीन खान, अब्दुल कादिर, संजय चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। उधर आईटीआई व कुंडा कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक कर सख्त हिदायत दी गई।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**काशीपुर :** पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह के नेतृत्व में आगामी ईद पर्व के दृष्टिगत काशीपुर पुलिस द्वारा काशीपुर मुख्य बाजार, किला तिराहा, अल्ली खां चौक, महेशपुरा में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों से ईद पर्व को भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से शांतिपूर्वक मनाएं जाने की अपील की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति/ शरारती तत्वों व संदिग्ध वस्तु/ संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर पुलिस का सहयोग कर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिये कहा गया।

### पार्षद पति बाबू खान आए आवेश में

**रुद्रपुर :** अमन चैन कमेटी बैठक में जब पुलिस एवं प्रशासन ने प्रस्ताव को ठुकराया तो मुस्लिम नेता उठकर जाने लगे। इस बीच आवेश में आकर पार्षद पति बाबू खान ने कहा कि प्रशासन का मानना यह है कि समुदाय की ससुराल यूपी में है तो ढोल नगाड़े बजाकर समाज के लोगों को खदेड़ कर यूपी भेज दिया जाए। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज देश प्रदेश की समृद्धि के लिए होती है। भारत एकता-अखंडता का प्रतीक है। ऐसे में इतनी नफरत होगी किसी ने सोचा नहीं था।

# ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी जन्मोत्सव मनाया गया



ब्रह्मलीन माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अनुयायी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारत का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सात दिवसीय भागवत कथा के बाद मां चिंतपूर्णी मंदिर से वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कॉलोनी तक ध्वज यात्रा निकाली गई और मामा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जन्मोत्सव पर अनंत प्रेम आश्रम से निष्ठानंद बाईख, मनकामेश्वर आश्रम से नारायण चैतन्य, बालाजी मंदिर से महंत मनीष सलूजा, प्रेम आश्रम से गायत्री नाथ, भूरारानी से कंचन बाई, तुलसीराम से राजेंद्र महाराज ने भी प्रवचनों देकर अनुयायियों को निहाल किया। धर्म प्रचारकों ने कहा कि स्वर्ग फार्म वाली देवी ने अपना जीवन त्याग व तपस्या में लगाया। उसी का परिणाम है कि हजारों की तादाद में अनुयायी जन्मोत्सव मना रहे हैं। संतो के बताए मार्ग पर चलकर जीवन सफल बनाना चाहिए।

इस मौके पर अमित नारंग, संजय जुनेजा, पल्ली गाबा, जगदीश ठुकराल, महंत श्याम खुराना, सतनाम सिंह, राजेश आनंद, राजीव ग्रोवर, अरविंद मिश्र, लक्ष्य शर्मा, नरेश घई, गौरव गुंबर, जिगर गुंबर, सन्नी, कपिल, तुलसीराम से बिल्लू खुराना, राजकुमार बागा, अनिल शर्मा, प्रीति ग्रोवर, राम लाल अदलखा, जगदीश अरोरा आदि मौजूद रहे।



सितारगंज में आग से नष्ट हुआ दुकान का सामान। ● अमृत विचार

## दुकान में धधकी आग, लाखों का सामान राख

**सितारगंज :** शॉर्ट सर्किट से आधी रात को कंफेक्शनरी की दुकान में आग लग गई। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। शक्तिफार्म के वार्ड नंबर चार निवासी जयंत बैरागी ने बताया कि वह 20 साल से सिडकुल में गुजरात अंबुजा की निर्माणाधीन कंपनी के सामने के पास कंफेक्शनरी की दुकान चला रहा है। मंगलवार रात वह अपने परिवार के साथ दुकान में ही सोया था। तभी रात करीब डेढ़ बजे बिजली के तारों से चिंगारी निकलने लगी। इससे वह घबरा गया और परिवारजनों को लेकर दुकान से बाहर निकल गया। बताया कि कुछ देर बाद दुकान में तेज विस्फोट हुआ और दुकान से तेज आग की लपटें निकलने लगी। कुछ ही देर में दुकान में रखा छह फ्रिज, काउंटर, कंफेक्शनरी का सारा सामान, दूध, दही, घी, पनीर के साथ घर का सामान, दो लाख नकदी सहित 12 लाख का सामान राख हो गया।

# बिरज में होली मची है, खेलत है नन्द लाल...

- थारू होली महा महोत्सव में 70 टीमों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में आयोजित होली महा महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं टीमें।

**अमृत विचार:** थारू होली महा महोत्सव में थारु समाज की परंपरागत होली की धूम रही। जिसमें खटीमा के अलावा नानकमत्ता, सितारगंज क्षेत्र की 70 टीमों ने प्रतिभाग किया। होल्यारों ने राम, कृष्ण, शिव पार्वती एवं विलुप्त ठिठोरी होली का ढोल की थाप पर मस्ती के साथ गायन किया।

ब्लॉक परिसर में आयोजित समारोह में थारू जनजाति की महिलाओं ने "बिरज में होली मची है खेलत है नन्द लाल...", "केवट की नैय्या आयी रही-धीरे चलियो गंगा", "दही मथे यशोदा मां- कन्हैया झूले पालना" आदि बोलों पर परंपरागत वेशभूषा में युवक-युवतियों की संयुक्त टीमों ने होली गायन किया। सांसद प्रतिनिधि कार्यक्रम आयोजन रविन्द्र सिंह राणा ने बताया कि यह क्षेत्र तराई का कौमी गुलदस्ता है। यहां थारू जनजाति समाज के लोग होली, दीपावली आदि त्योहारों की भांति ही जिन्दी एवं मरी होली खेलते एक दूसरे को बधाई देते हैं। थारु समाज की लुप्त होली के त्योहार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयास से पिरोकर अक्षूण रखने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम के प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने जनजाति समाज की होली को आदर्श का प्रतीक बताते हुए कहा कि कौमी गुलदस्ते में थारु समाज की जिन्दी एवं मरी होली की परंपरा महकते फूल के समान है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी रामू ने कहा कि समाज को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने में थारु समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने थारु समाज की परंपरा एवं संस्कृति को अक्षुण रखने में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख सरिता राणा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन किशन चंद (कुक्कू) बीडीसी एवं ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्य ने किया। कार्यक्रम में सतीश भट्ट, विनोद भारती, सतीश भट्ट, विपिन राणा, दान सिंह राणा, संजय कुमार गांधी वीडियो, गोपाल राणा चांदा, विमला मुड़ेला, नरेंद्र बिष्ट, बिमला बिष्ट, नवीन कन्याल, तेज सिंह मेहर, माया जोशी, पूरन जोशी, ललित बोरा मौजूद रहे।

# समिति के सदस्यों को 12 फीसदी लाभांश मिलेगा

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** उत्तरी सितारगंज दीर्घकालिक बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष मुन्नी देवी ने की।

बुधवार को समिति प्रांगण में आयोजित बैठक में समिति सचिव राकेश कुमार त्यागी ने विगत बैठक की कार्यवाही और संतुलन पत्र प्रस्तुत किया। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 25 लाख रुपए का बजट सदन में रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसके अलावा आगामी साल के लिए 30.16 करोड़ रुपये तक के अधिकतम दायित्व का प्रस्ताव को भी सदस्यों ने स्वीकृत कर दिया।

बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के ऑडिट पर भी चर्चा हुई। जो संतोषजनक पाया गया। समिति ने पिछले साल 22 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया। जिसके आधार पर सदस्यों को 12 फ़ीसदी लाभांश देने की घोषणा की गई। इस दौरान समिति सचिव राकेश त्यागी ने सभी सदस्यों से समय पर ऋण जमा करने की अपील की। साथ ही, किसानों से विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर बलवन्त सिंह राणा, अर्जुन सिंह राणा, जितेंद्र सिंह, मदनलाल, नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

आस्था

श्री श्री हरिचांद- गुरु चांद धर्म मंदिर परिसर में महामेले का कैबिनेट मंत्री ने किया उद्घाटन

# संस्कृति के प्रति बंगाली समुदाय में अटूट आस्था

संवाददाता शक्तिफार्म



गुरुग्राम में मौजूद जनसमूह को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा।

**अमृत विचार :** गुरुग्राम स्थित श्री श्री हरिचांद- गुरु चांद धर्म मंदिर परिसर में आयोजित, महामेले का कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाली समुदाय में धर्म एवं संस्कृति के प्रति अटूट आस्था है। उन्होंने मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए अपने निधि से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, हरि मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति को बचाए रखने के लिए, आने वाले पीढ़ी में धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बंगाली समुदाय में धर्म एवं संस्कृति के प्रति अटूट आस्था है, इसी आस्था को देखते हुए टैगोर नगर दुर्गा मंदिर, रुदपुर के बसंती मंदिर, सुरेंद्रनगर के तारकेश्वर धाम, निर्मल नगर में स्थित दुर्गा मंदिर समेत क्षेत्र के तमाम मंदिरों का उन्होंने सौंदर्यीकरण करवाया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में स्थित हरि मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए भी, अपने निधि से हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि रुदपुर एवं निर्मल नगर, 20 क्वार्टर निवासियों को अब बाढ़ की विभीषिका झेलना नहीं पड़ेगा। रुदपुर सुखी नदी के दोनों छोर पर एक करोड़ 46 लाख एवं निर्मल नगर व 20 क्वार्टर क्षेत्र में सुखी नदी के दोनों छोर पर आपदा मद से, 1 करोड़ 47 लाख लागत से पिचिंग कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्मल नगर में 11 करोड़ 80 लाख रुपए लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष जयंत मंडल, किरन बसु, तापस मिस्त्री, दिलीप मिस्त्री, रविंद्र विश्वास, श्रीकांत विश्वास, प्राण बढ़ई, गोविंद तालुकदार, सुधांशु सिकदार, प्रकाश राय, दीपक सरकार, संजीत ख़ान मौजूद रहे।

# मतुआ संप्रदाय का ग्रंथ है श्रीहरि लीलामृत

- तीन दिवसीय मतुआ महामेला का साधु विदाई के साथ किया समापन

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर में तीन दिवसीय मतुआ महामेला के समापन के बाद घर लौटते अनुयायी।

**अमृत विचार:** मतुआ का आश्रय भाव विभोर होने से है। इसी अभिप्राय के अनुरूप क्रियाकलापों को अपनाने वाला ही मतुआ संप्रदाय का सच्चा अनुयायी है। ये उदगार मठाधीश स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहे। इस दौरान हजारों मतुआ अनुयायियों ने स्वामी विवेकानंद महाराज से दीक्षा ग्रहण की।

बुधवार को श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर में तीन दिवसीय मतुआ महामेला के समापन से पूर्व धर्म परिचर्चा सभा को सम्बोधित करते मठाधीश स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहा कि मतुआ संप्रदाय का एक मात्र ग्रंथ ''श्रीहरि लीलामृत'' है। श्री हरिचांद ठाकुर युगावतार थे। ठाकुर जी की आराधना करने, उनके बताए मार्ग का अनुकरण करने और मधुकृष्णा त्रयोदशी तिथि पर कामना सागर में स्नान करने से सुख -शांति व समृद्धि के साथ ही मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने देशभर से आए हजारों अनुयायियों को टोलियों में दीक्षा दी। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से तीन दिवसीय महोत्सव संपन्न होने पर मेलाधिकारी तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन व थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट एवं मेले की व्यवस्था में सहयोग करने वाले अनुयायियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, सुधीर राय, शंकर मंडल, आशुतोष राय, शंकर हालदार, नित्यानंद मंडल, सत्यजीत विश्वास, सौरव मंडल, प्रीतम गाईन, संजय सरकार, विशंबर बैरागी, विष्णु शील, नारायण मंडल, राखाल मंडल, गुरुचांद ढाली, हरिदास हालदार, दीपांकर मंडल, प्रभाष विश्वास, प्रकाश माझी, राकेश अधिकारी, विजय ढाली आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आज से चैत्र नवरात्रि शुरू, तैयारियां पूरीं

**जसपुर** : नव संवत्सर के साथ शुरू होने जा रहे चैत्र नवरात्रि को लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर ली हैं। आज यानी गुरुवार को पहला नवरात्र होगा। आज श्रद्धालु अपने घरों में मां शैलपुत्री की पूजा करेंगे। आज से आगामी नौ दिनों तक मां दुर्गा के नव स्वरूपों की पूजा की जायेगी। नवरात्रि से पहले खरीददारी को लेकर ग्राहकों की भीड़ से बाजार गुलजार रहा। लोग पूजा सामग्री खरीदने के लिए उत्सुक दिखायी दिये। इस बार आगामी 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया जायेगा।

### दो गुमशुदा नाबालिग छह घंटे के भीतर बरामद

**काशीपुर** : आईटीआई कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 6 घंटे के भीतर दो गुमशुदा नाबालिगों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बीते दिनों कोतवाली आईटीआई में दो पीड़ितों ने अपनी नाबालिग पुत्रियों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल रवि कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खोजबीन शुरू कर दी। टीम ने तत्काल इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया और संभावित स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। साथ ही डायल 112 से मिली अहम सूचनाओं को आधार बनाते हुए नाबालिगों की सटीक लोकेशन ट्रेस की। पुलिस टीम ने दोनों नाबालिगों को सुरक्षित बरामद कर लिया।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर** : टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंद पड़ी शुगर फैक्ट्री के पास से अवैध तमंचे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बीते मंगलवार को उप निरीक्षक हेम चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी अवैध हथियार के साथ शुगर फैक्ट्री के आसपास घूम रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी रोबिन यादव निवासी बांसफोड़ान को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके विरुद्ध पूर्व में भी काशीपुर व अन्य थानों में चोरी और विभिन्न अपराधों के करीब 7-8 मुकदमे दर्ज हैं।

### अवैध कब्जे की शिकायत पर युवक पर जानलेवा हमला

**बाजपुर** : ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर निवासी इरफान अली ने आरोप लगाया कि 11 मार्च को स्वार कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने से नाराज होकर दबंगों ने उन पर हमला किया। बाजपुर के दोराहा क्षेत्र में रऊफ और तौसीफ नामक आरोपियों ने कार से आकर इरफान को घेरा और लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से उन पर अंधाधुंध वार किए। गंभीर रूप से घायल इरफान को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। पीड़ित के पास घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### विदेश भेजने के नाम पर 7.53 लाख की ठगी

**बाजपुर** : ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम मडैया हट्टू निवासी आकाश ने आरोप लगाया कि अमृतसर निवासी गुरजीत सिंह और उसकी साथी सरबजीत कौर ने उसकी पत्नी का वीजा लगवाने के नाम पर 7 .53 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने किस्तों में यूपीआई और नकद के माध्यम से यह रकम वसूली, लेकिन वीजा नहीं लगवाया।

#### औरंगजेब जैसे मूर्तिभंजक शासक को भी नतमस्मक होना पड़ा था यहां, चैत्र मास की नवरात्रि में हर साल लगता यहां चैती मेला

## 52 शक्तिपीठों में से एक है काशीपुर का मां बाल सुंदरी का मंदिर

संवाददाता, काशीपुर


विकास अग्निहोत्री।

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में कुंडेश्वरी मार्ग पर स्थित मां बाल सुंदरी मंदिर 52 शक्तिपीठों में से एक है। माता का यह नाम उनके द्वारा बाल रूप में की गई लीलाओं की वजह से पड़ा है। इसे पूर्व में उज्जैनी एवं उनकी शक्तिपीठ के नाम से भी जाना जाता था। यहां प्रतिवर्ष चैत्र मास की नवरात्रि में चैती मेला लगता है। धार्मिक एवं पौराणिक काल में इसे गोविषाण नाम से भी जाना जाता था।


मां बाल सुंदरी माता की प्रतिमा।


काशीपुर के चैती मैदान में स्थित मां बाल सुंदरी देवी का मंदिर। ● अमृत विचार

महाभारत काल का इतिहास समेटे काशीपुर में मुगल शासक औरंगजेब जैसे मूर्तिभंजक शासक को भी नतमस्मक होना पड़ा था। यहां उज्जैनी शक्तिपीठ के नाम से प्रसिद्ध मां भगवती बाल सुंदरी का मंदिर शक्तिपीठ भी माना जाता है।

किंवदंतियां है कि औरंगजेब की बहन का स्वास्थ्य खराब हुआ तो मां बाल सुंदरी ने उसकी बहन को सपने में दर्शन दिए, तब उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास कुमार अग्निहोत्री बताते हैं कि मेले में बरेली, पीलीभीत, बिजनौर, मुरादाबाद समेत दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाल सुंदरी के अलावा यहां शिव मंदिर, भगवती ललिता मंदिर, बृजपुर वाली देवी के मंदिर, भैरव, काली, नाग नागिन, शनिदेव, 64 योगिनी, खुजली माता, श्रवण कुमार, भगनाव गणेश आदि मंदिर भी हैं।

मां बाल सुंदरी का एक स्थायी मंदिर पक्काकोट मोहल्ले में अग्निहोत्री ब्राह्मण के क्षेत्र में स्थित है। इन ब्राह्मण परिवारों को स्थानीय चंद राजाओं से यह भूमि दान स्वरूप प्राप्त हुई थी। बाद में इस भूमि पर बाल सुंदरी देवी का मंदिर स्थापित किया गया।

### मंदिर में गिरी थी माता सती की बायीं भुजा

मुख्य पंडा के अनुसार, चैती परिसर में भगवान विष्णु द्वारा सुदर्शन चक्र से माता सती के अंगों को काटने के बाद माता की बायीं भुजा यहां गिरी थी। तब यहां माता की कोई मूर्ति नहीं, बल्कि एक शिला पर उनकी बायीं भुजा की आकृति गढ़ी हुई है, जिसकी श्रद्धालु पूजा करते हैं।

### अष्टमी से उमड़ते हैं श्रद्धालु

शाक्य संप्रदाय से संबंधित अधिकांश मंदिरों में नवरात्रि में मेले लगते हैं। इसी तरह मां बाल सुंदरी मंदिर में भी नवरात्रि में अष्टमी, नवमी व दशमी के दिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ती है। माता पक्काकोट मंदिर से सप्तमी की अर्धरात्रि को पहुंचती हैं।

### नव संवत्सर से पहले महाआरती

**काशीपुर:** मो. पक्काकोट स्थित नागनाथ मंदिर में नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभ आगमन की पूर्व संध्या पर राष्ट्र सेविका समिति के तत्वावधान में आयोजित महा आरती में समिति की दर्जनों सेविकाओं ने शामिल होकर एक-दूसरे को नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व मौजूद सभी महिलाओं ने मंदिर परिसर की गौशाला में जाकर चारा खिलाकर गौ सेवा की। वहीं सेविकाओं ने दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ कर भजन कीर्तन के साथ देवी-देवताओं समेत भारत माता की आरती की। साथ ही प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति नगर कार्यवाहिका माधवी सिंघल, सुरभि बंसल, अनु अग्रवाल, रितु अग्रवाल, मोनिका, सौरभ गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, सुधा राय, शालिनी गुप्ता, भाव्या अग्रवाल मौजूद रहीं।

## परेशानी: काशीपुर में नहीं हो रही गैस बुकिंग

#### उधर, जसपुर में तपती धूप में उपभोक्ता करते रहे अपनी बारी का इंतजार, पुलिस को संभालनी पड़ी व्यवस्था

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गैस एजेंसियों में रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति चालू है। इसके साथ ही होम डिलीवरी चालू है, लेकिन बुकिंग नहीं होने से परेशान लोग गैस एजेंसी में पहुंच रहे हैं।

नेहा इंडेन गैस एजेंसी के संचालक जोगेंद्र चिकारा के अनुसार बुधवार को उनकी एजेंसी में एक गाड़ी पहुंची है, जिसमें 360 सिलेंडर आए हैं। सबकी होम डिलीवरी हो रही है। केवल बुकिंग नहीं होने से परेशान उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। फिलहाल उनकी एजेंसी में एक हफ्ते का बैक लॉग चल रहा है। जिससे दो हजार गैस सिलेंडरों की आपूर्ति रुकी हुई है। वहीं, सबसे ज्यादा काशीपुर गैस एजेंसी के उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं।

यहां होम डिलीवरी की व्यवस्था लड़खड़ाने से सुबह से ही उपभोक्ता खाली गैस सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंच जा रहे हैं। ऑफिस में उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। यहां तक कि गैस एजेंसी के प्रबंधक फोन तक नहीं उठा रहे हैं।

लोगों का कहना है कि प्रशासन से लेकर शासन तक रोजाना यही कहा जा रहा है कि कहीं भी गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और लोग परेशान न हों लेकिन कई जगहों पर स्थिति यह है कि न तो एजेंसी के गोदाम से गैस सिलेंडर मिल रहा है और न ही होम डिलीवरी हो रही है। कहीं पर भी लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है।


जसपुर में गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगे उपभोक्ता। ● अमृत विचार


रुद्रपुर में हाईवे पर धरना देकर आक्रोश जतातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### सिलेंडर के लिए एजेंसी पर लगी लंबी लाइन

**जसपुर** : गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर लोग काम धंधा छोड़ सुबह से ही लाइन में लग रहे हैं। घंटों इंतजार के बाद तपती धूप में खड़े लोगों को सिलेंडर मिल पा रहे हैं। बुधवार को इंडेन की जसपुर गैस सर्विस एजेंसी पर लोगों की सुबह से ही लाइन लग गयी। एजेंसी प्रबंधक बीएस नेगी ने बताया कि 360 सिलेंडरों की गाड़ी आयी है, जो नियमानुसार उपभोक्ताओं को वितरित किए गए। होम डिलीवरी भी लगातार हो रही है। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से गैस बुकिंग की जा रही है। भारत गैस एजेंसी द्वारा भी अपने उपभोक्ताओं को लगातार गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि बुधवार को 720 सिलेंडर की दो गाड़ियां आई हैं। आपूर्ति निरीक्षक मुकुल गर्जोला ने बताया कि दोनों एजेंसियों की निगरानी की जा रही है। दोनों एजेंसियों का लगभग 3600 सिलेंडर का बैकलॉग चल रहा है। दोनों एजेंसियों पर पुलिस कर्मी तैनात हैं।

### रुद्रपुर में महिलाओं ने हाईवे पर दिया धरना

**रुद्रपुर** : नैनीताल रोड स्थित भारत गैस एजेंसी में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर सुबह से लोग लाइन में लगे रहे। लेकिन गैस सिलेंडर नहीं मिला तो लोग आक्रोशित हो गये और नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग में धरना देकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। बाद में गैस सिलेंडर मिलने के आश्वासन के बाद वे मान गयी और धरने से उठी। बुधवार को आवास विकास स्थित नैनीताल हाईवे पर भारत गैस एजेंसी में सुबह से लोग गैस सिलेंडर लेकर पहुंचे। इस दौरान कुछ लोगों को गैस सिलेंडर मिले, लेकिन सुबह से लाइन में लगने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिले। इससे आक्रोशित होकर लोगों ने गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर सड़क पर जाम लगा दिया। इस अवसर पर देवकी राजपूत दुर्गा देवी उमा मिस्त्री, गीता देवी, गीता जायसवाल समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

### इंडक्शन चूल्हों की बढ़ी मांग, इंफ्रा रेड चूल्हे बाजार में हुए खत्म

**जसपुर** : गैस की समस्या को देखते हुए लोगों ने इंडक्शन चूल्हे खरीदने शुरू कर दिये हैं। मांग बढ़ने पर बिजली के चूल्हों की कीमतों में भी इजाफा हो गया। वहीं इंफ्रा रेड चूल्हे दूकानों से खत्म हो गये। मैन बाजार में स्थित इलैक्ट्रोनिक्स व्यापारी अमित चौहान और प्रांकुर गर्ग ने बताया कि गैस की कमी से जूझ रहे लोग अब बिजली के चूल्हों की ओर रूख कर रहे हैं। पहले के मुकाबले इन चूल्हों की बिक्री 70 प्रतिशत बढ़ गयी है। वहीं इनकी कीमतों में भी इजाफा हुआ है। एक चूल्हे की कीमत लगभग तीन हजार रुपये हो गयी है। सभी प्रकार के बर्तनों के लिए चलने वाले इंफ्रा रेड चूल्हे की आपूर्ति बंद हो गयी है।

## समोसे का कारोबार छोड़ बेचनी पड़ रही सब्जी

संवाददाता, जसपुर

- चाट, समोसे का कारोबार हुआ बंद, रेस्टोरेंट में मैन्यू हुआ कम

**अमृत विचार:** कॉमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से कई लोगों का कारोबार बंद हो गया।

नगर में लगने वाले चाट, समोसे, छोले भटूरे, आदि के ठेले नदारद दिखायी दिये। ठाकुर मंदिर चौक पर चाट का ठेला लगाने वाले राजेश कुमार ने बताया कि सिलेंडर न मिलने की वजह से फिलहाल उनका कारोबार बंद है। वहीं समोसे का फड़ लगाने वाले विमल तिवारी ने बताया कि सिलेंडर के अभाव में उनका कारोबार बंद हो गया। जिस कारण उन्होंने अब सब्जी का कारोबार शुरू किया है। बाजार में बालाजी स्वीट्स के स्वामी शोभित अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने समोसा, जलेवी, इमरती समेत पचास प्रतिशत मिठाइयां बनानी बंद कर दी है। फोरलेन पर स्थित सिद्धू रेस्टोरेंट के स्वामी सरवन सिद्धू ने बताया कि उन्होंने मैन्यू में कमी की है। बताया कि अब लकड़ी के देसी चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है। ज्यादा गैस लगने वाले आइटम पकौड़े, चाउमीन आदि बनाने बंद कर दिये हैं। बताया कि अभी तो रमजान चल रहे हैं, ईद के बाद दिक्कतें और भी बढ़ सकती हैं।


जसपुर में सब्जी बेचते समोसा कारोबारी। ● अमृत विचार

## अस्पताल में इमरजेंसी रूम की मरम्मत शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में मरीजों और तीमारदारों को बेहतर सुविधा देने के मकसद से इमरजेंसी रूम के रिनोवेशन का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा ड्रेसिंग रूम, फर्स्ट एड रूम के साथ ही ईएमओ रूम की भी मरम्मत का काम शुरू हो गया है।

यहां बता दें कि सरकारी अस्पताल में रोजाना पांच सौ से अधिक मरीज पहुंचते हैं। काशीपुर, बाजपुर, जसपुर, रामनगर के अलावा सीमावर्ती उत्तर प्रदेश और गढ़वाल के मरीज भी बढ़ी संख्या में पहुंचते हैं। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में इनकी हालत खराब थी। इससे इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के साथ ही तीमारदारों को दिक्कत होती थी। सबसे ज्यादा दिक्कत इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर को होती थी। यहां दीवारों का प्लास्टर उखड़ चुका था और रंग रोगन भी नहीं हुआ था। मरीजों को देखने में दिक्कत होती थी। अब अस्पताल प्रबंधन ने इसके रखरखाव का जिम्मा उठाया है। पुराने प्लास्टर और टाइल्स को तोड़ा जा रहा है। अब नए और आधुनिक तरीके से इनका निर्माण होगा।


काशीपुर में सरकारी अस्पताल में काम करते श्रमिक। ● अमृत विचार

> मरीजों की सुविधाओं के विस्तार के लिए 9 लाख की लागत से रिनोवेशन का काम शुरू कराया गया है। इससे मरीजों को बेहतर इलाज मिलने में मदद होगी।
> -**डॉ. संदीप दीक्षित**, चिकित्साधीक्षक, राजकीय चिकित्सालय, काशीपुर।

### कम यात्री वाले रूटों से बसें हटाई जाएंगी

**काशीपुर:** मार्च माह में दिल्ली रूट पर यात्रियों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। यात्रियों की संख्या आगे भी कम हो रही है और बसों को रूट से हटाने पर विचार चल रहा है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध का असर देखने को मिल रहा है। आलम है कि यात्रियों की उपलब्धता को देखते हुए बसों का संचालन किया जा रहा है, ताकि डीजल की बचत हो सके। होली पर यात्रियों की संख्या अच्छी रही है, लेकिन अब यात्रियों की संख्या कम हो गई है। अधिकतर बसें कम सवारियों के ही दिल्ली से आ और जा रही हैं। काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि अभी दिल्ली रूट पर बसों की संख्या को कम नहीं किया गया है। यात्रियों की संख्या कम हो रही है।

## मारिया स्कूल में मनाया ग्रेजुएशन डे


जसपुर के मारिया स्कूल में बच्चों के साथ विधायक आदेश चौहान एवं स्कूल प्रबंधक। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** मारिया स्कूल में परीक्षा परिणाम आने के बाद उत्तीर्ण छात्रों समेत ग्रेजुएशन डे मनाया गया।

स्कूल के यूकेजी कक्षा के छात्रों को विधायक आदेश चौहान ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही आगे की कक्षा में अच्छे से पढ़ने के लिए उन्हे प्रेरित किया। ग्रेजुएशन डे के मौके पर स्कूल पहुंचे मुख्य अतिथि एवं विधायक आदेश चौहान का प्रधानाचार्य फादर जोमन, मैनेजर फादर मैथ्यू ने स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने उन्हे सलामी दी। इसके बाद नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विधायक आदेश चौहान ने स्कूल के शिक्षण कार्य की प्रशंसा कर बच्चों से मन लगाकर पढ़ने को कहा। यहां मैनेजर फादर मैथ्यू ,फादर टॉम, प्रिंसिपल फादर जोमोन टीए आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में एक दुकान पर खाद्य पदार्थों का सैंपल लेती टीम। ● अमृत विचार

### दुकानों से लिए खाद्य सामग्री के सैंपल, जांच को भेजे

**काशीपुर** : खाद्य विभाग की टीम ने काशीपुर के बाजारों में नवरात्र को लेकर बिक्री हो रहे वस्तुओं की जांच पड़ताल की है। इस दौरान टीम ने छह खाद्य सामग्री के सैंपलों को लिया। सहायक आयुक्त, अभिहित अधिकारी ललित मोहन पांडे ने बताया कि काशीपुर शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न रिटेल, मॉलों का निरीक्षण कर एक नमूना मूंगफली, एक नमूना सूजी, एक नमूना सिंघाड़ा आटा, दो नमूने कुट्टू आटे और एक नमूना सामक के चावल का लिया गया है। सभी नमूनों को राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा जा रहा है। वहीं कारोबारियों को कुट्टू का आटा बिना वैध खाद्य लाइसेंस, पंजीकरण के निर्माण, पैकिंग, संग्रह व विक्रय नहीं करने, पैकिंग पर एक्सपायरी तिथि होना अनिवार्य होने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी काशीपुर अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुद्रपुर आशा आर्य, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### पांच हुड़दंगी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**जसपुर:** स्थानीय पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से स्मैक बरामद की है। आरोपी हत्या के मामले में पहले भी जेल जा चुका है।

मंगलवार को बाजार चौकी इंचार्ज भूपाल राम पोरी ने पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान मोहल्ला नई बस्ती नहर पार निवासी नौशाद उर्फ सुल्ला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने 6.60 ग्राम स्मैक बरामद की। कोतवाल राजेन्द्र सिंह डांगी ने बताया कि आरोपी पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गयी है। वहीं पृथ्वीराज चौक पर कुछ हुड़दंगी लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच हुड़दंगियों को गिरफ्तार किया है।

**अवसर** भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर एक दिवसीय सेमिनार का किया आयोजन

## 30 विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग में प्राचार्या डॉ. सुमिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के बैज अलंकरण से हुआ। कार्यक्रम में 30 विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग प्रभारी डॉ. स्नेह लता ने पीपीटी के माध्यम से वनस्पति विज्ञान विभाग की आख्या प्रस्तुत की। बताया कि पूरे शैक्षणिक सत्र में विभाग ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर एक दिवसीय सेमिनार, एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र -छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम, करियर काउंसलिंग व्याख्यान, शैक्षणिक भ्रमण तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मॉडल प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चार्ट प्रतियोगिता एक्सटेम्पोर, स्टूडेंट सेमिनार, साइंस क्विज, विजुअल बायो-आईडेंटिफिकेशन आयोजित हुई।


काशीपुर में विजेता छात्रों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्या द्वारा लता नेगी, मोहम्मद समीर, साक्षी यादव, आर्जव रतूड़ी, सुमेरा सिद्दीकी, सुमेरा सिद्दीकी, श्रेया गौनियाल, उन्नति सारस्वत, मानसी कांडपाल, कुमकुम कश्यप, महक पवार, छवि सक्सेना, संध्या, कशिश शर्मा, सुनिधि चौहान, सुरभि, जगरूप सिंह, नदीम अहमद, सुभांगी समेत 30 विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया। एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद समीर एवं छात्रा लता नेगी को "बेस्ट परफॉर्मर" घोषित किया एवं पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रेनू, डॉ. अवनीन्द्र रावत, डॉ. राजेन्द्र परिहार आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को दी भौतिक विज्ञान की जानकारी

**काशीपुर:** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय चैती फार्म काशीपुर के विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान की जानकारी दी। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान एमएससी भौतिक विज्ञान, बीएससी भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी आशुतोष, श्वेता चौधरी, अंशिका, मोनिका सैनी, दिव्या आर्य, मुस्कान ने वायु दाबान्तर, वैधुत स्थैतिकी, चुंबकीय गुणों पर आधारित विज्ञान के चमत्कार करके दिखाये। इन जागरूकता गतिविधियों में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय के विजय कुमार, हर्षदीप सिंह, वर्ष, कशिश, अर्पित, दीपक, शिल्पी सहित 71 विद्यार्थियों ने विज्ञान की समझ जानी। प्रधानाचार्य विमल कुमार, प्रमोद पंत मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत दूर करने की मांग

**बनबसा** : कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद सिंह महरा ने सरकार से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या शीघ्र दूर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों श्री पूर्णागिरि माता का प्रसिद्ध मेला चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते होटल-ढाबों में कामकाज बढ़ गया है, लेकिन होटल व्यवसायियों को पर्याप्त कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उनके कारोबार पर असर पड़ रहा है। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी ने बताया कि टनकपुर गैस एजेंसी के प्रबंधक गोविंद आर्या ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही व्यापारियों को कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की परीक्षा 22 को, धारा 163 लागू

**अल्मोड़ा** : उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, देहरादून की ओर से फार्मासिस्ट पदों की लिखित परीक्षा 22 मार्च को होगी। परीक्षा के दिन धारा 163 लागू करने के आदेश परगना मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने दिए हैं। अल्मोड़ा के विभिन्न केंद्रों में 22 मार्च रविवार को उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, देहरादून फार्मासिस्ट पदों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परगना मजिस्ट्रेट ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से दिन में एक बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं, विभिन्न केंद्रों में परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए धारा 163 लागू की जा रही है। परगना मजिस्ट्रेट ने बताया कि इसके तहत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि सीमा के अंतर्गत अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार एवं लाठी डंडा, ध्वनि विस्तारक यंत्र ले जाने पर रोक रहेगी।

### जल पुलिस की तत्परता से युवक की जान बची

**बनबसा** : बुधवार को मां पूर्णागिरि दर्शन के लिए आया एक युवक शारदा घाट पर स्नान के दौरान तेज बहाव में बहने लगा। मौके पर तैनात जल पुलिस और बचाव टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जल पुलिस की तत्परता और साहसिक कार्यवाही की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

### महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का समापन

**बनबसा** : राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका कमला चड्ढा के निर्देशन में योगाभ्यास एवं प्रातः वंदना के साथ महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।



अल्मोड़ा में रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ● अमृत विचार

### पार्किंग निर्माण कार्य बंद होने पर जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा** : रेडक्रॉस सोसायटी नगर में पार्किंग सुविधाओं की मांग उठाई है। बुधवार को डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही नगर में पार्किंग निर्माण कार्य बंद होने पर नाराजगी जताई। ज्ञापन में कहा कि नगर निगम की ओर से बनाई जा रही पार्किंग का काम लंबे समय से बंद चल रहा है। सीएनडीएस कंपनी ने करीब दो माह से काम ठप रखा हुआ है। इससे आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही पार्किंग के निर्माण में समय लग रहा है। इसके अलावा लक्ष्मेश्वर बाईपास के बख्शीखोला और एचडीएफसी बैंक के पास बने कलमठ की स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने नई पार्किंग स्थल में रेडक्रॉस कार्यालय स्थापित करने और एलआर साह मार्ग पर नालियों के ऊपर लगाए गए ग्रिल के कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने की भी मांग की। ज्ञापन में उदयशंकर नाट्य अकादमी के पास सुरक्षा की दृष्टि से बनाई गई रेलिंग कार्य के लिए आभार जताया। ज्ञापन सौंपने वालो में रेडक्रॉस अध्यक्ष आशीष वर्मा, मनोज सनवाल, डॉ. जेसी दुर्गापाल, अमित साह मोनू, अर्जुन बिष्ट, अभिषेक जोशी रहे।

### सीएम धामी को निमंत्रण, कई बड़ी हस्तियां होंगी शामिल, भूमि पूजन समारोह के लिए तैयारियां शुरू

# देवीधुरा में बनेगा मां वाराही का भव्य मंदिर, कल होगा भूमि पूजन

- ऐतिहासिक बग्वाल मेले के लिए विख्यात है यह धाम

**संवाददाता, चम्पावत/देवीधुरा**

**अमृत विचार:** देश के प्रमुख शक्तिपीठों में शामिल देवीधुरा स्थित प्रसिद्ध वाराही धाम में मां ब्रज वाराही का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। सदियों पुराने बग्वाल मेले के लिए विख्यात इस धाम में मंदिर निर्माण के लिए 20 मार्च को भूमि पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।



देवीधुरा में मां वाराही के प्रस्तावित मंदिर स्थल का दृश्य। ● अमृत विचार

श्री वाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को विशेष निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह लमगड़िया ने बताया कि मुख्यमंत्री को 'मां वाराही का गुलाबी बुलावा पत्र' देकर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल सहित कई विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की उम्मीद है।

मंदिर निर्माण में डोल आश्रम के स्वामी कल्याण दास महाराज सहित अनेक संत-महात्मा भी उपस्थित रहेंगे। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी लेनदेन बैंक के माध्यम से किए जा रहे हैं। मंदिर का डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि सुबह की पहली सूर्य किरण सीधे मां वाराही का अभिषेक करेगी।

#### सोमपुरा ग्रुप के विपुल त्रिवेदी की देखरेख में होगा निर्माण

मंदिर निर्माण का कार्य गुजरात के प्रसिद्ध सोमपुरा ग्रुप के प्रमुख विपुल त्रिवेदी की देखरेख में किया जाएगा। 20 मार्च को शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन होगा। सुबह महिलाओं की पारंपरिक कलश यात्रा निकाली जाएगी, जबकि दोपहर 12 बजे से मुख्य कार्यक्रम शुरू होगा। समारोह में अतिथियों के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी भाग लेंगे।

# मंत्री रेखा आर्या ने सुनीं जनता की समस्याएं, समाधान के निर्देश दिए

### जन जन की सरकार बहुउद्देशीय शिविर में 552 लाभार्थी हुए योजनाओं से लाभान्वित

- शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 111 शिकायतें हुईं दर्ज

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत रामलीला मैदान सोमेश्वर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

शिविर के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जिसके लिए इस प्रकार के शिविर प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। कहा कि जनता इन शिविरों में अपनी समस्याओं को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के समक्ष आसानी से रख सकते हैं। कहा कि जनहित और विकास कार्यों से जुड़ी समस्याओं का समाधन करना अधिकारियों का दायित्व है। कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें और उनका समाधान करें।



सोमेश्वर में आयोजित शिविर में लाभार्थियों को बांटतीं मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

कहा कि इसमें लापरवाही बरतने वालों अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 111 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया। शेष शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में कुल 552 लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया, जिससे क्षेत्रीय जनता को सीधा लाभ मिला। समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिससे दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को बड़ी राहत प्राप्त हुई। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को 3 महालक्ष्मी किट भी वितरित किए गए। यहां सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एसडीएम संजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### रंगकर्मी हरीश पांडेय के निधन पर शोक

**बैरती (अल्मोड़ा):** राजकीय इंटर कॉलेज चित्रेश्वर के सेवानिवृत्त परिचारक एवं क्षेत्र के जाने-माने रंगकर्मी, गैराड़ निवासी हरीश चंद्र पांडेय का निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्रवासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



हरीश चंद्र (फाइल)।

कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे 69 वर्षीय हरीश चंद्र पांडेय ने बुधवार सुबह अपने आवास पर अंतिम सांस ली। दोपहर में चित्रेश्वर श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके पुत्र खजान ने उन्हें मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र, एक पुत्री, दामाद, पुत्रवधू तथा नाती-पोतों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। हरीश चंद्र पांडेय क्षेत्र में एक सक्रिय समाजसेवी और रंगकर्मी के रूप में विख्यात थे। उन्हें अपने आवास पर होली बैठकों का विशेष शौक था। अस्वस्थ होने के बावजूद इस वर्ष भी उनके आग्रह पर क्षेत्र के होली कलाकार उनके आवास पर आयोजित होली बैठक में शामिल हुए और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनके निधन पर भ्रातृ कला मंच चित्रेश्वर सहित समस्त क्षेत्रवासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# दायित्वों का पालन गंभीरता से करें सभी कार्मिक: तिवारी



अल्मोड़ा में रीप की ओर से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मौजूद कार्मिक।

- अल्मोड़ा में रीप की ओर से प्रशिक्षण शिविर आयोजित
- सीएलएफ के नवनियुक्त कार्मिकों ने किया प्रतिभाग

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्रशिक्षण में विकासखण्ड चौखुटिया, भिक्यासैंण, सल्ट, स्याल्दे एवं ताकुला के सीएलएफ के नवनियुक्त कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ परियोजना निदेशक ग्रामोत्थान एन तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग के साथ करना चाहिए तथा अपने कार्यक्षेत्र में समूह की महिलाओं एवं दूरस्थ क्षेत्रों की जनता तक सरकार की विकास योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, जिससे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिल सके। समापन सत्र में परियोजना निदेशक ने प्रशिक्षणार्थियों को परियोजना की गतिविधियों को समयबद्ध एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें उनके कार्यक्षेत्र, उद्यम स्थापना, व्यवसाय विकास, बाजार व्यवस्था एवं लाभ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गई। प्रशिक्षण एनआरएलएम द्वारा गठित एवं ग्रामोत्थान, रीप द्वारा अंगीकृत क्लस्टरों में नवनियुक्त कार्मिकों के लिए आयोजित किया गया है।



शैल से सटे जंगल में धधकी आग पर फायर सर्विस की टीम ने काबू पाया।

### शैल बैंड और कालीमठ से सटे जंगल में धधकी आग

**अल्मोड़ा** : जिले में वनाग्नि की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। बुधवार दिन में शैल और कालीमठ के जंगल में आग धधक उठी। सूचना पर फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया। अल्मोड़ा के जंगलों में बारिश के बाद फिर से वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गई है। बुधवार दिन में शैल बैंड और कालीमठ के जंगलों में अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग को बढ़ता देख लोगों में भी हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर सर्विस को दी। अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में फायर सर्विस की टीम ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। टीम में ओम प्रकाश, विपिन बडोला, जीवन जोशी, पूजा और चांदनी मौजूद रहे।

# भूकंप के दौरान राहत व बचाव की तैयारी परखी

- अल्मोड़ा जनपद में मॉकड्रिल का किया गया आयोजन

**संवाददाता, रानीखेत**

**अमृत विचार:** हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता और संभावित आपदाओं को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने भूकंपीय निगरानी तंत्र को मजबूत करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जनपद अल्मोड़ा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी अल्मोड़ा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर आयोजित इस मॉक ड्रिल के तहत विभिन्न आपदा परिदृश्यों का अभ्यास किया गया। तहसील रानीखेत के नवाब कॉम्प्लेक्स में भूकंप के कारण





रानीखेत में मॉक ड्रिल के दौरान घायल को उपचार के लिए ले जाते अग्निशमन कर्मी।

लोगों के दबने और शॉर्ट सर्किट से आग लगने की काल्पनिक सूचना पर फायर यूनिट ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और घायलों को उपचार के लिए भेजा।

तहसील द्वाराहाट क्षेत्र के दुर्णागिरी जंगल में आग लगने की सूचना पर फायर यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी की बौछार से आग को पूरी तरह बुझाया। वहीं तहसील सल्ट क्षेत्र में वाहन के गहरी खाई में गिरने की सूचना पर राहत एवं बचाव कार्य करते हुए घायलों को सुरक्षित सड़क तक पहुंचाकर उपचार के लिए भिजवाया गया।

आपदा पूर्व अभ्यास अभियान में फायर सर्विस, चिकित्सा विभाग, जल संस्थान, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, विकास विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस और एसएसबी सहित अन्य संबंधित विभागों ने प्रतिभाग किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय त्वरित और समन्वित कार्रवाई की तैयारियों का आकलन किया गया।

# दीपक बने जिलाध्यक्ष बहादुर खाती महामंत्री

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार:** जनपद में जिला ग्राम प्रधान संगठन का गठन किया गया। इस अवसर पर बैठक में क्षेत्र के कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से संगठन की नई कार्यकारिणी का चयन किया गया।

बैठक में आरे के प्रधान दीपक सिंह खेतवाल को संगठन का जिलाध्यक्ष चुना गया, जबकि बहादुर सिंह खाती को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा विपिन चंद्र, विजय गोस्वामी और योगेश सिंह धपोला को उपाध्यक्ष बनाया गया। महिला उपाध्यक्ष के रूप में इन्द्रा देवी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला कार्यकारिणी में राजेंद्र सिंह, योगेश जोशी और लक्ष्मण सिंह बोरा को सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में राजेंद्र सिंह जनौटी, सह मीडिया प्रभारी के रूप में नीमा पपोला और नीमा देवी को जिम्मेदारी दी गई है। कोषाध्यक्ष का दायित्व नंदन रौतेला को सौंपा गया है। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और पंचायतों की आवाज को मजबूत करने का संकल्प लिया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक सिंह खेतवाल ने कहा कि सभी प्रधानों को साथ लेकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने संगठन के गठन को सकारात्मक पहल बताया।

**बैठक** उद्योग मित्र की बैठक में डीएम ने जिले के उद्यमियों के साथ किया संवाद, स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं को भी देखा

# जिलाधिकारी ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आयोजित उद्योग मित्र बैठक में जिले के उद्यमियों के साथ व्यापक संवाद किया गया। इस दौरान डीएम ने हस्तशिल्प, मसाले, ऊनी उत्पाद सहित स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं का अवलोकन करते हुए उनके विपणन और प्रोत्साहन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में सिंगल विंडो क्लीयरेंस, निजी औद्योगिक पार्क की स्थापना तथा फूड प्रोसेसिंग यूनिट के लिए भूमि उपलब्धता जैसे अहम बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। जिलाधिकारी ने





बागेश्वर में उद्योग मित्र की बैठक लेतीं डीएम आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षित पर्यटक गाइड के रूप में तैयार युवाओं की सूची शीघ्र प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित विभागों से व्यय की वसूली की जाएगी। इसके साथ ही उद्यम विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षित युवाओं का अलग से डेटाबेस तैयार किया जाए, जिससे भविष्य में उनका बेहतर उपयोग किया जा सके।

महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कविता भगत ने जानकारी दी कि पूर्व उद्योग मित्र बैठकों में उठाई गई समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और अधिकांश मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली के माध्यम से उद्यमियों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उनके उत्पादों को जिला स्तरीय खरीद प्रक्रियाओं में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही सभी उद्यमियों और उनके उत्पादों की एक कैटलॉग पुस्तिका तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि उन्हें व्यापक पहचान मिल सके।

बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए हथकरघा, हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग श्रेणी के पुरस्कारों की भी घोषमा की गई। हथकरघा में मीरा पंचपाल प्रथम, कलावती देवी द्वितीय, हस्तशिल्प में बसंतलाल प्रथम, प्रेमा परिहार द्वितीय, लघु उद्योग में सूरज प्रकाश सिंह प्रथम व हरि कर्म्याल द्वितीय रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, महाप्रबंधक कविता भगत, प्रबंधक अमित रावत, वरिष्ठ कोषाधिकारी कन्हैया लाल सरकी, होटल एसोसिएशन के शिरीष कपूर सहित अन्य अधिकारी, उद्यमी और शिल्पकार उपस्थित रहे।

# महिला रामलीला का मंचन आज से

- श्री राम संस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा समिति कर रही आयोजन
- नगर में शुभारंभ मौके पर निकाली जाएगी भव्य झांकी

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार:** श्री राम संस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा समिति की ओर से बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान महिला रामलीला मंचन को लेकर समिति के सदस्यों ने जानकारी दी। बताया कि गुरुवार को नगर में भव्य झांकी निकाली जाएगी। साथ ही शाम को मंच पूजन के साथ रामलीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

समिति की मुख्य संयोजक लता तिवारी ने बताया कि 19 मार्च से नगर के हुक्का क्लब में महिला रामलीला का मंचन किया जाएगा। बताया कि पहले दिन नगर के नंदा देवी मंदिर परिसर से मुरली मनोहर तक भव्य सांस्कृतिक झांकी निकाली जाएगी। शाम छह बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं, 20 मार्च शाम को विधिवत रामलीला का मंचन किया जाएगा, जो 27 मार्च तक चलेगी।

उन्होंने लोगों से महिला रामलीला मंचन को अधिकस से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। यहां प्रेस वार्ता में श्वेता पुनेठा, ज्योति त्यागी, गीता तिवारी, सपना सांगा, शगुन त्यागी आदि मौजूद रही।






अल्मोड़ा में महिला रामलीला मंचन को लेकर प्रेस वार्ता करतीं समिति की पदाधिकारी।

# अमृत विचार

गुरुवार, 19 मार्च 2026

भीतर के साथ बाहर का निश्चित विभाजन अगर बना रहे, तो हमारा जीवन सुविहित, सुश्रृंखलित, सुसंपूर्ण हो जाता है, किंतु वही हमारे जीवन में नहीं हो पा रहा है।
–रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार



## लारिजानी के बाद ईरान

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रभावशाली सचिव अली लारिजानी की हत्या ईरान की रणनीतिक सोच और निर्णय-प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। इससे पहले अली खामेनेई की हत्या ने जो नेतृत्व शून्य पैदा किया था, लारिजानी उस खाली स्थान को आंशिक रूप से भर रहे थे। अब उनका जाना उस शून्य को और गहरा कर देता है। लारिजानी भले ही प्रत्यक्ष सैन्य कमांडर नहीं थे, लेकिन वे ईरान की युद्ध, कूटनीति और सुरक्षा नीति के केंद्रीय सूत्रधार थे। उनकी भूमिका विचारधारा और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बनाने की थी। वे एक ऐसे नेता थे, जो कठोर बयानबाज़ी के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते थे, इसलिए उनकी मौत संस्थागत अस्थिरता के रूप में सामने आएगा।

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जो युद्ध और कूटनीति से जुड़े निर्णयों का केंद्र है, अब नेतृत्वहीनता की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में दो स्थितियां उभरती हैं- या तो कोई नया काबिल नेता उभरकर इस शून्य को भरे या फिर निर्णय-सत्ता धीरे-धीरे सैन्य प्रतिष्ठान, विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड के हाथों में अधिक केंद्रित हो जाए। लारिजानी के रहते ईरान ने 'नियंत्रित टकराव' की नीति अपनाई थी, जहां वह अमेरिका और इजराइल से सीधे युद्ध से बचते हुए दबाव बनाए रखता था, लेकिन अब यह संतुलन बिगड़ सकता है। यदि नेतृत्व अधिक कट्टर या सैन्य-केंद्रित हाथों में चला गया, तो ईरान की रणनीति अधिक आक्रामक हो सकती है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर ईरान का रुख़ और सख़्त हो सकता है। लारिजानी इस मार्ग को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में देखते थे। उनके बाद यदि अधिक कठोर नेतृत्व सामने आता है, तो इस जलडमरूमध्य को बाधित करने या उसकी धमकी देने की नीति और तेज हो सकती है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, हालांकि ईरान की संस्थागत संरचना केवल एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा परिषद और धार्मिक नेतृत्व मिलकर सत्ता का ढांचा बनाते हैं, इसलिए ईरान पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, यह मानना जल्दबाज़ी होगी, लेकिन नेतृत्व के स्तर पर स्पष्टता की कमी से निर्णय लेने की गति और दिशा दोनों प्रभावित होंगी। लारिजानी जैसे संतुलित और अनुभवी नेता का विकल्प खोजना आसान नहीं होगा। शीर्ष नेतृत्व के कमजोर होने की स्थिति में सैन्य इकाइयों को अधिक स्वायत्तता मिल सकती है। इससे युद्ध के मैदान में अधिक आक्रामक और असंगठित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं, जो संघर्ष को और जटिल बना देंगी। इसके बावजूद ईरान ने अब तक यह दिखाया है कि वह वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका हवाई क्षेत्र लगातार हमलों के लिए खुला रहना यह बताता है कि उसकी सैन्य सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में है।

ऐसे में कोई भी नया नेता तुरंत निशाने पर आ सकता है, जिससे नेतृत्व संकट और गहरा सकता है। लारिजानी की मौत के निर्णायक मोड़ के बाद आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस संकट को संस्थागत मजबूती से संभालता है या फिर वह अधिक सैन्यवादी और आक्रामक रास्ते पर आगे बढ़ता है, जिसका असर पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ेगा।

### प्रसंगवश

## भारत का सबसे पुराना कैलेंडर है विक्रम संवत

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही महाकाल कहा गया। इस जगत में जितनी भी जीवंतता है, वह भगवान सूर्य से प्राप्त होती हैं। सूर्य पृथ्वी के पिता हैं, ऋग्वेद में लिखा है, 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य ही गतिशील और स्थिर जगत की आत्मा हैं। इसका अर्थ हुआ कि सूर्य संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा, प्राण और जीवन शक्ति के मुख्य स्रोत हैं, जिनके बिना सृष्टि का अस्तित्व संभव ही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को आत्मा का कारक और पिता का द्योतक माना जाता है।

शायद उदित होते सूर्य को जल का अर्ध्य देने की सनातन परंपरा भी इसीलिए हमारे ऋषियों ने शुरू कराई थी। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। ब्रह्मा जी द्वारा घोषित इस सर्वश्रेष्ठ तिथि को प्रथम पद मिला, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व अर्थात वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है।




अंजनी निगम
वरिष्ठ पत्रकार


आजादी के बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय पंचांग तय करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' बनाई थी, जिसमें विश्व के सभी कैलेंडरों का अध्ययन करने के बाद माना गया कि विक्रम संवत सबसे अधिक वैज्ञानिक है, जिसे राष्ट्रीय संवत बनाना चाहिए। विक्रम संवत, ईसवी संवत से 57 साल पुराना था। दुर्भाग्य से भारत सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त वैज्ञानिक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के इस सुझाव को नहीं माना। संभवतः उस समय से लेकर अब तक की सरकारों पर पाश्चात्य का अधिक प्रभाव होने के साथ ही इच्छा शक्ति में कमी रही होगी, जो साहा कमेटी की रिपोर्ट नहीं लागू हो सकी।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था, 'यदि हमें गौरव के साथ जीने का भाव जगाना है, हम अपने दिलों में देशभक्ति के बीज को फलित करना चाहते हैं, तो हमें हिंदू राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियों की शरण लेनी होगी। बाहरियों की तिथियों पर भरोसा करने वाला गुलाम बन आत्म-सम्मान खो देता है।'

त्रेतायुग में वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ और रामराज्य की स्थापना हुई। द्वापर युग में पांडु पुत्र महाराज युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर का सम्राट बनने के 18 दिनों के बाद इसी दिन युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ किया और बाद में राजसूय यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बने। कलयुग में महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य के परम वैभवशाली इतिहास को भारत का अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

वास्तव में मालवा राज्य के शासक गर्दभिल्ल थे, स्वतंत्र राज्य मालवा पर शक राजा नहपान ने आक्रमण कर उनकी हत्या कर राज्य पर अधिकार कर लिया। उस समय गर्दभिल्ल की पत्नी वीरमती के दो पुत्र भर्तहरि और विक्रमसेन थे। शकों ने मालवा पर करीब 20 वर्ष शासन किया तब तक विक्रमसेन ने सेना एकत्र की और अपने राज्य को मुक्त करा महाकार की नगरी उज्जैन को राजधानी बनाया। या। उन्हीं महान सम्राट ने ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रम संवत का श्री गणेश किया था। इसी विक्रम संवत को भारतीय समाज ने मान्यता दी। क्या हम लोग विक्रम संवत 2083 को मनाकर उस चक्रवर्ती सम्राट का स्मरण नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## एशिया की अहम नस होर्मुज जलडमरूमध्य







जय प्रकाश पांडेय
लेखक


दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जो यूं सामान्य नजर आती हैं, लेकिन पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन उनसे जुड़ी होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य ऐसी ही एक जगह है।

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित होर्मुज़ जलडमरूमध्य वह पतला-सा समुद्री रास्ता है, जो आज वैश्विक ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण नाड़ियों में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा रोज़ इसी रास्ते से गुजरता है। तेल और गैस से भरे जहाज़ यहां से निकलते हैं और एशिया, यूरोप तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ते हैं, इसलिए जब इस रास्ते पर शांति रहती है, तो दुनिया के शहरों की रोशनियां जलती रहती हैं और उद्योगों की मशीनें चलती रहती हैं। जब इस रास्ते पर तनाव पैदा होता है, तो उसका असर केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता। उसकी लहरें बहुत दूर तक जाती हैं। कारखानों तक, बाजारों तक और अंततः घरों की रसोई तक।

पश्चिम एशिया में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने हाल के दिनों में यही स्थिति पैदा की है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ीं, तो समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गईं। कई शिपिंग कंपनियों ने जहाज़ों की गति धीमी कर दी। कुछ टैंकरों ने रास्ता बदल लिया और कुछ जहाज़ खाड़ी के बाहर ही सुरक्षा अनुमति का इंतज़ार करते दिखाई दिए। समुद्र में पैदा हुई यह अनिश्चितता सीधे उन देशों को प्रभावित करती हैं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में है।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। देश हर साल लगभग 31–32 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी खपत करता है, लेकिन इस गैस का बड़ा हिस्सा भारत को बाहर से मंगाना पड़ता है। अनुमान है कि देश की कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 से 67 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा होता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यानी यह संकरा समुद्री रास्ता केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विषय नहीं है; यह भारतीय रसोई की स्थिरता से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

भारत की रसोई अब पहले से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ चुकी है। इसका मतलब यह है कि यदि दुनिया के किसी हिस्से में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर भारत में भी महसूस किया जाता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत में भी गैस आपूर्ति को लेकर चिंता दिखाई देने लगी। कई शहरों में सिलेंडर बुकिंग अचानक बढ़ गई। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं गैस की कमी न हो जाए। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। करोड़ों परिवारों की रसोई को चलाए रखना स्वाभाविक रूप से पहली जिम्मेदारी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया।

वाणिज्यिक एलपीजी, जिसका उपयोग होटल, रेस्तरां, छात्रावास और छोटे उद्योग करते हैं, सबसे पहले प्रभावित होने लगी। कई शहरों में भोजनालयों ने मेन्यू सीमित कर दिए। कुछ संस्थानों को वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य आधुनिक भारत की ऊर्जा कहानी की एक विचित्र विडंबना को सामने लाता है।

एक ओर हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर कभी-कभी रसोई में फिर से लकड़ी का चूल्हा जलता दिखाई देता है। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। गैस आपूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि उर्वरक संयंत्रों से लेकर सिरेमिक और वस्त्र उद्योग तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। तेल और गैस की कीमतों में थोड़ी-सी वृद्धि भी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाती है। इससे आयात बिल बढ़ता है और महंगाई पर दबाव भी बढ़ता है।

भारत के लिए यह संकट एक और कारण से संवेदनशील है। खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वे हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, इसलिए पश्चिम एशिया की स्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी कारण भारत को इस पूरे संकट में अत्यंत सावधानी से संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर वैश्विक रणनीतिक साझेदारियां हैं, दूसरी ओर ऊर्जा और व्यापारिक हित।


इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा प्रश्न सामने आता है- क्या भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी उन समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है? ऊर्जा आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन संकट अक्सर हमें यह दिखा देते हैं कि हमारी कमजोरियां कहाँ हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में पैदा हुई हलचल ने हमें एक साधारण, लेकिन गहरा सच फिर से समझा दिया है।

यही कारण है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं रह जाती; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न बन जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य की संभावनाएं अवश्य दिखाते हैं, लेकिन वर्तमान में तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य की हर हलचल भारत के लिए केवल अंतर्राष्ट्रीय समाचार नहीं होती। वह हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि ऊर्जा की दुनिया में भूगोल और राजनीति कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। सच यही है कि दुनिया के किसी दूर समुद्र में पैदा हुई हलचल केवल नक्शे पर एक बिंदु की कहानी नहीं होती। उसकी प्रतिध्वनि हमारे शहरों के कारखानों में, बाजारों की कीमतों में और घरों की रसोई की आग में सुनाई देती है। होर्मुज़ की यह पतली जलधारा हमें बार-बार यह समझाती है कि वैश्विक राजनीति की सबसे दूर की लहर भी अंततः हमारे घर की देहरी तक पहुंच सकती है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। जहां तक हमारी बात है, हम लगातार काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बिना रुकावट के लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।
–भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में दो साल में ही हताशा का इतना भाव आ गया है कि वह सामान्य मानवीय संवेदनाओं को भी भूल चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के स्वास्थ्य पर जो बेहूदा टिप्पणी की, वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाली है।
–टीकाराम जूली, नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



## ईरानी तेल पर क्यों है अमेरिका की नजर




रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार


ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस एंड इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है।

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस और इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है, जिससे देश अपनी गतिविधि को आराम से चलाते रहे हैं। रसायन विज्ञान के अनुसार सभी जगह का कच्चा पेट्रोलियम तेल एक समान तरलता वाला और गुणवत्ता का नहीं होता। जमीन से निकाला जाने वाला कच्चा तेल हज़ारों हाइड्रोकार्बन अणुओं का मिश्रण है, जो कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की आपस में जुड़ी श्रृंखलाएं होती हैं। धरती के गर्भ में पहले से यह अनेक रासायनिक क्रियाओं, गर्मी और दबाव से बना, विशाल मात्रा में मौजूद है और बनता भी रहता है।

हाइड्रोकार्बन्स की छोटी श्रृंखलाएं हल्की होती हैं और परिष्कृत होने पर पेट्रोल और जेट ईंधन बनाती हैं। लंबी, भारी श्रृंखलाएं धीमी होती हैं और उन्हें तोड़ना महंगा होता है, इसलिए अंततः वे कम मूल्य वाले डामर या ईंधन तेल के रूप में ज़्यादातर इस्तेमाल होती हैं। जब कच्चा तेल रिफाइनरी में प्रवेश करता है, तो यह एक ऊंचे आसवन टॉवर से गुज़रता है और क्वथनांक के आधार पर छांटा जाता है। हल्के अणु ऊपर उठते हैं और प्रीमियम ईंधन बन जाते हैं। भारी अणु नीचे बैठ जाते हैं। रिफाइनरी का काम ऊपर से निकलने वाले कच्चे तेल की मात्रा को अधिकतम करना है। किसी भी कच्चे तेल की दो सबसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता विशेषताएं घनत्व और सल्फर की मात्रा हैं।

हल्के और कम सल्फर वाले कच्चे तेल आमतौर पर अधिक कीमत वाले होते हैं, क्योंकि इनसे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अधिक आसानी से और सस्ते में किया जा सकता है। घनत्व को एपीआई ग्रेविटी का उपयोग करके मापा जाता है, जो अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एक पैमाना है। इसे इस प्रकार समझें कि पानी की एपीआई ग्रेविटी 10 होती है और 10 से अधिक ग्रेविटी वाला कोई भी पदार्थ पानी पर तैरता है तो उसे तेल माना जाता है।

दस से ऊपर संख्या जितनी अधिक होती है, कच्चा तेल उतना ही हल्का होता है। एपीआई ग्रेविटी 25 डिग्री से कम भारी से लेकर 35 डिग्री से अधिक घनत्व तक होती है। ईरानी लाइट 33 और 36 के बीच है, जो मध्यम और हल्के के बीच की सीमा पर स्थित है। अधिकांश रिफाइनरियां इसी उपयुक्त स्तर को पसंद करती हैं। ईरानी लाइट, ईरान का प्रमुख निर्यात ग्रेड कच्चा तेल है, जिसमें सल्फर की मात्रा 1.36 से 1.5 प्रतिशत तक होती है। कम सल्फर वाले कच्चे तेल को स्वीट कहा जाता है और उच्च सल्फर वाले कच्चे तेल को खट्टा (सोर)। इसके आसवन से लगभग 20 प्रतिशत हल्के अंश और 50 प्रतिशत मध्य आसुत प्राप्त होते हैं।

मध्य आसुत वे उत्पाद हैं, जो आसवन टॉवर के मध्य भाग से निकाले जाते हैं। डीजल, जेट ईंधन और हीटिंग ऑयल, जो विश्व स्तर पर लगातार सबसे अधिक लाभदायक ईंधन हैं। इन आंकड़ों को मिलाकर देखें, तो प्रत्येक बैरल का लगभग 70 प्रतिशत प्रीमियम ईंधन बन जाता है। ईरान से आपूर्ति बंद होने पर रिफाइनरी इंजीनियरों की चिंता का कारण यही रूपांतरण दर है। अर्थात दूसरी जगह के तेल में रूपांतरण दर निश्चित तौर से कम होगी और उत्पादन घटेगा। सल्फर की मात्रा का महत्व होने का एक दूसरा कारण भी है, जिसका कीमत से कोई लेना-देना नहीं है। जब सल्फर युक्त कच्चे तेल को बिना उपचार के जलाया जाता है, तो यह सल्फर डाइऑक्साइड गैस छोड़ता है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे रोकने के लिए, रिफाइनरियां ईंधन के पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही सल्फर को अलग कर देती हैं, जिसे हाइड्रोडीसल्फराइजेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु उत्प्रेरकों अर्थात मेटल कैटेलिस्ट्स की उपस्थिति में, 450 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान और 100 वायुमंडल तक के दबाव पर हाइड्रोजन गैस के साथ तेल की प्रतिक्रिया कराकर कच्चे तेल में मौजूद सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है।

यह कारगर तो है, लेकिन महंगा, ऊर्जा-गहन और विशेष औद्योगिक उपकरणों की आवश्यकता वाला भी है। सल्फर की मात्रा जितनी कम होगी, उपकरणों की आवश्यकता भी उतनी ही कम होगी। सल्फर की 1.36 से 1.5 प्रतिशत मात्रा के साथ, ईरानी लाइट एक प्रबंधनीय सीमा में आता है, जिसे एशिया भर की अधिकांश मध्यम-जटिलता वाली रिफाइनरियां बिना किसी बड़े अतिरिक्त निवेश के संभाल सकती हैं। इरानी तेल को संभालना आसान है, क्योंकि यह इतना हल्का है कि इसे सस्ते में संसाधित किया जा सके और इतना भारी कि उन सभी प्रकार के ईंधनों का उत्पादन कर सके, जिनके लिए बड़ी, जटिल रिफाइनरियां बनाई गई थीं। ईरानी कच्चा तेल केवल तेल मात्र नहीं है, बल्कि यह वह सामान है, जिसके इर्द-गिर्द ही वैश्विक रिफाइनिंग प्रणाली की पूरी संरचना निर्मित की गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## सबसे महंगा गाना

मुगल-ए-आज़म फिल्म में एक दृश्य है, जिसमें अनारकली और सलीम एक-दूजे से मिलते हैं। उनके बीच कोई संवाद नहीं है। रोमांस है और बैकग्राउंड में शास्त्रीय गायन चल रहा है। कहानी के मुताबिक उस वक्त तानसेन गायन कर रहे थे। के आसिफ ये सोचकर परेशान थे कि इस दृश्य में तानसेन के स्तर की गायकी करने के लिए भला किस गायक को लिया जाना चाहिए। उन्होंने अपने मन की बात नौशाद साहब से कही, 'किससे गायकी कराई जानी चाहिए।'




रंजन शर्मा
रिटायर अफसर


नौशाद बोले, 'कायदे से तो उन्हें ही करनी चाहिए, जिन्हें आज के ज़माने का तानसेन कहा जाता है।' के आसिफ ने पूछा, 'कौन हैं वो?'

'उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ान, लेकिन वो फिल्मों के लिए गाते नहीं हैं।' नौशाद ने जवाब दिया।

दोनों खां साहब से मिलने पहुंचे। उस्ताद ने इंकार करते हुए कहा, 'भई फिल्मों में मैं नहीं गाता।' उस्ताद ने जैसे ही इंकार किया, के आसिफ बोल पड़े, 'खां साहब। गाना तो आप ही गाएंगे।' के आसिफ के इस अंदाज़ से उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां झुंझला गए। उन्होंने नौशाद साहब से पूछा, 'ये कौन साहब हैं? नौशाद ने बताया, 'ये ही फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं।'

उस्ताद बोले, 'कोई भी हों। मैंने जब मना कर दिया कि मैं नहीं गाऊंगा तो फिर ये क्यों ज़बरदस्ती कर रहे हैं?' नौशाद कुछ बोलते इससे पहले ही के आसिफ फिर से बोले, 'गाना तो आप ही गाएंगे।' उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ा हैरान थे। उस्ताद नौशाद का बाज़ू पकड़कर उन्हें बालकनी में ले गए और बोले, 'मैं इतनी कीमत मांगता हूं कि ये सुनकर खुद ही भाग खड़ा होगा।' इस पर नौशाद साहब ने कहा, 'हुज़ूर ये तो आप बोल सकते हैं। ये आपका हक है। अपनी गायकी की कीमत आप खुद ही तय कीजिए।'

उस्ताद वापस कमरे में आए और के आसिफ से बोले, 'ठीक है जनाब। मैं आपकी फिल्म में गाऊंगा, लेकिन एक गाने के 25 हज़ार रुपये लूंगा।'

नौशाद साहब ये सुनकर अपने कानों पर यकीन नहीं कर पाए, क्योंकि ये वो ज़माना था, जब बड़े-बड़े प्लेबैक सिंगर पांच सौ से एक हज़ार रुपये ही चार्ज करते थे। नौशाद जी को लगा कि यकीनन अब तो के आसिफ अपनी ज़िद को साइड में रख देंगे।

के आसिफ उस्ताद की बात सुनकर बोले, 'अजी आपकी तो कोई कीमत ही नहीं है। आप तो अनमोल हैं। ठीक है। बात पक्की। के आसिफ ने तुरंत ही दस हजार एडवांस दे दिए।' **–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पीरियड लीव: सुप्रीम कोर्ट का फैसला और वैश्विक परिप्रेक्ष्य

13 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की नीति को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने के कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि इस प्रकार का प्रावधान कानून के रूप में लागू किया गया, तो कई नियोक्ता महिलाओं को रोजगार देने से ही हिचक सकते हैं, जिससे उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पेड पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग वाली याचिका सुनने से इंकार कर दिया और इस मुद्दे पर व्यावहारिक चिंताओं को सामने रखा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं, इसलिए सरकार सभी हितधारकों से चर्चा कर इस विषय पर कोई नीति बनाने पर विचार कर सकती है। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों को यह सुझाव दिया कि वे इस अभ्यावेदन पर विचार करें और विभिन्न पक्षों से परामर्श करके नीति का प्रारूप तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए हर महीने कुछ दिनों का अवकाश दिया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने यह भी बताया कि केरल सरकार ने स्कूलों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू की है और देश की कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से 'पेड पीरियड लीव' दे रही हैं।




सुनील कुमार महला
लेखक


वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाओं का मानना है कि इस विषय में एक संतुलित या मध्य मार्ग होना चाहिए। उनके अनुसार 'पीरियड लीव' को अनिवार्य बनाने के बजाय वर्क फ्रॉम होम या फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर्स का विकल्प दिया जाना चाहिए। इससे महिला का काम भी प्रभावित नहीं होगा और उसे कार्यालय के तनावपूर्ण वातावरण से राहत भी मिल सकेगी। उनका यह भी मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उनकी पेशेवर गरिमा भी बनी रहेगी। कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, ऐंठन, मतली और माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में लगातार काम करना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन हो सकता है।

यदि हम देशों की बात करें तो जापान में वर्ष 1947 से ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है। यह छुट्टी वेतन सहित होगी या नहीं, यह कंपनी की नीति पर निर्भर करता है। दक्षिण कोरिया में महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन की मेंस्ट्रुअल लीव का अधिकार प्राप्त है। इंडोनेशिया के श्रम कानून में भी महिलाओं को मासिक धर्म के पहले दो अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। जांबिया में 'मदर्स डे लीव' के नाम से हर महीने एक दिन की पीरियड लीव दी जाती है, जिसके लिए चिकित्सकीय प्रमाणपत्र की आवश्यकता भी नहीं होती। स्पेन ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023 में 'पेड पीरियड लीव' को कानूनी मान्यता प्रदान की, जिससे गंभीर मासिक धर्म पीड़ा से पीड़ित महिलाएं चिकित्सकीय सलाह के आधार पर अवकाश ले सकती हैं। मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य और गरिमा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न देशों और संस्थानों में इसके प्रति जागरूकता और नीतिगत पहल लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### टेलीविजन

टेलीविजन शब्द की उत्पत्ति भाषा और विज्ञान के अद्भुत मेल की कहानी है। 'टेलीविजन' शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'दूर', जबकि 'विजन' लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस तरह 'टेलीविजन' का शाब्दिक अर्थ हुआ-दूर की वस्तुओं को देखना। 19 वीं और 20 वीं सदी के दौरान जब वैज्ञानिक संचार तकनीकों पर काम कर रहे थे, तब एक ऐसी मशीन की कल्पना की गई, जो दूर बैठे स्थानों के दृश्य को तुरंत दिखा सके। कई वैज्ञानिकों के प्रयासों के बाद यह तकनीक विकसित हुई और पहली बार चलती-फिरती तस्वीरों को दूर तक प्रसारित करना संभव हुआ। इस नई खोज के लिए ऐसा नाम चाहिए था, जो इसकी विशेषता को स्पष्ट करे, इसलिए 'टेलीविजन' शब्द चुना गया। धीरे-धीरे टेलीविजन हर घर का हिस्सा बन गया और सूचना, मनोरंजन तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा। आज भी यह शब्द हमें यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने कैसे दूरी की सीमाओं को खत्म कर दुनिया को एक साथ जोड़ दिया है।



## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेला



- 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजिन किया जाएगा। मेले में झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को मौका मिलेगा। रोजगार मेले से युवाओं को सीधे कंपनी से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 100 से अधिक कंपनियां और नियोक्ता शामिल होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना, आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार पाने का मौका मिल सकेगा।

### राहत भरी खबर

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) और परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, पहले यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

# इंटर बाद के लिए उभरता करियर ऑप्शन
# विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी

आज के दौर में जब हर व्यवसाय अपनी पहचान तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बनाता है, तब विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी केवल शौक नहीं रह गए हैं। यह एक ऐसा पेशेवर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें रचनात्मकता के साथ-साथ अच्छी आय और वैश्विक अवसर भी मौजूद हैं। 12 वीं के बाद करियर चुनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह समझना जरूरी है कि फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।



शैलेश गोयल
डायरेक्टर
आईआईपी एकेडमी

### बदलते दौर में विजुअल कंटेंट की बढ़ती जरूरत



आज हर कंपनी अपने उत्पाद या सेवा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, सोशल मीडिया रील्स, डिजिटल विज्ञापन, वेबसाइट विजुअल, कैटलॉग और ब्रांड स्टोरी टेलिंग का सहारा लेती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी (IIP) के संस्थापक निदेशक राजेश गोयल कहते हैं, "फोटोग्राफी के बिना किसी उत्पाद या सेवा का प्रभावी विजुअल कम्युनिकेशन करना लगभग असंभव है।" दरअसल फोटोग्राफी केवल कैमरा चलाने का कौशल नहीं है। यह लाइटिंग, कंपोजिशन, विजुअल नैरेटिव और सौंदर्यबोध को विकसित करने की प्रक्रिया है, जो आगे चलकर फिल्म, विज्ञापन, डिजाइन और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी होती है।

### बढ़ता बाजार और नए अवसर

भारत का मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। हाल के उद्योग आकलनों के अनुसार 2024 में यह क्षेत्र लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और इसमें डिजिटल मीडिया सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर दिन भारी मात्रा में नए विजुअल कंटेंट की जरूरत होती है। इसी कारण फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइन से जुड़े पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही क्रिएटर इकोनॉमी भी तेजी से विकसित हो रही है। लाखों कंटेंट क्रिएटर और डिजिटल ब्रांड्स के बढ़ने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह क्षेत्र ट्रिलियन-डॉलर से अधिक के उपभोक्ता बाजार को प्रभावित कर सकता है।





### सफलता की वास्तविकता

फोटोग्राफी में सफलता का कोई निश्चित प्रतिशत नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार असफलता का मुख्य कारण यह होता है कि कई छात्र केवल कैमरा चलाना सीखते हैं, लेकिन पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट मैनेजमेंट, सही मूल्य निर्धारण और किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित नहीं कर पाते। जो छात्र मजबूत बुनियादी प्रशिक्षण, वास्तविक प्रोजेक्ट्स, मेंटरशिप और इंडस्ट्री अनुभव के साथ आगे बढ़ते हैं, उनके सफल होने की संभावना अधिक होती है।

### फोटोग्राफी में करियर के विविध रास्ते

- फोटोग्राफी कई अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है।
- कमर्शियल फोटोग्राफी में प्रोडक्ट, ई-कॉमर्स, फूड, ऑटोमोबाइल और विज्ञापन से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल होते हैं।
- फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में मॉडल, सेलिब्रिटी, मैगजीन और एडिटोरियल शूट किए जाते हैं।
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर फोटोग्राफी में इमारतों, होटलों और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की तस्वीरें ली जाती हैं, जबकि ड्रोन फोटोग्राफी भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।
- मीडिया और डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफी में फोटो जर्नलिज्म, ट्रैवल और स्पोर्ट्स फोटोग्राफी शामिल हैं।
- इसके अलावा फाइन आर्ट फोटोग्राफी, म्यूजियम डॉक्यूमेंटेशन और गैलरी इमेजिंग जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।
- डिजिटल युग में कुछ नई भूमिकाएं भी सामने आई हैं जैसे एआई-असिस्टेड इमेजिंग स्पेशलिस्ट, विजुअल स्टोरीटेलर और कंटेंट प्रोड्यूसर।

### नई शिक्षा नीति और रचनात्मक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 में भी रचनात्मक शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन पर जोर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को कला, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल के साथ तैयार करना है।

इस दृष्टि से देखा जाए, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र अब केवल वैकल्पिक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विकल्प बनते जा रहे हैं।

**संस्थान चुनते समय क्या देखें :** किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का चयन करते समय छात्रों और अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए।

क्या वहां केवल कैमरा संचालन सिखाया जाता है या कॉन्सेप्ट और क्रिएटिव थिंकिंग भी विकसित की जाती है।

क्या छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है।

क्या संस्थान के पास पूर्व छात्रों का मजबूत नेटवर्क और उपलब्धियां हैं।

क्या प्रशिक्षण में पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट हैंडलिंग और फ्रीलांसिंग की जानकारी दी जाती है।

### छात्रों के लिए चार सरल कदम

विशेषज्ञों के अनुसार कक्षा-12 के बाद फोटोग्राफी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को चार कदमों पर ध्यान देना चाहिए-

- अपना क्षेत्र चुनें-जैसे कमर्शियल, फैशन, डॉक्यूमेंट्री या फाइन आर्ट।
- मजबूत पोर्टफोलियो बनाएं-12 से 20 अच्छी तस्वीरें, सैकड़ों साधारण तस्वीरों से बेहतर होती हैं।
- मेंटर्स से फीडबैक लें-सीखने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन जरूरी है।
- कमाई का रास्ता बनाएं-इंटर्नशिप, असिस्टेंटशिप और फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करें।



### बदलती सोच का समय

डिजिटल युग में तस्वीरें और विजुअल कंटेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यवसाय, संचार और ब्रांड निर्माण का शक्तिशाली माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र में रचनात्मक दृष्टि, तकनीक सीखने की इच्छा और मेहनत करने का जज्बा है, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी उसके लिए एक सार्थक और संभावनाओं से भरा करियर साबित हो सकता है।

## कैंपस का पहला दिन

# झिझक से आत्मविश्वास तक का सफर

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में मेरा पहला दिन, पहला दिन नहीं था, बल्कि मेरे उस सपने की पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने बचपन से अपनी आंखों में सजाया था- एक पत्रकार बनने का सपना। जब मैं ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के परिसर में पहुंची, तो मेरे कदम थोड़े डगमगा रहे थे और दिल की धड़कनें तेज थीं। मन में कई सवाल थे- क्या मैं इस नई दुनिया में खुद को ढाल पाऊंगी? क्या मुझे अच्छे दोस्त मिलेंगे? क्या मैं अपने सपनों के इस सफर में सफल हो पाऊंगी?



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

ओरिएंटेशन और शुरुआती सत्र के दौरान जब हमारे शिक्षकों ने हमसे संवाद किया, तो पत्रकारिता को लेकर मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने समझाया कि पत्रकारिता केवल माइक थामने या कैमरे के सामने खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक अटूट जिम्मेदारी है। सच को सामने लाना, लोगों की आवाज बनना और निष्पक्षता के साथ अपनी बात रखना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान होती है। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

पहली क्लास खत्म होने के बाद, जो झिझक मेरे मन में थी, वह धीरे-धीरे कम होने लगी। कॉलेज की कैंटीन और गलियारों में मेरी मुलाकात अपने सहपाठियों से हुई। हम सब अलग-अलग जगहों से आए थे, लेकिन हम सबके बीच एक बात समान थी, वो थी दुनिया को बदलने का जज्बा और कुछ नया सीखने की चाह। बातचीत के दौरान हम अपने-अपने सपनों और उम्मीदों को साझा करने लगे। बातों-बातों में कब अजनबी सहपाठी दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। उस अपनत्व ने मेरे मन का डर काफी हद तक दूर कर दिया।

कॉलेज का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग, इन सबने मेरे पहले दिन को यादगार बना दिया। हर कोना जैसे कुछ नया सिखाने को तैयार था और हर चेहरा एक नई कहानी कह रहा था। मुझे यह महसूस होने लगा कि मैंने अपने जीवन की सही दिशा चुन ली है। शाम को जब मैं कॉलेज से घर के लिए निकली, तो मेरे पास केवल किताबों का बोझ नहीं था, बल्कि एक नई सोच, आत्मविश्वास और बड़े इरादे भी थे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के उस पहले दिन ने मुझे यह सिखाया कि पत्रकारिता का रास्ता चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह सम्मान, जिम्मेदारी और समाज सेवा से भरा हुआ है।




## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रीक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- हाल ही में यूनिक्लो ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी 16 मार्च 2026 को घोषित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और भारतीय क्रिकेट स्टार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है।
- हाल ही में साउथ इंडियन बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहयोग से नई ईपीएफ भुगतान सेवा शुरू की है। इस सेवा के माध्यम से नियोक्ता अब कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का भुगतान सीधे बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म SIBerNet के जरिए कर सकेंगे, जिससे वैधानिक भुगतान अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस पहल की घोषणा 12 मार्च 2026 को की गई, जो बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- हाल ही में विश्व बैंक, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल को "उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम" कहा जाता है, जिसमें 299 .66 मिलियन डॉलर का निवेश शामिल है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित उपायों के माध्यम से बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है।

## जॉब अलर्ट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-275
- वेतन- 48480 - 120940 प्रति माह
- योग्यता- AICTE/UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/IT/ECE/E&TC/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E./B.Tech या MCA
- आयु सीमा- स्केल I- अधिकतम 30 वर्ष, स्केल II/III- अधिकतम 35 वर्ष, स्केल IV- अधिकतम 45 वर्ष
- अंतिम तिथि- 23 मार्च 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम- असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
- पदों की संख्या- 11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या- CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2/शुरुआती




- वेतन: 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक)
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- अंतिम तिथि-14-06-2026
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in

### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद का नाम-कांस्टेबल (पशु चिकित्सा, ड्राइवर, ट्रेड्समैन और नर्सिंग अर्दली)
- श्रेणी- ग्रुप 'C' नॉन-गजटेड (कॉम्बैटाइज्ड), नॉन-मिनिस्टीरियल
- पदों की संख्या-827 पद
- वेतन-लेवल-3, 21,700-69,100 (7वां CPC)
- नौकरी का स्थान-भारत में कहीं भी / SSB की आवश्यकतानुसार भारत के बाहर भी
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन
- चयन प्रक्रिया-PET, PST, लिखित परीक्षा, ट्रेड/कौशल परीक्षण, दस्तावेज़ीकरण और चिकित्सा परीक्षण

# एआई और हिंदी : रोजगार के नए क्षितिज

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहक और प्रगति का आधार होती है। आज जब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति (Industry 4.0) के दौर से गुजर रही है, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने मानव जीवन के हर पहलू को स्पर्श किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा होने के नाते, हिंदी के लिए यह समय एक ऐतिहासिक मोड़ है। अक्सर यह कहा जाता है कि तकनीक भाषाओं को मिटा देगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। एआई ने हिंदी के लिए संभावनाओं के वे द्वार खोल दिए हैं, जो पहले बंद थे। आज हिंदी केवल साहित्य या बोलचाल तक सीमित नहीं है, यह डेटा, कोडिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा बन रही है। एक हिंदी भाषी व्यक्ति तकनीक के इस युग में न केवल प्रासंगिक रह सकता है, बल्कि एआई को अपना हथियार बनाकर वैश्विक बाजार में रोजगार के नए और आकर्षक अवसर पैदा कर सकता है।



प्रो .मीना यादव
हिंदी विभाग
बरेली कॉलेज बरेली




### हिंदी और एआई का संगम

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) वह तकनीक है, जिसने मशीनों को हिंदी व्याकरण, मुहावरे और शब्दावली समझने की शक्ति दी है। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई (चैटजीपीटी) जैसी कंपनियां हिंदी डेटा पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंदी का विशाल डेटा सेट तैयार करना और उसे मशीनों के लिए सुलभ बनाना आज एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन चुका है।

### एआई के माध्यम से हिंदी में उभरते रोजगार के क्षेत्र

एआई ने हिंदी को सॉफ्ट स्किल से बदलकर एक तकनीकी स्किल में तब्दील कर दिया है। इसके अंतर्गत रोजगार के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं।

#### भाषा डेटा वैज्ञानिक और एनोटेटर

एआई मॉडल को सिखाने के लिए सटीक हिंदी डेटा की आवश्यकता होती है। हिंदी वाक्यों को व्याकरण के साथ टैग करना और भावनाओं की पहचान करना आज एक बड़ा करियर विकल्प है।

#### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

एआई टूल्स से सही काम करवाने की कला। विज्ञापन एजेंसियां और कंटेंट हाउस ऐसे विशेषज्ञों को खोज रहे हैं, जो एआई का उपयोग कर कम समय में सटीक हिंदी विज्ञापन, स्क्रिप्ट या रिपोर्ट तैयार कर सकें।

#### वॉयस टेक्नोलॉजी और स्पीच रिकग्निशन

एलेक्सा और सिरी जैसे असिस्टेंट के लिए हिंदी वॉयस देना, उच्चारण सुधारना और मशीन को स्थानीय बोलियों का लहजा समझाना।

#### चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट डेवलपर

बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हिंदी में बातचीत करने वाले चैटबॉट्स की स्क्रिप्ट लिखना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से सही बनाना।

#### अनुवाद और स्थानीयकरण 2.0

अब केवल अनुवाद नहीं, बल्कि 'मशीन ट्रांसलेशन पोस्ट-एडिटिंग' (MTPE) का दौर है। एआई द्वारा अनुवादित सामग्री की जांच करना और उसे मानवीय संवेदनाएं देना एक उच्च-भुगतान वाला कार्य बन गया है।

#### तकनीकी कौशल और चुनौतियां

हिंदी को रोजगारपरक बनाने के लिए केवल भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। युवाओं को ChatGPT, Gemini और Canva AI जैसे टूल्स का कुशल उपयोग सीखना होगा।

### एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर

एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह भाषा और तकनीक के बीच की उस खाई को पाट रहा है, जिसने दशकों से हिंदी भाषियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रखा था। आज एक अनुवादक, लेखक या शिक्षक एआई की मदद से अपनी कार्यक्षमता को दस गुना बढ़ा सकता है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें हिंदी के प्रति भावुकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता को भी अपनाना होगा। यदि हम अपनी भाषाई जड़ों को मजबूती से थामे रखकर एआई जैसे आधुनिक उपकरणों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो हिंदी न केवल भारत की अस्मिता बनी रहेगी, बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। भविष्य उनका है, जो भाषा की गरिमा और तकनीक की गति, दोनों को साथ लेकर चलेंगे।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,704.13 | 23,777 |
| बढ़त | 633.295 | 196.65 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.83 |

सोना 1,60,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,56,500 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, गुरुवार, 19 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445 निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल (प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी** –पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4360

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 155900, सोना गिन्नी जेवर 151900, चांदी (पक्की) 2540 (अनुमानित)

## बरेली मंडी

### गोदरेज ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन खरीदी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने कहा कि कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपये है।

# पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर मिलेगी ज्यादा एलपीजी

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर सुझाया फार्मूला, 30 प्रतिशत तक दी जाएगी कॉमर्शियल एलपीजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा-एलपीजी सीमित, लेकिन पीएनजी आपूर्ति निर्बाध जारी

केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया।

केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है।

उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किराये/पट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनर्स्थापन योजनाओं की अनुमति देते हैं।



शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग 93 प्रतिशत तक बढ़ गई है लेकिन उपभोक्ता अब भी डीलर के यहां पर कतार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद प्रतीक्षा करें। सिलेंडर उनके घर पहुंचाए जाएंगे। घबराहट में बुकिंग करने या एलपीजी वितरकों के पास जाने की जरूरत नहीं है। एलपीजी पर दबाव कम करने के लिए सरकार वाणिज्यिक एवं घरेलू एलपीजी उपयोगकर्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। शहर गैस वितरण कंपनियां प्रोत्साहन दे रही हैं और जल्द ''कनेक्शन'' प्रदान कर रही हैं।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुधवार को पत्र लिखकर कहा कि राज्य सरकारों को शुल्क कम करना चाहिए। शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा 12.63 करोड़ घरेलू ''कनेक्शन'' देने की प्रतिबद्धता के बावजूद अब तक केवल 1.6 करोड़ पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### अधिक एलपीजी का फार्मूला

पाइपलाइन बिछाने के लिए आवेदन करने के 24 घंटे बाद सभी पुराने आवेदनों व नए आवेदनों को स्वतः सीजीडी अनुमति देने वालों को दो प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सीजीडी इकाइयों के लिए ''खुदाई व पुनर्स्थापन योजना'' लागू करते हैं, तो उन्हें एलपीजी की तीन प्रतिशत अतिरिक्त आपूर्ति मिलेगी जिससे वे सड़कों आदि की खुदाई व पुनर्स्थापन स्वयं कर सकेंगे और इस प्रकार पुनर्स्थापन शुल्क समाप्त हो जाएगा। मित्तल ने कहा कि जो राज्य सीजीडी नेटवर्क बिछाने/संचालन के लिए वार्षिक किराया/पट्टा शुल्क को शून्य कर देते हैं, उन्हें चार प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त होगी।

### पेट्रोल-डीजल में आत्मनिर्भर, एटीएफ भी पर्याप्त

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से माल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण, भारत ने आपूर्ति को सीमित कर दिया है। इसके अलावा, खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है। विमान ईंधन (एटीएफ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।

### पड़ोसी देशों से पहले घरेलू ईंधन की आपूर्ति भारत की प्रथम प्राथमिकता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल-पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है।

## एफएफएफएआई का युद्ध जोखिम अधिभार के खिलाफ सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री मालभाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

एफएफएफएआई ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम 'कवरेज' की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं।

# सीसीपीए के जुर्माने के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेटा

## कहा-ईमार्केट नहीं, बल्कि केवल एक नोटिस बोर्ड है फेसबुक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के उस आदेश को बुधवार को चुनौती दी, जिसमें फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी की कथित अनधिकृत बिक्री एवं सूचीबद्धता को लेकर उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के पास फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का स्वामित्व है। मेटा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अमेजन और फ्लिपकार्ट के विपरीत, फेसबुक कोई ई-मार्केट नहीं है बल्कि केवल एक 'नोटिस बोर्ड' हैं। इसलिए वह सीसीपीए के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मेटा की याचिका को 25 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि आदेश को 'अधिकार क्षेत्र से परे' कैसे माना जा सकता है।




न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि इस मामले पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग क्यों विचार नहीं कर सकता।

मेटा की ओर से पेश रोहतगी ने तर्क दिया कि फेसबुक न तो खरीद-बिक्री का कोई तंत्र उपलब्ध कराता है और न ही उपयोगकर्ताओं से कोई 'कमीशन' लेता है, क्योंकि यह ई-कॉमर्स मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल फेसबुक उपयोगकर्ताओं के लिए एक 'नोटिस बोर्ड' है। हम कोई दुकान नहीं हैं।

कोई व्यावसायिक बिक्री की अनुमति नहीं है। कोई शुल्क नहीं लिया जाता। हम किसी से शुल्क नहीं लेते।'

आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए मेटा की याचिका में दावा किया गया कि सीसीपीए ने इस 'अमान्य' आधार पर कार्रवाई करके अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम किया कि फेसबुक मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स के लिए कानूनी ढांचे के अधीन और उसके द्वारा शासित है।

### ये था सीसीपीए का आदेश

सीसीपीए ने एक जनवरी 2026 को पारित अपने आदेश में कहा था कि मेटा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उसके नियमों एवं सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों का उल्लंघन किया है, क्योंकि उसने फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी को बिना अनिवार्य खुलासों के सूचीबद्ध होने दिया।

## शेयर हेरफेर: 8 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ जुर्माना पांच साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12% वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।

नियामक ने मंगलवार को पारित अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा कि ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। सेबी ने पाया कि साजिश में आपस में जुड़े संगठनों के बीच ट्रेडिंग करना शामिल था जिसका उद्देश्य कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करना था।

# शेयर बाजार गुलजार: सेंसेक्स 633 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतों में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान के बीच, शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार तीसरे दिन उनकी बढ़त जारी रही। आईटी शेयरों में तेजी के कारण घरेलू बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला।बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत और जापान का निक्की 2.87 प्रतिशत मजबूत हुए। चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,225.32 करोड़ के शेयर खरीदे।



- कच्चे तेल में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान से लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में रही तेजी

**नए वित्तीय वर्ष में नए नियम**

# सिर्फ आधार से नहीं बनेगा पैनकार्ड सरकार ने बदली आवेदन प्रक्रिया

सरकार ने पैन कार्ड यानि स्थायी खाता संख्या के आवेदन प्रक्रिया में बड़े बदलाव की घोषणा की है। नए नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू होंगे, जिसके बाद केवल आधार कार्ड के आधार पर पैन कार्ड के लिए आवेदन नहीं हो सकेगा। सरकार समर्थित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

बताया कि फिलहाल 31 मार्च 2026 तक नागरिक केवल आधार के जरिए पैन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए नियम अनिवार्य हो जाएंगे और उसी के अनुसार पैन के लिए आवेदन किया जा सकेगा।




**पहली अप्रैल से लागू होंगे नए नियम**

### इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

- जन्म प्रमाण पत्र
- वोटर आईडी
- मैट्रिक प्रमाण पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- शपथ पत्र (अफिडेविट)
- अन्य सरकारी दस्तावेज

### सरकार की अपील

- सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपने पैन से जुड़े काम पूरे कर लें, ताकि बाद में अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत से बचा जा सके।

### ये होंगे बदलाव

- एक अप्रैल 2026 के बाद केवल आधार से पैन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन के साथ जन्मतिथि का प्रमाण देना जरूरी होगा।
- नए पैन आवेदन फॉर्म लागू होंगे, पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे।
- पैन कार्ड में दर्ज नाम को आधार के अनुसार ही रखा जाएगा।

### फर्जी ईमेल से सावधान रहने की चेतावनी

लोगों को साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि 'ई-पैन डाउनलोड' के नाम पर फर्जी ईमेल और मैसेज भेजे जा रहे हैं। ऐसे किसी भी लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें। पैन कार्ड वित्तीय और बैंकिंग लेन-देन के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जबकि आधार 12 अंकों की एक यूनिक पहचान संख्या है, जिसे यूआईडीएआई द्वारा जारी किया जाता है। इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

### इन पोर्टल्स के जरिए कर सकते हैं आवेदन

- इनकम टैक्स विभाग का ई-फाइलिंग पोर्टल
- प्रोटियन (पूर्व में NSDL eGov)
- यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (UTIITSL)

### अमेजन पर 'रेडी टू ईट' उत्पादों की बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली।** एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान के बीच ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर तत्काल उपयोग के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन इंडिया ने बुधवार को कहा कि एलपीजी संकट पैदा होने के बाद इंस्टेंट नूडल्स, डिब्बाबंद खाना, स्नैक्स और पेय पदार्थ जैसी श्रेणियों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी देखी गई है। यह मांग केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई के साथ सोनीपत और पणजी जैसे छोटे शहरों में भी देखी जा रही है।

**एक्शन** | गलत तरीके से बेची थी पॉलिसी, अब 25 हजार ग्राम पंचायतों को मिलेगा 100 प्रतिशत बीमा कवर

# रिलायंस, एसबीआई सहित 5 बीमा कंपनियों पर 8 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गलत तरीके से पॉलिसी बेचने और नियमों के उल्लंघनपर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ जैसी पांच बड़ी कंपनियों पर करीब आठ करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, इंश्योरेंस मार्केट का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार अब 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा है कि बीमा कंपनियों की किसी भी गड़बड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इंश्योरेंस रेगुलेटर (आईआरडीएआई) ऐसी कंपनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। सीतारमण ने उन गड़बड़ियों की सूची भी बताई जिन पर सरकार की पैनी नजर है-

**बिना सहमति बीमा:** अगर ग्राहक की मर्जी के बिना पॉलिसी थमाई गई, तो जुर्माना लगेगा।

**गलत जानकारी और क्लेम में देरी:** पॉलिसी बेचते समय फीचर्स छिपाना या गुमराह करने वाले दावे करना। साथ ही परिपक्वता यानी मैच्योरिटी क्लेम के निपटारे में देरी या ब्याज न देना भी जांच के दायरे में आएगा।

**प्रीमियम का गलत आवंटन:** अगर प्रीमियम के पैसों का हिसाब सही नहीं रखा गया, तो रेगुलेटर एक्शन लेगा।




### 25 हजार गांवों पर फोकस

अब सरकार बीमा (इंश्योरेंस) को देश के दूर-दराज के गांवों तक पहुँचाने के लिए एक नया तरीका अपना रही है। इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीए के नए नियमों के अनुसार अब इंश्योरेंस की पहुंच को 'ग्राम पंचायत' के आधार पर मापा जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार 25,000 ग्राम पंचायतों को खास तौर पर चुना गया है, जहां बीमा का दायरा बढ़ाया जाएगा। सरकार का वास्तविक उद्देश्य है कि गांव-गांव और समाज के हर वर्ग तक 100% बीमा की सुविधा पहुंच सके।

### 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने

वित्त मंत्री ने देश में स्वास्थ्य बीमा की स्थिति पर लिखित डेटा भी पेश किया। बताया कि 28 फरवरी 2026 तक देशभर में 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। बताया कि 2.51 करोड़ व्यक्तिगत पॉलिसियों के जरिए करीब 6 करोड़ लोग कवर हैं। साथ ही 13.05 लाख ग्रुप पॉलिसियों के तहत 27.51 करोड़ सदस्यों को सुरक्षा मिली हुई है। ईएसआईसी में 14.91 करोड़ लाभार्थी और सीजीएचएस में करीब 43 लाख (पेंशनर्स सहित) लोग कवर हैं।

### किस पर कितना जुर्माना

| वित्त वर्ष 2023-24 | जुर्माना |
|---|---|
| रिलायंस जनरल इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| बजाज फाइनेंस | 2 करोड़ |
| एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| एसबीआई लाइफ | एक करोड़ |
| रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस | एक करोड़ |

### सीधे कर सकते हैं शिकायत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जनता से अपील की कि अगर कोई बीमा कंपनी नियमों का पालन नहीं करती या परेशान करती है, तो चुप न बैठें। लोग सीधे आईआरडीएआई से संपर्क कर सकते हैं या सरकारी शिकायत पोर्टल CPGRAMS का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेगुलेटर सिस्टेमैटिक तरीके से हर शिकायत की जांच करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बेनामी लेनदेन में 20 लाख रुपये बरामद

**करीमनगर।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित रिश्वतखोरी और बेनामी लेनदेन मामले में आबकारी निरीक्षक और एक सरकारी शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसीबी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, करीमनगर अर्बन के आबकारी निरीक्षक श्री गुंडेटी रामू और जगत्याल जिले के मल्लियाल मंडल स्थित एमपीपीएस ओबुलापुर के सेकेंडरी ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को 17 मार्च को रात लगभग 8 :25 बजे आय से अधिक संपत्ति और अवैध धनराशि के मामले में पकड़ा गया। एसीबी ने खुलासा किया कि वेमुलावाड़ा में एसएचओ के रूप में तैनाती के दौरान निरीक्षक ने 2022 से 2024 के बीच एक गुड़ व्यापारी से नियमित रूप से अवैध धन वसूला। यह राशि कथित रूप से शिक्षक के माध्यम से ली जाती थी, जो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था और लेनदेन यूपीआई के जरिए किये जाते थे।

### अमेरिकी वायु अड्डे पर गोलीबारी में एक मरा

**अलामोगोर्डो।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको स्थित वायु सेना के एक अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। वायु सेना अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि अलामोगोर्डो शहर के निकट होलोमन वायु सेना अड्डे पर एक हमलावर के मौजूद होने की खबरों के कारण मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे उसे बंद कर दिया गया। गोलीबारी में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब अड्डा सुरक्षित है और उसे खोल दिया गया है। बयान में कहा गया है कि आपातकालीन कर्मी स्थिति से निपट रहे हैं और कोई खतरा नहीं है।

### एफबीआई ने वांछितों पर इनाम को बढ़ाया

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल भगोड़ों के बारे में सूचना देने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 10 लाख अमेरिकी डॉलर कर दी है। इस सूची में 11 साल पुराने हत्या के मामले में फरार एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और इसमें पहली बार किसी साइबर अपराधी को भी शामिल किया गया है। एफबीआई के आपराधिक प्रभाग के सहायक निदेशक हीथ आर. जानके ने यहां कहा कि 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में फरार हुए तीन आरोपियों ने नामों को पिछले सप्ताह जोड़ा गया था और सूचीबद्ध किए जाने के तुरंत बाद उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश कोर्ट में नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई पूरी

- दाखिल याचिका में प्रत्यर्पण मामला पुन: खोलने की मांग

**लंदन, एजेंसी**

फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई लंदन के उच्च न्यायालय में पूरी हो गई जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण याचिका पर फिर से विचार किए जाने का अनुरोध किया था। इस अर्जी में दावा किया गया है कि भारत में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान उसे यातना दिए जाने का खतरा है।

रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में अपील की सुनवाई कर रहे लॉर्ड जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने मंगलवार को दिनभर चली सुनवाई के अंत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

स्टुअर्ट-स्मिथ ने कहा कि यह मामला मोदी और भारत से आए




भारतीय अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यथाशीघ्र फैसला सुनाएंगे। भारत में करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मुकदमे में वांछित हीरा कारोबारी उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिये सुनवाई में पेश हुआ।

## क्यों राख में तब्दील हो रहीं जिंदगियां

भारत में आग की घटनाएं अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलताओं का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली के पालम इलाके और इंदौर के तिलक नगर में हुए भीषण अग्निकांडों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में कई मासूमों और परिवारों ने अपनी जान गंवा दी। दिल्ली में एक बहुमंजिला इमारत में आग से 9 लोगों की मौत हुई, जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने 7 की जान ले ली। तकनीक और विकास के इस दौर में हम आग जैसी बुनियादी आपदा से निपटने में इतने असहाय क्यों हैं? क्या हमारी सुरक्षा प्रणालियां केवल कागजों तक सीमित हैं? दिल्ली और इंदौर की घटनाओं ने उजागर किया है कि अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन निकासी के अभाव ने इमारतों को 'डेथ ट्रैप' बना दिया है।

## अग्नि तांडव-सुरक्षा तंत्र



### मौत का मंजर और चूक के बिंदू

- बिल्डिंग बॉयलाज का उल्लंघन : हालिया घटनाओं में सबसे बड़ी चूक बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन और अवैध भंडारण रहा है।
- दिल्ली (पालम हादसा) : इमारत में कॉस्मेटिक और बिजली के तारों का स्टॉक था, जिसने आग को तेजी से भड़काया। एकमात्र सीढ़ी होने के कारण लोग इमारत में ही फंस गए और कई लोग काल के गाल में समा गए।
- इंदौर (तिलक नगर) : घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे वहां रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। ● निकासी मार्ग का अभाव :इमारतों में केवल एक ही प्रवेश/निकास द्वार होना। ● अवैध व्यावसायिक उपयोग : आवासीय क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। फायर विभाग से एनओसी लिए बिना संचालन।

### देश के इतिहास में सबसे भीषण अग्निकांड

- भारत ने पिछले तीन दशकों में कई ऐसे हादसे देखे हैं जिन्होंने सुरक्षा नियमों को बदलने पर मजबूर किया, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी अधूरा है।
- डबवाली स्कूल अग्निकांड (1995) : हरियाणा के सिरसा में एक वार्षिक उत्सव के दौरान लगी आग में 442 लोगों (ज्यादातर बच्चे) की जान गई थी।
- उपहार सिनेमा (1997) : दिल्ली के ग्रीन पार्क में 'बॉर्डर' फिल्म के शो के दौरान आग लगी, जिसमें 59 लोग मारे गए। मुख्य कारण निकास द्वारों का बंद होना था।
- कुंभकोणम स्कूल (2004) : तमिलनाडु में स्कूल में मिड-डे मील की रसोई से लगी भीषण आग में 94 बच्चों की मौत हुई
- आमरी अस्पताल, कोलकाता (2011) : अस्पताल के बेसमेंट में आग के कारण 89 मरीजों की मौत।

### भारत में सुरक्षा बनाम अन्य देश

- भारत में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) 2016 मुख्य मार्गदर्शिका है, लेकिन यह केवल सिफारिशी है, अनिवार्य नहीं।
- भारत की स्थिति : राज्यों के अपने कानून हैं, लेकिन उनमें एकरूपता की कमी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आज भी ठोस फायर सेफ्टी कानून का अभाव है।
- यूनाइटेड किंगडम : ब्रिटेन यानी यूनाइटेड किंगडम में 'फायर रिस्क असेसमेंट' अनिवार्य है और उल्लंघन किए जाने पर जेल भेजने का प्रावधान है।
- अमेरिका : एनएफपीए मानकों के अनुसार, होटलों में निकास मार्ग की दूरी अधिकतम 23 मीटर होनी चाहिए, जबकि भारत में यह 30 मीटर तक मान्य है।

# ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से मौजूदा संघर्ष को बताया एक संक्षिप्त अभियान

- सुनिश्चित करेंगे कि संघर्ष के बाद ठीक से संचालित हो ईरान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस संघर्ष को एक संक्षिप्त अभियान बताया और संकेत दिया कि यह कुछ हफ्तों में समाप्त हो सकता है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बीते समय की बात कर रहे थे या आने वाले समय की।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अभी हटने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन बहुत जल्द वापसी कर सकता है। ट्रंप ने युद्ध के बाद की योजनाओं पर पूछे जाने पर केवल सामान्य रूपरेखा दी और कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि संघर्ष के बाद ईरान ठीक से संचालित हो। ट्रंप ने वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या पर टिप्पणी करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे कूटनीति जटिल हो गयी है और हमें नहीं पता कि बातचीत किससे करें।

नाटो को लेकर अपनी आलोचना दोहराते हुए ट्रंप ने सहयोगियों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रयास का समर्थन न करने पर नाराजगी जताई और यूरोपीय देशों के रुख को बहुत बड़ी गलती बताया। उन्होंने ब्रिटेन और फ्रांस का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर समर्थन नहीं दे रहे हैं, जो एक बड़ी गलती है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बारे में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले संकेत दिया था कि पेरिस और लंदन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी पहल में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फ्रांस ने कहा है कि वह नौसैनिक एस्कॉर्ट मिशन पर तभी विचार करेगा जब तेहरान के साथ तनाव कम होगा। वहीं ब्रिटेन ने सैन्य अभियानों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि अन्य एशियाई और यूरोपीय सहयोगी भी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन जैसे खाड़ी देशों की रक्षात्मक तैयारियों की सराहना की।



### अप्रयुक्त हथियारों से हमले का जवाब देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपने अभियान में ऐसे हथियारों को तैनात करने की योजना बना रही है जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया है। यह बात बुधवार को ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कही। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के भीतर कई ठिकानों पर हमले कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जान गयी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल के इलाके और पश्चिमी एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### यूएई ने की ईरान के हमलों की कड़ी निंदा

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का घोर उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। नाहयान ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों पर हमले किए गए।

# मोदी ने 59 सांसदों को दी विदाई बोले-राजनीति में फुल स्टॉप नहीं

- राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को भावभीनी विदाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को एक खुला विश्वविद्यालय करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं – पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाई में बिताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें मृदुभाषी और विनम्र लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है।

### राज्यसभा का सदन एक खुला विश्वविद्यालय



प्रधानमंत्री ने कहा एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं।

# स्वेच्छा से देश छोड़ने पर अवैध प्रवासियों को देंगे 2600 डॉलर

- अमेरिकी गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर की बोनस की पेशकश

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर भारत सहित अन्य देशों के अवैध अप्रवासियों को मुफ्त में स्वदेश भेजने के साथ-साथ 2600 अमेरिकी डॉलर का निर्वासन बोनस देने की पेशकश की है। अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों को लक्षित करके शुरू की गई स्व-निर्वासन पहल को बढ़ावा देने के लिए ताजमहल और कोलंबिया और चीन के प्रमुख स्थलों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया है।

डीएचएस ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि सीबीपी होम (अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा विकसित ऐप) का उपयोग करके स्वयं को निर्वासित करने पर आपको घर वापसी की मुफ्त उड़ान और 2,600 अमेरिकी डॉलर का निकासी बोनस मिलेगा।

प्रोजेक्ट होमकमिंग नामक यह पहल पिछले साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद शुरू की गई थी। डीएचएस ने प्रवासियों को प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीपी ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है, जिससे वे स्वेच्छा से देश छोड़ने के अपने इरादे के तहत पंजीकरण कर सकें, अपने विवरण जमा कर सकें और यात्रा सहायता और कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी कर सकें। डीएचएस के मुताबिक जनवरी 2025 में योजना के शुरू होने के बाद से 22 लाख से अधिक अवैध अप्रवासियों ने लाभ उठाया है।

## ऊर्जा संकटः यूएस ने दी जहाजरानी प्रतिबंधों में ढील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए देश के भीतर तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की शिपिंग पर लगे प्रमुख प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस निर्णय की जानकारी दी है। अमेरिकी प्रशासन ने जहाजरानी संबंधी कानून 'जोन्स एक्ट' में अगले 60 दिनों के लिए छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के बाद अब विदेशी झंडे वाले जहाजों को भी अमेरिकी बंदरगाहों के बीच तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और कोयले जैसी वस्तुओं के परिवहन की अनुमति होगी। आमतौर पर जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल की ढुलाई केवल अमेरिका में पंजीकृत और निर्मित जहाजों द्वारा ही की जा सकती है।

# राजपाल यादव की सजा एक अप्रैल तक निलंबित

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, अभिनेता को जेल नहीं भेजेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता राजपाल यादव की सजा को निलंबित रखने की मियाद एक अप्रैल तक बढ़ाते हुए कहा कि चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा क्योंकि उन्होंने 'पर्याप्त' भुगतान कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय सुनवाई अदालत के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई करेगा और अंततः फैसला सुनाएगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने अभिनेता के वकील को दलीलें पेश करने को कहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं आपकी मुख्य याचिका सुन रही हूं। मैं उन्हें अभी जेल नहीं भेज रही हूं। उन्होंने काफी बड़ी रकम का भुगतान कर दिया है। मैं इस मामले पर फैसला करूंगी।



अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए यादव से कहा कि उनके पास पैसा लौटाने या मामले को चुनौती देने का विकल्प है।

शिकायतकर्ता का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि सजा को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ उनका आवेदन लंबित है। अदालत ने रेखांकित किया कि यादव पहले ही 4.25 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता। वह भाग नहीं रहे हैं...।

## म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन, ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष:** आज कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष:** आज अपने रसूख के कारण आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**कर्क:** आज दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह:** आज अकारण लोगों से विवाद हो सकता है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। भाग्य का साथ न मिलने से काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कन्या:** आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**तुला:** आज सुबह काम का तनाव रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक:** आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। व्यापार को लेकर आपके मन में आइडियाज आते रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु:** आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे।


**मकर:** आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कुंभ:** आज आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।

**मीन:** आज आपको जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 06 .52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 20 मार्च 04 .52 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेष, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तर भाद्रपद 20 मार्च 04 .05 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

### सुडोकू -93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

## अफगानिस्तान में नशामुक्ति केंद्र पर हमले की जांच हो

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तानी हवाई हमले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है। इस हमले में करीब 400 लोगों की मौत और 250 के घायल होने की खबर है। यूएनएचसीएचआर के प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने कहा कि इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

**साक्षात्कार**

**ईरानी विदेशमंत्री बोले-नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद हम पहले की नीति पर कायम**

# ईरान की परमाणु नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं : अराघची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अराघची ने अल जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि 2000 के दशक की शुरुआत में तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा जारी एक धार्मिक फतवे में सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब ईरान बाहरी दुनिया को नीति की निरंतरता का संकेत देना चाहता है, हालांकि मौजूदा सैन्य दबाव के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था इस सिद्धांत की व्याख्या कैसे करेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो



उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फतवे उस इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है" और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी, हालांकि नेतृत्व परिवर्तन से कुछ हद तक रणनीतिक अनिश्चितता भी उत्पन्न हुई है। यह मुद्दा वर्तमान संघर्ष के केंद्र में बना हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे पश्चिमी देश तथा इजरायल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण

ईरान, अमेरिका-इजरायल और अन्य देशों के परमाणु हथियार विकसित करने के आरोपों से इनकार करता रहा है और अपने परमाणु कार्यक्रम को ऊर्जा एवं अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है। इस तरह की जानकारी है कि उसने उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन किया है और उसके पास बड़े यूरेनियम के विशाल भंडार मौजूद हैं।



"यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। लेकिन मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा।
–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 19 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी : सिंधु



**गुरुग्राम, एजेंसी**

**• पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में बातचीत के दौरान शिक्षा के महत्व पर दिया जोर**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है। क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है।

पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी।

इस खिलाड़ी ने कहा आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।

उन्होंने कहा कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं।

ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।

## हाईलाइट

### जापान-ऑस्ट्रेलिया में होगा महिला एशिया कप खिताबी मुकाबला

**सिडनी।** खिताब की प्रबल दावेदार जापान की टीम ने बुधवार को सिडनी में दक्षिण कोरिया को 4–1 से आसानी से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात यहाँ सेमीफ़ाइनल में मौजूदा चैंपियन चीन को 2–1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिको उएकी और माइका हमानो ने शुरुआती 25 मिनट में गोल किए, जिसके बाद साकी कुमागाई ने मैच खत्म होने से 15 मिनट पहले हेडर से गोल करके जापान की सेमीफाइनल में शानदार जीत लगभग पक्की कर दी। पूरे मैच के दौरान सटीक पासिंग और बेहतरीन नियंत्रण के साथ खेलते हुए, जापान ने शनिवार को सिडनी में 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) के खिलाफ होने वाले फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### मारिन ने विश्व कप व एशियाई खेलों के लिए टीम की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।

### शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर और भी मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष–20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष –10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष–20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था जितना शीर्ष–10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।

### मंधाना ने 2025 विश्व कप जीत का श्रेय टीम की तैयारी को दिया

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने बीसीसीआई नमन अवॉड्‌र्स में 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला)' का खिताब जीतकर अपने शानदार सीजन का समापन किया। उन्होंने विश्वकप जीत का श्रेय टीम की मेहनत और तैयारी को दिया। यह साल मंधाना के लिए निजी उपलब्धियों और वैश्विक मंच पर भारत की जीत, दोनों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। उन्होंने व्यक्तिगत सम्मानों के बजाय टीम की सामूहिक सफलता को अधिक महत्व दिया। बीसीसीआई के एक वीडियो में मंधाना ने कहा यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा, क्योंकि मैं टीम के लिए जो कुछ भी कर सकती थी, मैंने किया।

# सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान किशन

## आईपीएल 2026 : नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे

**हैदराबाद, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, 'पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद ईशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सत्र की शुरुआत में ईशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

### आरसीबी में अब भी कोहली ही हैं मुख्य ताकत : डिविलियर्स

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के हमेशा बने रहने वाले प्रभाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कोहली को मौजूदा चैंपियन टीम की पहचान और सफलता के पीछे की मुख्य ताकत बताया है, चाहे वह मैदान के अंदर हो या बाहर। जैसे ही आरसीबी 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, 2025 में ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

### चक्रवर्ती और नारायण को ईडन गार्डन्स में अनुकूल पिच मिलनी चाहिए : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा है कि वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में भले ही कुछ खास नहीं रहा हो लेकिन 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह भारतीय रहस्मयी स्पिनर बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस टूर्नामेंट से संन्यास लेने से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले डु प्लेसी ने से कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच सुनील नारायण और चक्रवर्ती की गेंदबाजी के अनुकूल होनी चाहिए। डु प्लेसी ने कहा अगर मैं केकेआर टीम प्रबंधन का हिस्सा होता तो मैं ईडन गार्डन्स के मैदानकर्मियों से कहता कि पिच को स्पिन के अनुकूल बनाया जाए। केकेआर खुशकिस्मत है कि उसके पास चक्रवर्ती और नारायण जैसे दो शानदार गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा ये दोनों इस समय टी20 क्रिकेट के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से हैं। वरुण और नारायण, दोनों का प्रदर्शन असरदार होना जरूरी है। अगर वे ऐसी पिचों पर खेलते हैं जहां वे अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाते तो आप अपने इन दो सबसे बड़े हथियारों और अपनी सबसे बड़ी ताकत को खो देंगे।

### पोंटिंग ने यानसेन के देर से टीम से जुड़ने की दी छूट

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने टीम के साथ जमकर अभ्यास किया। एजेंसी



चैंपियंस लीग मैच के दौरान मुकाबला करते रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज और मैनचेस्टर सिटी के मैथ्यूज नून्स। एजेंसी

## चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड व पीएसजी

**मैनचेस्टर।** रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रियल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया।

# भारत थॉमस और उबेर कप में चीन के ग्रुप में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**थॉमस कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन
ग्रुप डी : इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।



**उबेर कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप डी : कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की।

थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ''ए'' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप ''ए'' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था। चीन के पास एक मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं। भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

**हॉकी विश्व कप**

**नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले**

# भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को एक ही ग्रुप में जगह

**एम्स्टर्डम, एजेंसी**

भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को इसी वर्ष नीदरलैंड्स व बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप के एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। 15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस वैश्विक आयोजन की ड्रॉ सेरेमनी मंगलवार को एम्स्टर्डम के वैगेनर स्टेडियम में हुई और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**पुरुष हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस व मलेशिया (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल सी** : ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड व दक्षिण अफ्रीका (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल डी** : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान व वेल्स (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : अर्जेंटीना, जर्मनी, अमेरिका व स्कॉटलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल सी – बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड व आयरलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल डी – चीन, इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**ग्रुप डी के सभी मैच नीदरलैंड्स में होंगे :** दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों – भारत व पाकिस्तान व इंग्लैंड व वेल्स के साथ पूल डी में जगह दी गई है। इस ग्रुप के सभी मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि क्रिकेट के, जहां भारत व पाकिस्तान कमोबेश हर विश्व कप में एक ही ग्रुप में होते हैं, उलट हॉकी में ये दोनों टीमें 2010 के बाद पहली बार विश्व कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**विश्व कप में 2010 के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी भारत-पाक टीमें :** पुरुषों हॉकी विश्व कप के इतिहास में भारत व पाकिस्तान पांच बार एक-दूसरे का सामना कर चुके हैं। भारत तीन जीत के साथ आगे है जबकि पाकिस्तान दो बार जीता है। भारत ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पिछले विश्व कप मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**2026 में दोनों टीमों की कम से कम तीन मुलाकातें होंगी :** हॉकी विश्व कप में मुकाबले के अलावा, भारत और पाकिस्तान इस वर्ष दो बार और एक-दूसरे का सामना करेंगे। विश्व कप में मुकाबले से पहले, दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग में दो बार खेलेंगी। इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स में चौथी मुलाकात की भी संभावना है।

**महिला वर्ग में भारत, चीन, इंग्लैंड व द. अफ्रीका एक ग्रुप में :** इस बीच पुरुष विश्व कप के अलावा महिला हॉकी विव कप के लिए भी ड्रॉ सेरेमनी हुई, जिसमें पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं कर पाया है। भारत, चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल D में है।